भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया 12:21 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 16, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल 16

पूजा ने फिल्म देवा की शूटिंग पूरी की 15

## एक नजर

### मणिपुर में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी का घर फूंका

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार सुबह फिर से आगजनी की घटना हुई। कुछ संदिग्ध लोगों ने एक सेवानिवृत पुलिस अधिकार के घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिले के जाकुरधोर क्षेत्र में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का मकान था। जिले में पिछली हिंसा के बाद परिवार ने यह मकान खाली कर दिया था। पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए तड़के करीब साढ़े तीन बजे मकान पर हमला किया और उसे जला दिया। यह मकान जिरीबाम जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दूर और हमार बहुल फेरजावल जिले के पास स्थित है।

### नगालैंड में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**दीमापुर।** नगालैंड के चुमुकेदिमा जिले में भारी बारिश के कारण मकानों और राष्ट्रीय राजमार्ग-29 के एक बड़े हिस्से के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद मिट्टी के मलबे में दबने से छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य स्थान पर राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे दीमापुर और नगालैंड की राजधानी कोहिमा के बीच सड़क संपर्क टूट गया। नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार राहत और बचाव प्रयासों के लिए केंद्र के साथ बातचीत कर रही है। रियो ने कहा, लगातार बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े पैमाने पर हुई तबाही से बहुत चिंतित हूं। अधिकारी मौके पर जाकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं और प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं।

### चिकित्सा की पढ़ाई कर रहा छात्र फंदे से लटका मिला

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएमसीएच) के 24 वर्षीय एक छात्र का शव उसके कमरे में फंदे से लटका पाया गया। यहां के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्र चिकित्सा पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को घटनास्थल से दो सुसाइड नोट बरामद हुए हैं और उसके परिजनों ने पुष्टि की कि ये सुसाइड नोट छात्र ने ही लिखे हैं। पुलिस के अनुसार, छात्र ने नोट में यह लिखा है कि वह गंभीर अवसाद में था और उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। अधिकारी ने कहा कि इन सुसाइड नोट की जांच की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## सिंगापुर में भव्य स्वागत



प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई दौरे के बाद बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मोदी भी कुछ अलग अंदाज में नजर आए और यहां मौजूद कलाकारों के साथ जमकर ढोल बजाया। इस दौरान लोगों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। मोदी सिंगापुर के व्यापारिक नेताओं से भी मिलेंगे और देश के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। एजेंसी

## अब अमृतसर के सरकारी मेडिकल कॉलेज की रेजीडेंट डॉक्टर से की गई छेड़छाड़

- महिला डॉक्टर ने गलत तरीके से छूने का लगाया आरोप मामला दर्ज

**अमृतसर।** यहां के गुरुनानक देव अस्पताल की एक रेजिडेंट डॉक्टर से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि अस्पताल से ड्यूटी के बाद जब वह पास में हॉस्टल जा रही थी तब एक व्यक्ति ने उनसे छेड़छाड़ की। व्यक्ति ने उनका पर्स छीन लिया और उन्हें गलत तरीके से छुआ। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है और जांच जारी है। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि जब वह हॉस्टल के निकट पहुंचीं तो बाइक पर सवार एक व्यक्ति ने उन्हें मेडिकल कॉलेज के परिसर में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। जब उन्होंने शोर मचाया तो वह व्यक्ति भाग गया। डॉक्टर ने बताया कि वह दिल्ली की रहने वाली हैं। अमृतसर के सहायक पुलिस आयुक्त मनिंदरपाल सिंह ने कहा कि इलाके का सीसीटीवी फुटेज निकलवाया गया है।

## ईपीएफओ पेंशनभोगी देश के किसी भी बैंक से ले सकेंगे पेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- श्रम मंत्री मंडाविया ने कहा-जनवरी से लागू होगी नई व्यवस्था

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनभोगी जनवरी से किसी भी बैंक या उसकी शाखा से पेंशन ले सकेंगे। श्रम मंत्री मंडाविया ने कहा कि यह व्यवस्था जनवरी से लागू होगी।

श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मांडविया ने ईपीएस 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वह ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड के चेयरपर्सन भी हैं। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान व्यवस्था से पूरे देश में किसी भी बैंक या किसी भी शाखा के माध्यम से पेंशन का वितरण हो सकेगा। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस-95 पेंशनधारकों को लाभ होने की उम्मीद है।

### वेरिफिकेशन होगा आसान

नई प्रणाली मौजूदा पेंशन वितरण प्रक्रिया से महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके तहत ईपीएफओ के प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालय को केवल तीन-चार बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते करने पड़ते थे। अब पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए बैंक शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी और भुगतान जारी होने पर तुरंत जमा कर दिया जाएगा।

### लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले- एरिया बांट कर होती थी वसूली

# भेड़ियों जैसा था चाचा-भतीजे का आतंक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव पर उनका नाम लिए बगैर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति प्रत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं को नियुक्ति पत्र क्यों नहीं मिलता था, क्योंकि इनकी नीयत साफ नहीं थी। चाचा और भतीजे में वसूली को लेकर होड़ रहती थी कि कौन कितना वसूल करेगा। एरिया बंटे हुए थे। आप देख रहे हैं कि इस समय कुछ आदमखोर भेड़िया उप्र के अंदर अलग-अलग जिलों में उत्पात मचा रहे हैं। कमोवेश यही स्थिति 2017 के पहले प्रदेश की थी। उन्होंने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वालों में कहीं चाचा तो कहीं भतीजे, महाभारत के सारे चरित्र शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने इस क्रम में युवाओं को आश्वस्त किया कि अगर आप में योग्यता और क्षमता है तो आपका चयन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे। जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे उनकी संपत्ति को कुर्क करके गरीबों में वितरित करने का भी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया आज जितनी पारदर्शी, निष्ठा और ईमानदारी के साथ हो रही है। उसी निष्ठा और ईमानदारी से कार्मिक कार्य करने लग जाएंगे तो अगले तीन चार साल में नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य हो जाएगा यूपी। नंबर एक की अर्थव्यवस्था का मतलब, हर हाथ को काम होगा, हर चेहरे पर खुशहाली होगी, हर बेटी सुरक्षित होगी, हर व्यापारी का सम्मान होगा, अन्नदाता किसान प्रसन्न होगा और चहुंओर खुशहाली होगी। योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, लोकनिर्माण विभाग के राज्य मंत्री ब्रजेश सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



प्रयागराज में रोजगार मेले के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### बेटियों के सम्मान पर हाथ डाला तो हाथ-पैर अलग हो जाएंगे

**फूलपुर/प्रयागराज।** प्रयागराज के फूलपुर में आयोजित रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि जो टीपू आज सुल्तान बनने का ख्वाब देख रहे हैं वह माफिया के सामने नाक रगड़ते हैं। इन्होंने माफिया को गले का हार बनाकर प्रयागराज के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। इतना ही नहीं, योगी ने अराजक तत्वों को ललकारते हुए कहा कि जिसने भी राह चलती बेटियों के सम्मान पर हाथ डालने की कोशिश की उसके हाथ-पैर अलग हो जाएंगे। हर नागरिक की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है जिसे किसी भी हद तक जाकर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो माफिया सिर उठाएगा उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा।

### अखिलेश ने कहा- सपा सरकार में बुलडोजर गोरखपुर में चलेगा, योगी बोले- हिम्मत चाहिए



**लखनऊ।** बुलडोजर एक्शन को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने भले ही संतुलित प्रतिक्रिया दी हो, लेकिन भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा इस मुद्दे पर एक दूसरे को घेरने से पीछे नहीं हट रहे। बुधवार को तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव बुलडोजर पर अपने-अपने बयानों को लेकर आमने-सामने आ गए। पहला बयान अखिलेश यादव का सामने आया। उन्होंने योगी पर सीधा प्रहार करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर बुलडोजर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। इससे पहले सपा प्रमुख ने यह भी टिप्पणी की थी कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रूख गोरखपुर की तरफ होगा। इसी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि माफियाओं, दंगाइयों व अपराधियों के सामने नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे? इसके लिए हिम्मत चाहिए। इन्हें तो बुलडोजर देखते ही हार्ट अटैक आ जाएगा। योगी ने यह कहते हुए भी चुटकी ली कि बुलडोजर पर प्रत्येक का हाथ सेट नहीं हो सकता।

## जाली करेंसी मामले में मदरसा सील, 630 छात्रों की तलाश

### तुर्किये, दुबई व सऊदी अरब के कनेक्शन आए सामने

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- प्रयागराज में पीडीए ने की कार्रवाई आईबी व एटीएस जांच में जुटीं



**अमृत विचार :** प्रयागराज के जिस मदरसे में जाली करेंसी छापी जा रही थी, उसे बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने सील कर दिया है। हॉस्टल में रहने वाले 70 बच्चों को उनके घरों को भेज दिया गया। बुधवार को प्रयागराज प्राधिकरण की टीम मदरसा पहुंची। गेट पर बोर्ड लगा दिया कि यह निर्माण अनधिकृत है, इसलिए इसे सील किया जा रहा है। उधर, इस मदरसा से तालीम लेने वाले 630 छात्रों की आईबी व एटीएस की टीम ने तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मदरसे में छह राज्यों से जुड़े छात्र पढ़ते थे। आरोप है मौलवी मो. तफसीरुल आरीफीन ने इन बच्चों का ब्रेनवॉश किया था।

उधर, आईबी की जांच में सामने आया कि मदरसा को तुर्किये, सऊदी अरब और दुबई में बैठे लोग पैसा भेज रहे हैं। हर साल करीब 48 लाख रुपये के ट्रांजैक्शन हो रहे थे। यह पैसा किन बैंक अकाउंट में आता था? कहां खर्च होता था? एजेंसियां जांच कर रही हैं। बता दें कि मौलवी के कमरे की जांच में कई आपत्तिजनक किताबें और तस्वीरें बरामद की गई हैं। सबसे चर्चा में वह किताब थी, जिसमें आरएसएस को देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन बताया गया था। इस किताब के लेखक एसएम मुशर्रफ, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (महाराष्ट्र) हैं। मूल किताब उर्दू भाषा में लिखी गई है। इसके हिंदी और मराठी अनुवाद वाली भी किताबें हैं।

यह किताब मदरसे के कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के कमरे से मिली है। मौलवी यह किताब बच्चों को पढ़ाता था। पूछताछ के दौरान मदरसा कमेटी से जुड़े शाहिद ने बताया विदेश और देश के अलग-अलग शहरों के लोग हम मदद के रूप में पैसे भेजते हैं। यह पैसा बच्चों की तालीम, उनके रहने-खाने पर खर्च होता है।

### कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद

## मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका को कर दिया था खारिज

**नई दिल्ली।** मुस्लिम पक्ष ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका प्रबंधन ट्रस्ट समिति, शाही ईदगाह मस्जिद ने वकील आरएचए सिकंदर के माध्यम से दायर की है। हाईकोर्ट ने यह कहकर मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है और इस दलील को खारिज कर दिया था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और निकटवर्ती मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू वादियों द्वारा दायर किए गए वाद उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं।

## सैम पित्रौदा बोले- राजीव गांधी से ज्यादा बुद्धिमान हैं राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रणनीति बनाने में भी बेहतर, भारत की अवधारणा का संरक्षक बताया

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को भारत की अवधारणा का संरक्षक बताया।

उन्होंने कहा कि राहुल अपने पिता से ज्यादा बुद्धिमान हैं और वह रणनीति बनाने के मामले में भी उनसे बेहतर हैं। शिकागो से एक साक्षात्कार में पित्रोदा ने जोर देकर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। पित्रोदा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इन आरोपों को झूठा करार देते हुए खारिज किया कि राहुल ने अपनी पिछली विदेश यात्राओं के दौरान भारत सरकार की आलोचना करने वाली टिप्पणियां की थीं। राजीव गांधी और राहुल गांधी के बीच समानताओं और अंतर के बारे में पूछे जाने पर पित्रोदा ने कहा कि उन्होंने राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह, वीपी सिंह, चंद्र शेखर और एचडी देवेगौड़ा सहित कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है। उन्होंने कहा मुझे कई प्रधानमंत्रियों के साथ बहुत करीब से काम करने का मौका मिला, लेकिन राहुल और राजीव के बीच अंतर शायद यह है कि राहुल कहीं अधिक बुद्धिमान और बेहतर रणनीतिकार हैं, राजीव काम करने में ज्यादा यकीन रखते थे।

## हरियाणा में विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 67 नामों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने 67 उम्मीदवारों की पहली सूची बुधवार को जारी की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की 29 अगस्त को हुई बैठक में इन नामों को स्वीकृति दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सूची में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी नाम है जिन्हें लाडवा से प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की पहली सूची में 67 नामों में से सात महिलाएं हैं।

## कोर्ट ने अधिवक्ताओं की उपस्थिति संबंधी अपने ही आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अपने उस फैसले को टालने पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि सुनवाई के दौरान अदालत में शारीरिक रूप से या ऑनलाइन मौजूद रहने वाले अधिवक्ता ही अदालत के रिकॉर्ड में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल के विशेष उल्लेख कर मुद्दे को सुलझाने के गुहार पर 29 अगस्त को पारित अपने आदेश को टालने पर सहमति जताई। पीठ ने आदेश को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। पीठ ने 29 अगस्त को निर्देश दिया था कि केवल वे अधिवक्ता ही मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं, जो सुनवाई के दौरान अदालत में शारीरिक रूप से या ऑनलाइन मौजूद होंगे (अदालती कार्यवाही, आदेश या निर्णय के रिकॉर्ड में)। यह आदेश आंशिक रूप से सुनवाई की गई अवमानना याचिकाओं के एक बैच की सुनवाई के दौरान पारित किया गया था।

### अनुपस्थित वकील ने नाम कर दिया था दर्ज

शीर्ष अदालत ने पाया था कि शहर में मौजूद नहीं रहने के बावजूद एक अधिवक्ता ने कार्यवाही के लिए उपस्थित होने वाले वकीलों की सूची में अपना नाम दर्ज किया था। उक्त वकील का नाम दिसंबर 2022 में शुरू किए गए एक ऑनलाइन पोर्टल एडवोकेट अपीयरेंस पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था जबकि वह अनुपस्थित रहा था।

## पोकर-रमी जुआ नहीं, कौशल के खेल

**संवाददाता, प्रयागराज**

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- खेलने की इजाजत देने से इनकार न करें



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक गेमिंग कंपनी द्वारा गेम जोन संचालित करने की अनुमति की मांग को खारिज करने के मामले में कहा कि पोकर और रमी जुआ नहीं बल्कि कौशल के खेल हैं। इन्हें सामाजिक शांति और सद्भावना में बाधा डालने वाले खेलों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और अन्य हाईकोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए प्राधिकरण को आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया, साथ ही निर्णय की तिथि से 6 सप्ताह के भीतर याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का भी निर्णय दिया। कोर्ट ने माना कि अधिकारियों को इस मुद्दे की गहन जांच करनी चाहिए। केवल अनुमान के आधार पर अनुमति देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मनोरंजक गेमिंग गतिविधियों को संचालित करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए अधिकारियों द्वारा ठोस तथ्य रिकॉर्ड पर रखने की आवश्यकता है। दरअसल 24 जनवरी 2024 को डीसीपी सिटी कमिश्नरेट, आगरा की ओर से जारी एक आदेश द्वारा गेमिंग कंपनी को एक गेम जोन संचालित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया, जहां पोकर और रमी खेल खेला जाना था। इस आदेश को चुनौती दी गई। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि केवल इस अनुमान के आधार पर अनुमति देने से इनकार करना कि ऐसे खेलों से शांति और सद्भाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है, गलत है। इस तरह की धारणाएं अनुमति देने से इनकार करने के लिए वैध कानूनी आधार निर्मित नहीं करती हैं।

### ज्ञान-विज्ञान

### यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने तस्वीर को कैमरे में उतारा

## मंगल ग्रह की कलह खोलती तस्वीर आई सामने

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की कलह खोलती तस्वीर सामने आई है, जो इस ग्रह के एक चांद व विशाल ज्वालामुखी के अलावा वातावरण की कहानी बयां करती है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने इस तस्वीर को कैमरे में उतारा है। मंगल की बारीकियों को समझने में यह तस्वीर बेहद मददगार साबित हो सकती है।

लालग्रह को हरे व नीले रंग में रंगने के लिए वैज्ञानिक आतुर हैं। फिलहाल इस ग्रह का वर्तमान बियाबान है , बेहद सूना और पृथ्वी की तुलना में नीरस है। जहां जीवन बसाने की कल्पना को यथार्थरूप देना पृथ्वी वासियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। जिस पार पाकर ही खगोल की दुनिया का आगे का सफर सुनिश्चित हो सकेगा।

बहरहाल मंगल की नई तस्वीर अद्भुत व अलौकिक है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान ने 13 जुलाई को इसे कैप्चर किया था। तस्वीर को स्पष्ट रूप देने के लिए एंड्रिया लक ने विस्तारित किया है। जिससे मंगल की वास्तविकता को आसानी से समझा जा सके। तस्वीर में मंगल के वातावरण में तैरते कणों को देखा जा सकता है। मंगल ग्रह के ऊपर काले रंग में मंडराता इसका बड़ा चंद्रमा फोबोस है। मंगल का यह चांद इतने करीब से गुजरता है कि भविष्य में यह मंगल से जा टकराएगा। संभवतः टकराने में लाखों साल का वक्त शेष हो। तस्वीर में हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलंपस मॉन्स नजर आ रहा है।



मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान के द्वारा ली गई मंगल ग्रह की नई तस्वीर। ● अमृत विचार

### कई और रहस्य आएंगे सामने

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मृत ज्वालामुखी के चोटी पर चढ़ने के मतलब अंतरिक्ष में पहुचना जैसा होगा। तस्वीर में एक किनारे पर नीले रंग में रंगा में मंगल का वातावरण नजर आता है। विविध स्वरूप लिए इस तरह की पहली तस्वीर सामने आने से वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके जरिए मंगल के कई और रहस्य सामने आएंगे।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार है।

35.2° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 50 | सूर्यास्त 06 : 24

## शहर में आज



- **सम्मान :** अवर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा शिक्षादानियों का सम्मान, बीकानेर रेस्टोरेंट, किदवई नगर दोपहर 3 बजे।
- **आगमन :** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का गंगा पुल पर आगमन, पूर्व अध्यक्ष महेश दीक्षित के निवास, सुबह 8 .30 बजे।
- **अन्न सेवा :** रजत जयंती महोत्सव वर्ष पर अन्न सेवा, गोयल ज्वैलर्स, बिरहाना रोड, 10 :30 बजे।

## एक नजर

### पूर्व पार्षद का निधन

**कानपुर।** भाजपा नेता व वार्ड 88 बसंत विहार से पूर्व पार्षद अनूप शुक्ला का आकस्मिक देहांत हो गया। अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह 8 बजे निज निवास से भगवतघाट को प्रस्थान करेगी। महेंद्र पांडे ने उनके निवास को जाने वाले मार्ग और वार्ड के किसी पार्क का नाम उनके नाम से करने की मांग की है।

# हैलट में वसूली करने के आरोप में पत्रकार पर रिपोर्ट दर्ज कराई

## रोगियों को नर्सिंग होम में अच्छे इलाज का लालच देकर बरगलाने का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कहा, प्रतिबन्धित स्थानों पर बिना अनुमति के प्रवेश कर जाते और फोटो खींचते
- प्राइवेट एंबुलेंस चालकों, मेडिकल स्टोर वालों से कमीशन लेते, स्टैंड से वसूली भी

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में रोगियों, तीमारदारों को निजी नर्सिंग होम में अच्छा इलाज का लालच देकर बरगलाने और साइकिल स्टैंड संचालक से वसूली के आरोप में पीएमएसएसवाई नोडल अधिकारी डॉक्टर मनीष सिंह ने पत्रकार जगदीश अवस्थी उर्फ जग्गू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

डॉक्टर मनीष सिंह ने स्वरूप नगर थाने में दर्ज एफआईआर में बताया कि जगदीप अवस्थी उर्फ जग्गू स्वयं को पत्रकार बताते हैं। वह आए दिन हैलट परिसर में स्थित न्यूरोसाइंस भवन में संचालित न्यूरोसर्जरी विभाग, पीएमएसएसवाई के अंतर्गत नवनिर्मित सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक, ट्रामा सेंटर के आईसीयू व वार्डों में आते हैं व रोगियों को भ्रमित करते हैं। आरोप है कि जगदीश रोगियों और तीमारदारों का उचित इलाज कराने के बदले रुपयों की मांग करते हैं। साथ ही रोगियों को प्राइवेट नर्सिंग



होम में जाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आरोप लगाया कि जगदीश की साठगांठ प्राइवेट एंबुलेंस चालकों से भी है। जगदीप अवस्थी ओपीडी में आने वाले रोगियों को हैलट के बाहर से कीमती दवाएं खरीदने को भी दबाव बनाते हैं। जिससे उन्हें मेडिकल स्टोरों से कमीशन भी प्राप्त होता है। डॉ मनीष सिंह ने साक्ष्य के रूप में एक फोटो भी दी है। डॉ मनीष सिंह का आरोप है कि वह अस्पताल के प्रतिबन्धित स्थानों पर भी बिना अनुमति के प्रवेश कर जाते हैं और फोटो खींचते हैं। किसी भी रोगी व तीमारदारों की अनुमति के बिना रोगी की पहचान व फोटो उजागर करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। उनको कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है कि कमरे की फ्लैश लाइट से रोगियों को मिर्गी के दौरे पड़ सकते हैं। यह भी संज्ञान में आया है कि जगदीप रोगियों की तस्वीरें खींचकर उनको ब्लैकमेल करवाके पैसों की मांग करता है। डॉक्टर ने आरोप लगाया कि जगदीप अवस्थी स्ट्रेचर से ले जाए जा रहे रोगियों को उनके तीमारदारों की गोद में रखवाकर उसी अवस्था में रोगियों की तस्वीरें लेते हैं और प्रकाशित करवाते हैं। जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि आरोपी जगदीश अवस्थी उर्फ जग्गू के खिलाफ रंगदारी, सरकारी कार्य में बाधा, धोखाधड़ी में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अधिवक्ता के प्लॉट पर कब्जा, मांगे 50 लाख

**कानपुर।** बुधवार को एक महिला अधिवक्ता प्लॉट पर कब्जे की शिकायत लेकर पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंची और तहरीर दी। जिसमें जांच के लिए निर्देश दिए गए हैं। रामकृष्ण नगर निवासी महिला अधिवक्ता ने बताया कि उनकी एक जमीन भाई के नाम पर थी जिस पर दूसरे अधिवक्ता और एक पत्रकार ने मिलकर कब्जा कर लिया। पत्रकार ने अपने नाम का बोर्ड भी लगा दिया था। बाद में बोर्ड हटा लिया। महिला अधिवक्ता के अनुसार अब कब्जा करने वाले वकील और उसके साथी 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं और एक करोड़ रुपये मानहानि का नोटिस भेजने की धमकी दे रहे हैं। महिला अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के यहां बुधवार को तहरीर दी है। जिसमें गुरुवार को एसीपी स्वरूप नगर से उनका मिलने का समय हुआ है। अधिवक्ता ने बताया कि कब्जा करने वाले अधिवक्ता की शिकायत बार काउंसिल में की थी।

# एपी फैनी मामले में पांचों आरोपियों को नोटिस देकर दर्ज होंगे बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में खलासी लाइन स्थित एपी फैनी कपाउंड की अरबों की जमीन पर कब्जा करने के मामले में लेखपाल विपिन कुमार की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस पांचों आरोपियों को नोटिस देकर बयान दर्ज करने की तैयारी में है।

लेखपाल विपिन कुमार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि एपी फैनी की जमीन मिशन आर्फनेज के नाम से अभिलेखों में अंकित है। इस जमीन का इस्तेमाल केवल बालिका अनाथालय के लिए मान्य है। जमीन वर्तमान में नजूल के अभिलेखों में अंकित है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के आदेश पर तहसीलदार सदर ने एक टीम गठित की जिसने जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने जीन पर भूखंड काटकर खुर्द बुर्द किया है। इस जमीन का कुछ भाग पूर्व सपा मंत्री शिव कुमार बेरिया को भी बेचा गया। इस संबंध में एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। आरोपियों को नोटिस देकर बयान दर्ज किए जाएंगे।

### कब-कब हुआ जमीन पर खेल

- 1877 में एपी फैनी कंपाउंड एसपीजी मिशन को बैनामा किया गया। 1945 में लखनऊ डायोसिस ट्रस्ट एसोसिएशन को दी गई। 2008 में चर्च आफ इंडिया ट्रस्ट को जमीन लिख दी गई। 2019 में 19 हजार वर्गमीटर खाली जमीन बेची गई। कंपाउंड में सलीम बिरयानी का भी 450 वर्गमीटर का प्लाट मिला है। कई और प्लाटिंग भी हैं।

### कथावाचक ने रोका था अवनीश को

- सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की 1000 करोड़ की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में जेल में बंद प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को एक चर्चित कथावाचक ने जमीन के काम में हाथ डालने के लिए मना किया था। जुलाई माह की शुरुआत में उसने अवनीश को टोका था लेकिन अवनीश नहीं माना। शहर के एक चर्चित कथावाचक विदेशों तक कथा कह चुके हैं। कुछ समय पहले अवनीश दीक्षित उनके कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से प्रकाशित करवाता था। कथावाचक भी आए दिन अपनी विदेशों की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते थे। लेकिन अवनीश के जेल जाने के बाद से वह भी भूमिगत हो गए हैं। एक माह से वह किसी भी कार्यक्रम और मीडिया प्लेटफार्म पर नजर नहीं आए हैं।

### अवनीश व मनोज को न्यायिक हिरासत में भेजा

- **कानपुर।** हत्या के प्रयास के मामले में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित व मनोज यादव को बुधवार को सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की कोर्ट में पेश किया गया, जहां 14 दिन की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया गया। हालसी रोड निवासी श्रीकृष्ण गुप्ता ने आरोप लगाया था कि उनके मकान में मनोज यादव और उसके तीन भाई विनोद, जितेंद्र, राजा यादव परिवार के साथ रहते हैं। मनोज और उसके भाई मकान में ही जुआ कराते थे। विरोध करने पर गुंडागर्दी करते और मारपीट पर उतारु हो जाते थे। 6 नवंबर 2021 को आरोपियों ने उन पर बमबाजी की थी। अवनीश दीक्षित ने जान से मारने की धमकियां दी थीं। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



नगर निगम में प्रदर्शन करते रायपुरवा के नागरिक। अमृत विचार

# सरकारी काम रुकवाने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता ने लोगों के साथ नगर निगम में किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** रायपुरवा स्थित देवीदीन हाते में हो रहे इंटरलाकिंग व पेयजल विकास कार्यों को कुछ लोगों द्वारा रुकवाने पर क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम में हंगामा किया। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय पहुंचे स्थानीय लोगों ने नारेबाजी कर विकास कार्य शुरू करवाने की मांग की। क्षेत्रीय लोगों ने महापौर प्रमिला पांडेय और अपर नगर आयुक्त मो. आवेश को ज्ञापन दिया। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सचिवेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि हाते में इंटरलाकिंग व अन्य कार्य हो रहा था। कुछ भूमाफिया ने कहा है कि यह प्रॉपर्टी उनकी है और काम रुकवा दिया है। स्थानीय लोग जलभराव व गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। समस्या के निराकरण के लिये ही कार्य हो रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान दर्जनों लोग रहे।

# चेक बाउंस में महिला गिरफ्तार, जेल गई

- थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**कानपुर।** हनुमंत विहार थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस व प्रशासनिक कार्रवाई का आदेश जारी होने के दूसरे ही दिन बुधवार को चेक बाउंस की आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया। कोर्ट ने थाना प्रभारी को तलब किया है।

चेक बाउंस के मामले में दोषी करार दी गई महिला के फरार होने पर कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

जिस पर हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने कोर्ट ने रिपोर्ट दी थी कि महिला के घर पर ताला बंद है। मामले में अधिवक्ता गुरमीत सिंह ने थाना प्रभारी के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की अर्जी दी थी। जिसमें आरोप लगाया कि एसएचओ ने थाने में बैठकर फर्जी रिपोर्ट तैयार कर दी। कोर्ट ने थाना प्रभारी को जीडी के साथ हाजिर होने के आदेश दिए थे, लेकिन वह नहीं पहुंचे। जिस पर कोर्ट ने उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिवक्ता ने बताया कि इसके बाद महिला को गिरफ्तार करके कोर्ट के समक्ष भेजा गया। कोर्ट ने महिला को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी को तलब किया गया है।

# अभद्रता कर वीडियो वायरल करने की धमकी

**कानपुर।** रायपुरवा निवासी अधिवक्ता कैंसर पीड़ित हैं। वह एक सीनियर अधिवक्ता के यहां इंटर्नशिप कर रही हैं। उनके अनुसार 9 अगस्त 2024 को वह कोर्ट परिसर के पास नकल बनवा रही थीं। इसी दौरान उनका पति आ पहुंचा। आरोप है कि पति ने अभद्रता की और जान से मारने की धमकी देकर वीडियो वायरल करने की बात कही। आरोपी साथी अधिवक्ता के साथ हाथ पकड़कर घसीटते हुए न्यायालय की तरफ ले गया। पीड़िता ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया अधिवक्ता व उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मेट्रो के कारण मकान ढहने में रिपोर्ट तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने शासन में की शिकायत
- प्रमुख सचिव ने 10 दिन में टीम से जांच कराकर मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल में पिछले दिनों दो मकान गिरने के मामले में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने रिपोर्ट तलब की है। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने मेट्रो की सुरंग खोदाई के कारण मकान ढहने की शिकायत की थी। इस पर प्रमुख सचिव ने इंजीनियरों से जांच कराकर जिलाधिकारी, कानपुर से 10 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। सपा विधायक के अनुसार हरबंश मोहाल में 2 मकान गिरने, 3 मकान गंभीर क्षत्रिग्रस्त होने एवं अन्य मकानों के ज्वाइंट सर्वे के लिए जिलाधिकारी को जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। कमेटी में मजिस्ट्रेट, केडीए, पीडब्लूडी और मेट्रो के इंजीनियर मौजूद रहेंगे। 3 हफ्ते पहले हरबंश मोहाल में एक मकान में 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। 2 दिन बाद जमीन और नीचे धंसने से 4 मंजिला मकान ही ढह गया। इसके बगल में स्थित मकान भी जर्जर घोषित किया गया है। जहां मकान धंसा, वहां से 17 मीटर नीचे मेट्रो की भूमिगत टनल गुजर रही है। क्षेत्रीय पार्षद का आरोप है कि मेट्रो की वजह से क्षेत्र में 40 से 50 मकानों में दरारें आई हैं।

### शिवाला में नीचे दुकानें, ऊपर पार्किंग बनाई जाए



प्रमुख सचिव को ज्ञापन देते सपा विधायक।

- **कानपुर।** सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को पत्र भेजकर बड़ा चौराहा स्थित शिवाला बाजार को पक्का करके मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नजूल के प्लॉट नंबर 19/21 और नगर निगम के प्लाट संख्या 20 पर बीते 50 वर्ष से बाजार संचालित है। बड़ा चौराहा से शिवाला तिराहे तक नगर निगम द्वारा आवंटित अधिकांश दुकानें 2-2 मीटर की हैं। कई बार दुकानें पक्की बनाकर व्यवस्थित करने और नजूल को फ्री होल्ड करने के संबंध में व्यापारियों ने प्रयास किए हैं। इस पर नगर निगम ने 165 दुकानें पक्की बनाकर दी थीं। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि सरकारी संपत्ति पर वर्तमान में व्यवस्थित दुकानदारों को समायोजित करते हुए शेष बाजार को पक्का बनाया जाए। दुकानों के ऊपर दो से तीन मंजिला पार्किंग की व्यवस्था की जाए। इससे दुकानदारों को रोजी-रोटी का पक्का स्थान मिल जाएगा और आसपास की बाजारों में पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक स्वागत योग्य: पोरवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व हिन्दू परिषद के कानपुर प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने कहा
- सभी धार्मिक सामाजिक शैक्षणिक वर्ग भेजें सुझाव

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त के मंत्री राजू पोरवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का स्वागत किया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि वक्फ अधिनियम संविधान और कानून से ऊपर चलने वाला अधिनियम है। जिससे नागरिकों के अधिकार निलंबित हो जाते हैं।



राजू पोरवाल।

वक्फ बोर्ड में अनिवार्य रूप से केवल मुस्लिम समुदाय के लोगों का होना भारत के संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता दोनों के खिलाफ है। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग का आह्वान किया कि सभी धार्मिक सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं को अपने विचार और सुझाव जेपीसी को ईमेल के माध्यम से 13 सितंबर के पहले तक भेजने चाहिए।

# रोडवेज चालक 62 वर्ष तक चला सकेंगे बस

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति के बाद दो साल संविदा पर करेंगे काम
- परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के नियमित/संविदा चालकों के लिये राहत भरी खबर है। वे 60 वर्ष में जैसे ही सेवानिवृत्त होंगे, उन्हें अगले 2 साल के लिए संविदा के तौर पर फिर संचालन में ले लिया जायेगा। हालांकि ऐसे चालकों को 250 किमी तक ही बस संचालन करने की इजाजत होगी, लंबी दूरी पर नहीं जा सकेंगे।

परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा के द्वारा जारी



आदेश में कहा गया है कि नई निगम बसों के आने से चालकों की जरूरत बढ़ गई है।

संविदा चालकों को भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है लेकिन जरूरत के मुताबिक चालकों के नहीं मिलने से बसों का संचालन प्रभावित है और निगम को आर्थिक हानि भी हो रही है। इसलिए विकल्प के तौर पर मुख्यालय स्तर पर गठित कमेटी की संस्तुति के अनुसार संविदा चालकों से 62 वर्ष की आयु तक सेवाएं ली जा सकेंगी।

### विभाग ऐसे रखेगा चालकों पर नजर

- 60 वर्ष की आयु के पश्चात उनका मेडिकल फिटनेस/नेत्र परीक्षण सीएमओ से प्रमाणित होने पर 6-6 माह के अंतराल पर उन्हें 62 वर्ष की आयु सीमा तक प्रयुक्त किया जाये।
- चालक के लाइसेंस नवीनीकरण, स्वास्थ्य, वाहन के संचालित करने की क्षमता का परीक्षण भी होगा।
- ऐसे चालकों को 250 किमी की सीमा के अंदर ही भेजा जायेगा, यानी लंबी रूट पर नहीं भेजे जायेंगे।
- प्रत्येक 6 माह पर इनका स्वास्थ्य-नेत्र परीक्षण होगा।
- चालक द्वारा पिछले 3 वर्षों में मासिक औसतन 2500 किमी का संचालन किया गया हो।
- पिछले 2 वर्षों में चालक ने कोई बड़ी दुर्घटना नहीं की हो।
- पहले चरण में 6 माह के लिए चालक से अनुबंध होगा, उसके बाद 2 वर्ष तक उसका विस्तार होता रहेगा।

**शिक्षक दिवस विशेष** | सिर्फ नौकरी न करके, असल में भविष्य संवारने वाले शिक्षकों की कहानी

# देश-समाज संवारने को समर्पित किया जीवन

कानपुर। शिक्षक का पेशा सिर्फ नौकरी या जीवन यापन के जरिया तक सीमित नहीं है। तमाम शिक्षक आज भी 'आचार्य देवो भव:' यानी शिक्षक ईश्वर के समान होता है, को चरितार्थ कर रहे हैं। देश और समाज का समर्पित भाव से भविष्य गढ़ने में लगे हैं। शिक्षा में नए प्रयोग, बालिका शिक्षा और बच्चों को स्कूल पहुंचाने के काम को जीवन का हिस्सा बना लिया है। शिक्षक दिवस पर ऐसे ही कुछ शिक्षकों को नमन।

### गंगा तट पर शिक्षा की संस्कारशाला



- उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी शंकरपुर सराय से रिटायर प्रधानाचार्य शशि मिश्रा ने गंगा कटरी की बेटियों के बीच शिक्षा की अलख जलाई। इसके लिए प्रदेश सरकार उन्हें मलाला अवार्ड से सम्मानित कर चुकी है। शशि मिश्रा ने बताया कि जब उन्होंने यह मुहिम छेड़ी थी, कटरी के गांवों में कोई जाने की हिम्मत नहीं करता था। बालिकाओं को स्कूल लाने के लिए अभिभावकों के साथ कई बार विवाद भी हुए। लेकिन उन्होंने कटरी के ग्राम पंचायत लोधवा खेड़ा और शंकरपुर सराय में स्थित 13 गांवों में बालिका शिक्षा का कार्य नहीं छोड़ा। गंगा किनारे एक आश्रम का निर्माण किया।

### सरकारी स्कूल को बना दिया 'कॉन्वेंट'



- उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी शंकरपुर सराय, गंगा बैराज के प्रधानाचार्य अब्दुल कुद्दूस खान के काम को प्रदेश सरकार ने भी सराहा है। अपने प्रयासों से सरकारी स्कूल में निजी स्कूल जैसी शिक्षा व सुविधा उपलब्ध कराकर उन्होंने मिसाल कायम की है। इसके चलते स्कूल में सत्र के पहले ही दिन सभी सीटें भर जाती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत कर चुके हैं। स्कूल में 168 छात्र नामांकित हैं। इनकी 90 फीसदी से अधिक उपस्थिति रहती है।

### खेल-खेल में सिखाया रसायन विज्ञान



- सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य आरसी शर्मा ने बच्चों के लिए केमेस्ट्री को इतना आसान बना दिया कि परीक्षा परिणाम 8 वर्षों तक 100 फीसदी रहा। उन्होंने ऐसे तरीके ईजाद किए कि बच्चों को कठिन फार्मूले जुबानी रट गए। इसके लिए उन्हें वर्ष 2000 में राज्य अध्यापक पुरस्कार, वर्ष 2014 में उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान दिया गया।

### दुकानों से बच्चों को स्कूल पहुंचाया



- प्राथमिक विद्यालय काशीराम नगर, गंगा बैराज के प्रधानाचार्य आनंद कुमार पूरे क्षेत्र में चर्चित हैं। उन्होंने बैराज पर दुकान लगाने वाले परिवार के बच्चों को परिषदीय स्कूल पहुंचाया। वे लगातार दुकानों का भ्रमण करते हैं और वहां कोई बच्चा दिखने पर उसे स्कूल ले जाकर पढ़ाई शुरू कराते हैं। अभिभावकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं।

# चोरी करने पर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कानपुर।** हरबंश मोहाल में पड़ोसी के घर चोरी की साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खां ने बताया 27 अगस्त 2024 को दानाखोरी निवासी आशीष राठौर ने पुलिस को तहरीर दी थी।



जिसमें भतीजे शिवा और उसके साथियों के खिलाफ चोरी का आरोप लगाया था। घटना के समय पीड़ित के घर पर ताला लगा था। वह और उनकी पत्नी काम पर थे। वहीं बच्चे स्कूल गए थे। घर लौटने पर वहां रखे 1.42 लाख रुपये व गहने गायब मिले। पुलिस ने राज मौर्या, दिव्यांश गुप्ता उर्फ सुजल और नितिन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों के पास से चोरी के गहने व 15 सौ रुपये बरामद हुए।

# मॉडर्न चिल्ड्रेन पार्क का लोकार्पण अब कूड़ा नहीं पड़ेगा, खेलेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने बुधवार शाम नगर आयुक्त सुधीर कुमार के साथ स्वरूप नगर स्थित विजय विला के पास खत्री मार्ग पर मॉडर्न चिल्ड्रेन पार्क का लोकार्पण किया।

महापौर ने बताया कि पार्क में बच्चों को खेलने की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पार्क में बच्चों के लिए जहां झूले लगाए गए हैं। वहीं, पुरुषों और महिलाओं के टहलने के लिए अलग ट्रैक की व्यवस्था की गई है। पार्क का सुंदरीकरण 10 लाख रुपये की लागत से जेसीआई इंडस्ट्रियल कानपुर की तरफ से किया गया है। बच्चों के लिए समर्पित इस पार्क का नाम उड़ान चिल्ड्रेन पार्क रखा गया है।

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि नगर निगम का यह पार्क बेहद खराब अवस्था में था। जिसमें आसपास के लोग कूड़ा फेंकने लगे थे। सुंदरीकरण के बाद अब यहां कूड़ा फेंकने की बजाय बच्चों की खिलखिलाहट गूंजेगी। शहर में आगे भी इस तरह के और चिल्ड्रेन पार्क बनाए जाएंगे। इस दौरान जेसीआई संस्था के सिद्धार्थ गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अमित गर्ग, विकास झाझरिया समेत बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



पार्क का लोकार्पण करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- जेसीआई संस्था ने 10 लाख रुपये से कराया सुंदरीकरण
- विजय विला के पास खत्री मार्ग पर बना है यह पार्क

# 2 घंटे की बारिश में सड़कें बनीं नहर और मोहल्ले टापू, खलवा पुल बंद


नवीन मार्केट


बड़ा चौराहा

कानपुर। शहर में कई दिनों बाद बुधवार दोपहर झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लगातार दो घंटे बारिश होने से कई जगहों पर जलभराव हो गया। जूही खलवा पुल फिर भर गया जिससे दोनों ओर से आवागमन बंद कर दिया गया। उत्तर और दक्षिण दोनों ही जगह कई मुख्य सड़कों के साथ संपर्क मार्ग भी जलमग्न हो गये। लोगों को जाम का भी सामना करना पड़ा। देर शाम तक कई जगह पानी निकल पाया। बुधवार सुबह से ही तेज धूप के साथ उमस थी। दोपहर 1 बजे के बाद मौसम ने पलटी मारी और दो बजे के आस-पास तेज बारिश शुरू हो गई। दो घंटे की बारिश में जूही खलवा पुल डूब गया। जिसके बाद दोनों ओर बैरीकेडिंग लगा दी गई। देर शाम तक यहां से पानी नहीं निकल सका था। लोगों को रास्ता बदलना पड़ा। झकरकटी पुल, गोविंद पुरी, काकादेव, जरीब चौकी चौराहा, कल्याणपुर, परेड समेत कई इलाकों में जाम लग गया। जिसमें लोग फंसे रहे। ग्वालटोली, जाजमऊ, रामादेवी, काकादेव, जूही, गोविंद नगर, साकेत नगर, किदवई नगर, बाबूपुरवा, घंटाघर, रावतपुर, बर्रा, कल्याणापुर, नौबस्ता, आर्य नगर, सिविल लाइंस, गुजैनी, मोतीझील के पास भी जलभराव हो गया।

### बरसात के बाद लगा जाम

# दोस्त के कहने पर व्यापार के लिए दिए 3 लाख हड़पे

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दोस्त के परिचित को व्यापार के लिए दिए तीन लाख रुपये धोखाधड़ी करके हड़पने के मामले में पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रामपुर श्याम नगर निवासी एलबी सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके दोस्त उमेश उत्तम ने अनिल उत्तम निवासी मंगला विहार से मुलाकात कराई। कहा कि उनके दोस्त गुजरात निवासी पीएम बाधानी को व्यापार के लिए तीन लाख रुपयों की आवश्यकता है।

उमेश व अनिल ने पीएम बाधानी के खाते में उनसे तीन लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद उन्हें आज तक रुपये वापस नहीं मिले। मांगने पर उन लोगों ने धमकी दी। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि अनिल, उमेश और पीएम बाधानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

❍ गोल चौराहा से आईआईटी तक विस्तार ❍ 10 से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

# 65 करोड़ की लागत से जीटी रोड बनेगी 6 लेन

**07** मीटर दोनों ओर चौड़ी की जाएगी 4 लेन की सड़क

**07** किलोमीटर लंबाई पर किया जाएगा काम

**70** दुकानें कार्डियोलाजी के बाहर अवैध चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी से गोल चौराहे तक 7 किलोमीटर लंबी जीटी रोड अनुमानित 65 करोड़ की लागत से सिक्सलेन की जाएगी। बुधवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एनएच पीडब्लयूडी ने इसकी रिपोर्ट सौंपी। एनएच पीडब्ल्यूडी ने रिपोर्ट में बताया कि मार्ग दोनों ओर 3.5-3.5 मीटर चौड़ा होगा। कार्डियोलॉजी के दोनों ओर सभी अवैध दुकानों को हटाया जाएगा, जिससे गोल्डन ऑवर में आने वाले मरीजों के आवागमन में कोई असुविधा न हो। 10 सितंबर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला जाएगा।

जीटी रोड अभी चार लेन है जबकि ट्रैफिक लोड कई गुना बढ़ गया है।

मेट्रो निर्माण के बाद जीटी रोड और भी संकरी हो गई है। इसलिए जीटी रोड पर अतिक्रमण को हटाकर सिक्स लेन बनाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। बुधवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में विकास कार्यों की बैठक में एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने जीटी रोड चौड़ीकरण की रिपोर्ट प्रेषित की। रिपोर्ट में बताया गया कि सिक्सलेन निर्माण में करीब 65 करोड़ की धनराशि व्यय होगी। सबसे अधिक चिंता सड़क पर 50 वर्षों से अधिक समय से कायम अतिक्रमण पर जताई गई। अधिकारियों ने बताया कि गोल चौराहे से आईआईटी तक 7 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर प्रति किलोमीटर 250 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया गया, कुल 1400 से अधिक अवैध निर्माण मार्ग पर हैं, जिनको हटाने के बाद ही योजना को अमल में लाया जा सकता है। एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक 10 सितंबर से अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण में रामादेवी से अवधपुरी मोड़ तक अभियान चलेगा, जिसकी 2 दिन पहले मुनादी कराई जाएगी। मंडलायुक्त ने कार्डियोलॉजी के बाहर अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की, जिस पर जिम्मेदारों ने बताया कि अस्पताल के बाहर एक लेन पर 70 से अधिक अवैध दुकानें चिन्हित की गईं हैं, दोनों ओर की अवैध दुकानों को हटवाया जाएगा।

### यूटिलिटी डक्ट बनेगी सड़क के किनारे



- अधिकंश सड़कें बिजली केबल, टेलीफोन व नेटवर्क की लाइन, सीवर व पानी की लाइनें बिछाने की योजना में क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इसके मद्देनजर निर्देशित किया गया कि सिक्सलेन निर्माण के बाद सड़क क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए 1.5 से 2 मीटर गहरा यूटिलिटी डक्ट का सड़क किनारे निर्माण कराया जाएगा। जिसमें सभी विभागों की यूटिलिटी शिफ्टिंग (जनउपयोगी संसाधनों) की जाएगी।

# सजारी, महावीर, हाईवे सिटी में चमकेंगी सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 26 करोड़ से नगर निगम करेगा कार्य, केडीए के मद से होगा विकास
- नगर निगम ने कार्यों के लिये जारी किया टेंडर, न्यू टीपी नगर में भरेंगे गड्ढे

**अमृत विचार।** सजारी गांव में विकसित केडीए की हाइवे सिटी विस्तार योजना की टूटी सड़कों से लोगों को निजात मिलने वाली है। वहीं, सनिगवां गांव में चंद्रनगरी भाग-3, न्यू टीपी नगर व महावीर योजना के भी दिन सुधरेंगे। नगर निगम केडीए की इन योजनाओं में नाली, सड़क, फुटपाथ का कार्य करने जा रहा है। नगर निगम ने 26 करोड़ रुपये से होने वाले विकास कार्यों के लिये टेंडर आमंत्रित कर दिये हैं।

सजारी, चंद्रनगरी पार्ट-3 सनिगवां, हाइवे सिटी विस्तार पार्ट-1, कालिंदी नगर, न्यू टीपी नगर फेस-3, महावीर नगर, न्यू टीपी नगर फेस-1 की सड़क, नाली, नाला, फुटपाथ और पार्क की हालत खराब हो रही है। योजनाएं काफी पुरानी हैं इसके चलते यहां सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर निगम और केडीए के अधिकारियों ने इन योजनाओं का निरीक्षण कर एस्टीमेट बनाया था। केडीए के मुख्य अभियंता आशु मित्तल ने बताया कि अब केडीए ने अपनी आठों आवासीय, व्यावसायिक योजनाएं नगर निगम और जलकल विभाग को हस्तांतरित कर दी हैं।

### ई-निविदा के जरिए बांटे जाएंगे कार्य

मुख्य अभियंता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने बताया कि ई-निविदा के जरिये टेंडर डाले जायेंगे। बुधवार से लेकर 25 सितंबर तक निविदा खरीदने व अपलोड करने का समय होगा। उसी दिन शाम को निविदा खोल दी जायेगी।

# चरस तस्करी के आरोपी को कोर्ट ने किया बरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पुलिस के गवाहों में अंतर, नहीं पेश कर पाए स्वतंत्र गवाह भी

**अमृत विचार।** 11 किलो चरस तस्करी के मामले में पकड़े गए आरोपी को एडीजे-7 की कोर्ट ने बरी कर दिया। वर्ष 2016 को युवक को काकादेव पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस के गवाहों में अंतर, स्वतंत्र गवाह के पांच साल बाद भी पेश न होने व नक्शा नजरी में कई बिंदुओं का उल्लेख न होने से कोर्ट ने आरोपी को निर्दोष करार दिया।

15 जनवरी 2016 को काकादेव थाना प्रभारी उदय प्रताप यादव ने रात 9 बजे गल्लामंडी चौराहे के पास एक युवक को घेराबंदी करके पकड़ा था। युवक ने अपना नाम प्रतापगंज, गड़रियनपुरवा निवासी नीरज पाल बताया था। युवक के झोले से 11 किलो चरस बरामद हुई थी। मामला एडीजे-7 आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता दिनेश कुमार पाल ने कोर्ट में बताया कि पुलिस ने जिस बरामद बाइक का जिक्र किया वह एक पुलिसकर्मी के पिता की है। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि स्वतंत्र गवाह अनिल सिंह को बयान दर्ज होने के बाद साढ़े पांच साल बाद भी अभियोजन प्रस्तुत ही नहीं कर पाया है।

# जेवर हड़पने के आरोप में रिपोर्ट

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र के गिलिश बाजार निवासी अंबिका गौतम ने साढ़ू के बेटे राजकुमार के खिलाफ रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 8 वर्ष पूर्व 20 हजार रुपये की जरूरत पड़ने पर कुछ जेवर राजकुमार को दिए थे और रुपये ले लिए थे। कुछ दिन बाद रुपये वापस कर जेवर लौटाने को कहा तो आरोपी टालने लगा। पीड़ित के अनुसार 23 जून 2024 को वह गंगाघाट स्थित आरोपी को घर गए तो आरोपी ने एक सप्ताह का समय मांगा। 28 जुलाई 2024 को आरोपी राम नारायण बाजार में मिला तो जेवर के बारे में पूछा। जिस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी।

# बढ़े गृहकर का विरोध, बिलों में खामियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बढ़े हुए गृहकर का विरोध बुधवार को व्यापारियों ने नगर निगम आकर किया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने महापौर को ज्ञपापन भी दिया। इस पर महापौर ने व्यापारियों को कैंप लगाकर समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष कानपुर महानगर कपिल सब्बरवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने महापौर प्रमिला पांडे को ज्ञापन दिया। कहा कि गृहकर का बिल व्यापारियों के पास बढ़े हुए रेट से आ रहे हैं। बिलों को दिखाने पर पता चला कि इन बिलों में तमाम खामियां है। ऐसे में व्यापारी बिल को लेकर काफी परेशान है। वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इसका निदान वे किस तरह से करें। व्यापारियों की समस्याओं पर व्यापारियों को आश्वासन दिया कि किसी का भी उत्पीड़न नहीं होगा। व्यापारियों की जिस क्षेत्र की शिकायत हो वहां पर कैंप लगवाने की व्यवस्था की जाएगी। इससे संबंधित बिलों का निस्तारण आसानी से हो सकेगा। ज्ञापन देने वालों में विक्रम पांडे, रणजीत सिंह, बिल्लू, सौरभ गुप्ता, स्वयं नंदा, आशीष गुप्ता, व राहुल गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।


युवा व्यापार मंडल ने गृहकर के विरोध में महापौर को दिया ज्ञापन। अमृत विचार

अपनों से छल | स्कूल के खाते से पार किए 2 लाख, अमेरिकन साइट से की शापिंग

# महंगे फोन के लालच में बना ठग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक प्रतिष्ठित स्कूल की प्रिसिंपल ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके स्कूल के ऑफिशियल बैंक खाते से 2 लाख 1 हजार रुपये का अनाधिकृत ट्रांजेक्शन हो गया। साइबर टीम ने जांच शुरू कर दी। जांच में आरोपी स्कूल प्रबंधन का ही सदस्य निकला।

साबिर टीम ने खाते के ट्रांजेक्शन की जांच की तो जानकारी हुई कि यूबाई नामक अमेरिकन ई-काम वेबसाइट से शॉपिंग की गई है। जिस पर साइबर क्राइम सेल ने तत्काल अमेरिकन कंपनी से आर्डर कैंसिल कराने के लिए पत्राचार किया। इस पर पता चला कि आर्डर अमेरिका से भेजा जा चुका है। आर्डर भारतीय कस्टम डिपार्टमेंट में क्लियरेंस के लिए वेटिंग में पड़ा है। जिसके बाद साइबर टीम के उच्चाधिकारी ने कस्टम डिपार्टमेंट के अधिकारियों से संपर्क करके आर्डर को आगे प्रोसिड होने से रुकवाया। इसके बाद आर्डर को कैंसिल कराकर पीड़िता के बैंक खाते में निकाला गया पूरा पैसा वापस कराया।



### साइबर व सर्विलांस से शातिर आया सामने

- पीड़िता का पूरा पैसा वापस कराने के बाद साइबर सेल ने धोखाधड़ी करने वाले शातिर की पहचान साइबर व सर्विलांस तकनीक से कर ली जो उसी स्कूल के प्रबंधन का एक सदस्य निकला। जिसके बाद साइबर क्राइम पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। उसके फोन से अमेरिकन ई-काम वेबसाइट एप व ई-मेल आईडी बरामद हुई हैं।

### स्कूल प्रबंधन के भरोसे को दिया दगा

- साइबर क्राइम सेल ने आरोपी से पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि उसे महंगे फोन का शौक था। लेकिन आमदनी अधिक न होने के कारण फोन नहीं ले पा रहा था। स्कूल प्रबंधन का सदस्य होने के नाते सब उस पर विश्वास रखते थे। जिस कारण मौका पाकर उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

**एक हफ्ता लगी साइबर क्राइम टीम, रुपया खाते में वापस कराया**

# त्योहारों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों का रिजर्वेशन भी शुरू

**अमृत विचार।** रेलवे ने त्योहारों के मद्देनजर अनेक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें दिल्ली, इटावा, टुंडला, प्रयागराज सहित कई रूट की ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों का संचालन अगस्त माह से चालू होगा, जो नवंबर तक जारी रहेगा। सभी स्पेशल ट्रेनों में रिजर्वेशन चालू है।

प्रयागराज-दिल्ली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 02417 व इसकी रिवर्स 02418 के सात फेरों का संचालन रेलवे ने किया है। प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली 02417 प्रत्येक शुक्रवार चार अक्टूबर से 15 नवंबर तक और दिल्ली से प्रयागराज जाने वाली 02418 प्रत्येक शनिवार 5 अक्टूबर से 16 नवंबर तक सात फेरे लगाएगी। इस ट्रेन का सेंट्रल पर पांच मिनट ठहराव होगा। ट्रेन में दो थर्ड एसी, दो इकॉनामी, 5 स्लीपर व 4 जनरल कोच होंगे। इसी तरह सूबेदारगंज-दिल्ली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 02421 व 02422 का संचालन अक्टूबर-नवंबर में होगा। 02421 सूबेदारगंज से प्रत्येक शनिवार 5 अक्टूबर से 9 नवंबर तक चलेगी।

इसी रिवर्स 02422 दिल्ली से प्रत्येक रविवार 6 अक्टूबर से 10 नवंबर तक छह फेरे लगाएगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी के 6, स्लीपर के 10 व 4 जनरल कोच समेत 22 डिब्बे होंगे। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन का पांच मिनट ठहराव होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**बेदखली**

मैंने अपने बड़े पुत्र राम कुमार की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **चंद्रवती पत्नी मथुरा प्रसाद उर्फ पूरन, निवासी– पदमनपुर, बिजौली उदयपुर, तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली।**

**बेदखली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने सात बेटों में से पांचवें नंबर का बेटा सिकंदर उम्र 27, जिसका चाल चलन ठीक नहीं है। उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उक्त के द्वारा किया गया लेनदेन या कोई भी कार्य जिसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।– **श्रीमती रामरति पत्नी नन्हेलाल, निवासी– ग्राम गुलालपुर, परगना चांदा, तहसील लंभुआ, जिला सुल्तानपुर**

**बेदखली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने सात बेटों में से पांचवें नंबर का बेटा सिकंदर उम्र 27, जिसका चाल चलन ठीक नहीं है। उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उक्त के द्वारा किया गया लेनदेन या कोई भी कार्य जिसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–नन्हेंलाल पुत्र मोतीलाल, निवासी– ग्राम गुलालपुर, परगना चांदा, तहसील लंभुआ, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

श्री गौरव सलूजा से विवाहोपरांत मैंने अपना नाम अमृता साहनी से बदलकर अमृता गौरव सलूजा रख लिया है भविष्य में मुझे **अमृता गौरव सलूजा निवासी 152(2) जोहरी बाग कल्याणगिरि मन्दिर ठाकुरगंज, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश PREAM CHANDRA SINGH के स्थान पर Pream Chand दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे PREAM CHANDRA SINGH **पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कॉलोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये ।

**सूचना**

मकान सं0 – 180 सी/40 अरागि संख्या 1199 ख़सारी भसारी जिला प्रयागराज जो सन 1977 में राजेन्द्र कुमार आनन्द के नाम से दर्ज थी की मूल प्रति वास्तव में खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है। **–अजय जायसवाल**

**सूचना**

मैं **मासूम रजा अंसारी पुत्र रेहान अहमद अंसारी, निवासी– ग्राम–पटियाला ग्रिंट (हाजिकडीह), पोस्ट– गुमडी, परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर** का हूं। मैंने अपना नाम मासूम रजा पुत्र रेहान अहमद से बदलकर मासूम रजा अंसारी पुत्र रेहान अहमद अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मिथिलेश कुमार यादव पुत्र अशोक कुमार यादव, तुलसीपुर मॉझा, जिला –गोंडा उप्र का निवासी** हूॅ। मेरा इण्टरमीडिएट वर्षा–2019, रोल नं0– 2286642, विद्यालय श्री गांधी विद्यालय इण्टर कालेज नबाबगंज, जिला–गोण्डा का मूल अंकपत्र व सह–सर्टीफिकेट की मूल प्रति वास्तव में खो गयी है। **मो0 नंबर– 9565314404**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **माधुरी मिश्रा पत्नी स्व0 संतोष कुमार सिंह, निवासी– नील गोदाम देवकाली, जिला–अयोध्या उ0प्र0**, मेरे पति की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218962700 की नामनी के नाम में मेरा नाम माधुरी सिंह अंकित है। जो मेरे शादी के बाद का नाम है। जबकि मेरे बैंक खाता तथा आधार कार्ड में मेरा नाम माधुरी मिश्रा अंकित है। एवं मेरे समस्त कागजी कार्यवाही एवं लेन देन में माधुरी मिश्रा के नाम से ही होता है। माधुरी मिश्रा व माधुरी सिंह नाम मेरा ही है। अतः पति की पालिसी सं0–218962700 में मेरा नाम माधुरी सिंह के स्थान पर माधुरी मिश्रा के नाम से मृत्यु दावा का भुगतान किया जाय।

**सूचना**



सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अंशिका मिश्रा पुत्री दिनेश मिश्रा है। जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 880665943078 में उसका नाम रश्मि हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम अंशिका मिश्रा पुत्री दिनेश मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा स्वयं पूरी की गई है। – **दिनेश मिश्रा पुत्र–स्व श्री राम जनक, ग्राम– सोनावॉ, पोस्ट – सोनावाँ, जिला – सुल्तानपुर,**

**लापता**



नाम– **मीरा देवी**
**उम्र– 35 वर्ष**
**पत्नी–अवधराज**
**निवासी– ग्राम उतरौला भड़वन पुरवा, थाना–परसपुर जिला– गोण्डा,**
दिनांक 23 अगस्त 2024 की शाम 8 बजे से घर से लापता हूॅ। यदि किसी सज्जन को इसकी जानकारी हो तो तत्काल सूचित करें।

**प्रभारी निरीक्षक,** थाना परसपुर गोण्डा, 9454403494
**पुलिस उपाधीक्षक,** कर्नलगंज–गोण्डा, 9454401374
वादी मुकदमा का
**मोबाइल नं0 – 9919976596**

## कार्यालय ग्राम पंचायत छतरपुर वि0ख0 शिवराजपुर कानपुर नगर।

पत्रांक/पं0 रा0वि0आ0/पन्द्रहवाँ वि0/मनरेगा/निविदा 2024–25 दिनांक 05/09/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत छतरपुर विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवीं वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्र्तगत्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 17/09/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 17/09/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06/09/2024 से दिनांक 16/09/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से पुलिया तक सी0 सी0/इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.99 | 00 | 2 माह |
| 2 | ट्रान्सफार्मर से रामजीवन के घर तक सी.सी/ इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.60 | 00 | 2 माह |
| 3 | भटटे के सामने से सरसहार्ट मार्केट तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.60 | 00 | 1 माह |

**नियम व शर्ते :–**
1– उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे। 2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 16/09/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है। 3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना याहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 4– दिनांक 17/09/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा। 5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान –ग्राम पंचायत–छतरपुर शिवराजपुर कानपुर नगर**

**ग्राम विकास अधिकारी– ग्राम पंचायत–छतरपुर शिवराजपुर कानपुर नगर**

## एक नजर

### तीमारदारों पर अभद्रता का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में हैलट अस्पताल में सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष ने तीमारदारों पर अभद्रता के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनरल सर्जन डॉक्टर गीतिका आनंद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 1 सितंबर 2024 की 10 दस बजे आयुष्मान वार्ड 4 में 52 वर्षीय मरीज रेनू तिवारी भर्ती थीं। आरोप है कि उनके तीमारदार कृष्णानंद तिवारी ने उनसे व स्टाफ अभद्रता की और अपशब्दों का प्रयोग कर धमकाया। स्वरूपनगर प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा ने बताया डॉक्टर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### महिला बनकर मिलने बुलाया, धमकाया

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र के सर्वोदय नगर निवासी आलोक तिवारी ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ काकादेव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 21 अगस्त को अज्ञात नंबर से मैसेज आए। आरोपी ने महिला बनकर बातचीत की और मिलने बुलाया। उसकी पहचान जानने का प्रयास किया तो आरोपित ने गाली-गलौज कर धमकी दी। अगले दिन रावतपुर चौराहे पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धमकाया। काकादेव प्रभारी निरीक्षक मनोज भदौरिया ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### गालीगलौज कर अभद्रता का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** स्वरूपनगर निवासी युवती ने पृथ्वी मिश्रा उर्फ देव गौतम नाम के युवक के खिलाफ गालीगलौज कर अभद्रता के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने 2100 रुपये उधार लिए थे। लेकिन वह वापस नहीं कर रहा है। रुपये मांगने पर धमकाता है। प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अंतर विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता 7 से

**कानपुर।** जेएमडी वर्ल्ड स्कूल व कानपुर जिला तैराकी एसोसिएशन की ओर से 7 सितंबर को जेएमडी तरण ताल में अंतर विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता होगी। स्कूल की प्रधानाचार्य मलिका अरोड़ा ने बताया प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 8 से 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले स्कूलों को ओवरऑल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता जिला तैराकी एसोसिएशन के सचिव श्रीप्रकाश अवस्थी की देखरेख में होगी।

### रजत जयंती वर्ष सेवा कार्यक्रम 5 से

**कानपुर।** श्री राणी सती दादी परिवार मंगल समिति के संकल्पकर्ता सदस्यों ने बताया कि श्रीदादी के रजत जयंती महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 5 से 29 सितंबर तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे। बिरहाना रोड, नयागंज, किदवईनगर, घंटाघर, लालबंगला, रावतपुर में अन्न सेवा होगी। इसके अलावा भोजन, गो सेवा, रोगी सेवा, फिजियोथैरेपी कैंप, अनाथालय सेवा व रक्तदान कैंप आदि के आयोजन पूरे शहर में निश्चित स्थान पर होंगे।

### आसरा के आवंटी फीस की रसीद जमा करें

**कानपुर।** परियोजना अधिकारी, डूडा तेज कुमार ने आसरा आवास योजना अंतर्गत सजारी में निर्मित 864 आवासों के आवंटियों को सूचित किया है कि आवंटी अपने आवंटित आवासों में विद्युत कनेक्शन कराने/मीटर लगाने के लिए केस्को के झटपट पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करें। निर्धारित फीस जमा करते हुए जमा रसीद की एक प्रति एसडीओ, उपकेन्द्र देहली सुजानपुर (उचटी), कानपुर नगर को जमा करें, ताकि आवंटित आवास में कनेक्शन/मीटर लगाने की कार्यवाही की जा सके।

## सभी विभाग अपने लाभ का एक फीसदी बजट इनोवेशन सेल को देंगे

# सीएसजेएमयू में अब मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कोर्स भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के विभाग अपने लाभ का एक फीसदी बजट इनोवेशन सेल को देंगे। विभाग की ओर से दिए गए फंड से नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे छात्र नवाचार को बढ़ाकर नए उत्पाद बनाएंगे और स्टार्टअप की ओर बढ़ेंगे। यह निर्णय बुधवार को सीएसजेएमयू के सेंटर फॉर एकेडमिक्स में हुई बैठक में लिया गया। इसके अलावा बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज शास्त्र विभाग के वह कोर्स जिनमें पांच के कम छात्र संख्या है उन्हें बंद किया जाएगा। विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पहली बार पीएचडी कोर्स शुरू करने पर भी सहमति बनी है।

सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी तय हुआ कि छात्र अब एक साथ दो डिग्री प्रोग्राम्स को कर सकेंगे। जिसमें एक प्रोग्राम ऑनलाइन और एक ऑफलाइन होगा।

ऑनलाइन प्रोग्राम को किसी अन्य विश्वविद्यालय से करने में भी छात्र रुचि ले सकेंगे। इसी तरह छात्रों की रुचि को देखते हुए विश्वविद्यालय के फार्मेसी, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन और जर्नलिज्म समेत कई विभागों की सीटों को बढ़ाया गया है।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

- समाज शास्त्र विभाग में पांच से कम छात्र संख्या वाले कोर्स बंद किए जाएंगे
- सीएसजेएमयू एकेडेमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए कई निर्णय

### रिसर्च होगी बेहतर

- रिसर्च को बेहतर बनाने के लिए एकेडमिक काउंसिल में चर्चा हुई। इसमें रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के तहत काम करने वाले सीआरपीसी को रिसर्च बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि यह सेल रिसर्च स्कॉलर के लिए कार्यशाला आदि आयोजित करेगी। मीटिंग में रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव, प्रोवीसी प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, एग्जाम कंट्रोलर राकेश कुमार, डीन एकेडमिक्स डॉ. बृष्टि मित्रा, डीन एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. सुधांशु पांड्या, सीडीसी डायरेक्टर प्रो. आरके द्विवेदी और डॉ. अंशू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### बीसीए और बीएएलएलबी वालों को भी चांसलर ब्रांज

- सीएसजेएमयू में होने वाले दीक्षांत समारोह में बीसीए और बीएएलएलबी के मेधावियों को भी चांसलर ब्रांज मेडल पाने वालों की लिस्ट में शामिल किया जाएगा। बुधवार को कुलपति प्रो. विनय पाठक की अध्यक्षता में हुई एग्जाम कमेटी की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा यूजी (पांचवें और छठवें सेमेस्टर), पीजी (तीसरे और चौथे सेमेस्टर) के सप्लीमेंट्री एग्जाम के प्रयोग और वायवा शहर के सरकारी और एडेड कॉलेजों में हो सकेंगे। यूजी और पीजी (एनुअल एग्जाम) समेत कई कोर्सों के छूटे हुए प्रैक्टिकल और वायवा को भी जल्द ही कराए जाने पर सहमति बनी है।

## सट्टे में हुआ कर्जदार तो अपहरण का रचा नाटक

**कानपुर।** ऑनलाइन सट्टेबाजी और महंगे शौक में कर्जदार बने स्कूल संचालक के बेटे ने अपने अपहरण का नाटक रचा था। बुधवार को गुजैनी पुलिस युवक को हरिद्वार से लाई। पूछताछ में उसने बताया कि गलत कामों में उसने 20 लाख रुपये उधार ले लिए थे। कर्जदार परेशान कर रहे थे तो ऐसा किया। बर्रा आठ निवासी राधेश्याम कटियार स्कूल संचालक हैं। उनका बेटा अंकुर कटियार (31) सहारनपुर में प्राइवेट कर्मी है। भाई अनिल ने बताया कि 29 अगस्त को अंकुर के दो नंबरों से मां विमला और बहन सारिका के पास फोन आया। जिसमें अंकुर ने बताया कि उसका अपहरण हो गया है। अपहर्ता 20 लाख रुपये मांग रहे हैं। परिजनों ने मामले की जानकारी गुजैनी पुलिस को दी। पुलिस अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच में जुट गई। बीते मंगलवार को अंकुर ने बहन को फोन कर कहा कि अपहर्ता 3 लाख रुपये में राजी हो गए हैं। दो लोग घर आएंगे उन्हें रुपये दे देना। जानकारी पर गुजैनी पुलिस ने रुपये लेने आए अंकुर के दोस्त शोभित को दबोच लिया। पूछताछ में शोभित ने बताया कि अंकुर ने उधार रुपये लिए थे।

## सार-संक्षेप



अभ्यर्थी शोभा को नियुक्ति पत्र दिया गया। अमृत विचार

### एडीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

**कानपुर।** मिशन रोजगार के तहत सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। सहायक अभियंता आवास विकास परिषद के पद पर चयनित शहर की अभ्यर्थी शोभा को एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने नियुक्ति पत्र दिया। शोभा ने राजकीय पॉलिटेक्निक सिकंदरा से सिविल इंजीनियर का डिप्लोमा प्राप्त किया है।



मुख्तारुल अमीन का सम्मान करते जयंत चौधरी। अमृत विचार

### मुख्तारुल अमीन का हुआ सम्मान

कानपुर। चर्म क्षेत्र कौशल परिषद के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन को दिल्ली में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान वैश्विक मंच पर भारत की युवा प्रतिभाओं को सहयोग करने, एलएसएससी और अन्य उद्योग भागीदारों के महत्वपूर्ण योगदान को लेकर दिया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने उन्हें सम्मान प्रदान दिया। मंत्री जयंत चौधरी ने उन्हें बारीक परख रखने वाले उद्यमी की संज्ञा दी। कहा कि उनके प्रयास उद्यमिता को लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे। समारोह में ओलम्पिक पदक विजेता विजेंद्र सिंह, अमन सेहावत के अलावा फिल्म कलाकार शर्मन जोशी ने भी शिरकत की।



पारस अस्पताल में मौजूद डॉक्टर व स्टाफ। अमृत विचार

### पारस हॉस्पिटल में लगा हेल्थ अवेयरनेस कैंप

**कानपुर।** इनरव्हील कानपुर मेन ने सिंहपुर रोड पर स्थित पारस हॉस्पिटल में क्लब मेम्बर्स के लिए एक हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया। कैंप में बढ़ती हुई लिवर की बीमारियां, ब्रेन स्ट्रोक, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और बच्चों को स्वस्थ कैसे रखा जाए आदि विषयों पर विशेष चर्चा की। साथ ही बीमारियों का कारण, बचाव और रोकथाम पर चर्चा की। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष संगीता महेश्वरी, पीडीसी शालिनी खन्ना, सचिव रेनू जायसवाल, उपाध्यक्ष रोचना विश्नोई, संगीता अग्रवाल, अलका मेहरोत्रा, अमिता मेहरोत्रा, नीलम गोयल समेत 50 सदस्याएं उपस्थित रहीं।



बुजुर्ग को आर्थिक मदद देते मनोज भदौरिया। अमृत विचार

### नम आंखों से बुजुर्गों को दी आर्थिक मदद

अमृत विचार। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने कई बुजुर्गों को खाने-पीने का सामान औप धनराशि भेंटकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मां प्रथम शिक्षिका होती हैं और पिता प्रथम गुरु होता है। युवा पीढ़ी से कहा कि आपका जीवन तभी पूर्ण होगा जब बुजुर्गों का आप ख्याल और सम्मान रखेंगे। भीम सिंह चौहान, हरिओम भदौरिया, लाखन सिंह, पंकज राजावत, नितिन चतुर्वेदी, प्रियांशु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## बिना नंबर की बाइक से भागे थे लुटेरे, तलाश जारी

कल्याणपुर संवाददाता

- रावतपुर में ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग से लूट का मामला
- पुलिस ने 80 सीसीटीवी खंगाल कर लगाए सुराग

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में बैंक से 50 हजार रुपये निकाल कर ई रिक्शा से घर लौट रहे सेवानिवृत्त विद्युतकर्मी का बैग बिना नंबर की बाइक से आए लुटेरे छीनकर भाग निकले थे। मामले की जांच में जुटी पुलिस 80 सीसीटीवी को खंगालने के बाद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कर रही है।

काकादेव निवासी सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी अरुण कुमार पांडेय सोमवार को काकादेव स्थित एचडीएफसी बैंक से 50 हजार रुपये निकाल कर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। तभी नमक फैक्ट्री रोड के स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल के पास उसी ई रिक्शा पर बैठे दो यवकों ने बुजुर्ग का रुपयों से भरा बैग छीन लिया था। बुजुर्ग के शोर मचाने पर दोनों युवक ई रिक्शा के पीछे चल रहे बाइक सवार अपने साथी के साथ भाग निकले थे। आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिए बिना नंबर की बाइक का इस्तेमाल किया था। जोकि घटनास्थल के पास लगी सीसीटीवी में कैद हुई है। साथ ही लुटेरों से सबंधित कुछ अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं। इस संबंध में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के संबंध में 80 से ज्यादा सीसीटीवी को खंगाला गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




आपथैल्मिक सोसाइटी की संगोष्ठी में मौजूद नेत्र विशेषज्ञ। अमृत विचार

## डॉ.मनीष महेंद्रा बने सोसाइटी अध्यक्ष

**कानपुर।** आपथैल्मिक सोसाइटी की ओर से नेत्र विशेषज्ञों की वार्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही सत्र 2024-2025 की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। डॉ.मनीष महेंद्रा अध्यक्ष, डॉ.संगीता शुक्ला व डॉ. अर्पणा महेन्द्र उपाध्यक्ष और डॉ.मोहित खत्री ने सचिव पद का कार्यभार संभाला।

पदमश्री डॉ.एके ग्रोवर, दिल्ली से डॉ. राजेश सिन्हा, डॉ.तुषार अग्रवाल, डॉ.पारूल शर्मा व चेन्नई से डॉ.मोहन राजन ने मधुमेह संबंधी आंखों की समस्या, सबलबाई व मोतियाबिन्द आपरेशन की जटिलताओं पर जानकारी दी।

## सरल हृदय में ही निवास करता है धर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आनंदपुरी धर्म स्थानक में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व पर आराधना के चौथे दिन को आचरण दिवस के रूप में मनाया गया। नीलम जैन ने कहा कि धर्म सरल हृदय में ही निवास करता है, ज्ञान के बिना आचरण ऐसे है जैसे तिजोरी में रखा पैसा। उन्होंने हृदय को सरल बनाने के लिए महावीर जी द्वारा दिये गये उपदेशों के चार भावना मैत्री, प्रमोद, कारुण्य, मध्यस्थ पर भी विचार रखे।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा आनंदपुरी में आयोजित कार्यक्रम में नीलम जैन ने कहा कि करुणा तो बहुत किया अब स्वयं की आत्मा पर करुणा दया करना है। हर सुख किसी न किसी दूसरे जीवन के दु:ख पर आधारित है। नथगल जी सिंधवी ने 12 प्रकार के तप पर प्रकाश डालते हुए सभी तपों के धारक महापुरुषों के चरित्र को सुनाया।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के महामंत्री धनंजय जैन तिलक जैन, वर्धमान जैन, विकास जैन, संदीप जैन, मितेश जैन, मृदुल जैन, संजय जैन, महावीर जैन, शालू जैन, अनीता जैन, वर्षा जैन, संध्या जैन आदि थे।




आनंदपुरी धर्म स्थानक में नथगल जी एवं नीलम जी वाफना प्रवचन देते हुए।

## सेवायोजन पोर्टल से 2505 युवाओं ने हटाया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिछले तीन महीने में खत्म किया अपना पंजीकरण, कारण जानने का हो रहा प्रयास

**1,49,355** कुल बेरोजगारों का पंजीकरण

**90,012** युवा पोर्टल पर हैं पंजीकृत

**59,343** युवतियों ने कराया है पंजीकरण

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग के पोर्टल से पिछले तीन माह में 2505 युवाओं ने किनारा कर लिया है। इनमें 1641 युवा और 864 युवतियां हैं। माना जा रहा है कि नौकरी मिलने या उम्र पूरी होने के कारण इन युवाओं ने अपना पंजीकरण खत्म कर दिया है।

सेवायोजन विभाग पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले युवाओं को विभिन्न माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। रोजगार मेलों में भी पोर्टल के जरिए ही बुलावा भेजा जाता है। लेकिन पोर्टल से 2505 युवाओं ने अपना पंजीकरण खत्म कर दिया है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि उम्र की योग्यता खत्म होने या नौकरी लगने की वजह से पंजीकरण खत्म किया गया है। विभाग युवाओं से संपर्क कर असली वजह जानने का प्रयास कर रहा है।

## कूड़ाघर की बदबू से स्कूल में पढ़ाई मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूल के आसपास दर्जनों कबाड़ी, ठोंक-पीट से परेशान होते रहते बच्चे
- कूड़ाघर हटाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों से कर चुके शिकायत

**अमृत विचार।** हीरामन पुरवा क्षेत्र के दलेलपुरवा में कूड़ाघर की दीवार से सटा हुआ एमए सोलंकी मेमोरियल प्राइमरी स्कूल है। इस स्कूल में कूड़े की इतनी बदबू रहती है कि स्कूल के अंदर कोई खड़ा नहीं हो सकता। स्कूल की ओर से क्लासों में अगरबत्ती सुलगाई जाती है।

चीनापार्क, हीरामन पुरवा, इफ्तिखाराबाद, मोहम्मदिया हास्पिटल, गोरा कब्रिस्तान समेत कई क्षेत्रों का कूड़ा दलेलपुरवा कूड़ाघर में पड़ता है। वैसे तो इस कूड़ाघर को चारों ओर से घेर दिया गया है लेकिन यहां इतना कूड़ा हो जाता है कि सड़क तक फैला रहता है। इसी कूड़ाघर की दीवार से मिला है स्कूल।

### क्या बोले स्कूल प्रबंधक

कूड़ाघर को हटवाने के लिये सरकार से लेकर उच्चाधिकारियों को पत्र दिया लेकिन कुछ नहीं हुआ। स्कूल के आसपास दर्जनों कबाड़ की दुकानें हैं जहां हर समय कबाड़ को काटने, तोड़ने का काम चलता रहता है। उसमें इतनी आवाज होती है कि शिक्षकों को बच्चों के पढ़ाने के लिये चिल्लाना पड़ता है।

**कौसर सोलंकी, प्रबंधक, एमए सोलंकी मेमोरियल प्राइमरी स्कूल**

मुहिम | सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सुनवाई में मजबूती से रखा जाएगा पक्ष

# जमीअत जुटा रहा बुलडोजर कार्रवाई का ब्यौरा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर जमीअत उलमा हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए आरोपियों के आशियाने गिराने की कार्रवाई को कठघरे में खड़ा किया है। अवैध निर्माण का संरक्षण नहीं करते हुए कोर्ट ने इस बारे में मार्गदर्शक सिद्धांत की जरूरत बताते हुए अगली सुनवाई 17 सितंबर तय की है। इसे देखते हुए जमीअत ने जहां कहीं भी बुलडोजर कार्रवाई हुई है, उसका पूरा ब्यौरा एकत्र करना शुरू कर दिया है, ताकि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी तथ्य रखे जा सकें। जमीअत उलमा हिंद ने याचिका में तीन राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए बुलडोजर एक्शन लेने का आरोप लगाते हुए इसे रोकने की गुहार लगाई है। अब इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखने के लिए बुलडोजर कहां, कब और क्यों चला? कार्रवाई कितनी वैध थी, जैसे बिंदुओं पर डाटा एकत्र करना तय हुआ है। जमीअत की टीम गिराये गये घरों के आसपास रहने वाले लोगों से बात करेगी और जिनका घर गिराया गया है, उनके परिजनों के बयान लेगी। संगठन का कहना है कि इसमें हिंदू-मुस्लिम का भेद नहीं है, जहां कहीं बुलडोजर कार्रवाई हुई है, सभी का ब्यौरा जुटाया जाएगा।

### 17 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

“संगठन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रखा है, जब तक बुलडोजर एक्शन का पूरा ब्यौरा नहीं होगा, अपनी बात सुप्रीम कोर्ट के सामने मजबूती से कैसे रखी जा सकती है।

**- मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, शहरकाजी, कार्यवाहक प्रदेश महामंत्री, जमीअत उलमा-ए-हिंद**

### लोगों की राय



“जमीअत ने बुलडोजर पर याचिका दायर की है। कई राजनीतिक पार्टियां मुसलमानों का वोट लेती हैं, लेकिन बुलडोजर को लेकर याचिका नहीं दाखिल की, क्या मुसलमान उनके लिए वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं है।

**- इस्लाम खां आजाद**



“सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य है, प्रदेश सरकार ने समझ लिया था कि वह कानून से ऊपर है। बुलडोजर चलाने के मामले में कई अधिकारी मुश्किल में आ सकते हैं। ऐसी कार्रवाई से राजनीति बदनाम हो रही है।

**- प्रो. मोहम्मद सुलेमान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत**



“सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि इस मुद्दे पर एक राय होकर साथ आएं और जमीअत का साथ दें। ये गंभीर मुद्दा है, कितने लोगों का घर बर्बाद हो गया, बताने की जरुरत नहीं है।

**डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी**

### इन बिंदुओं पर जुटाए जा रहे तथ्य

- जिसके यहां बुलडोजर चला, उसका पुराना अपराधिक इतिहास
- जिसका घर गिराया गया है, उसके पड़ोसियों का क्या कहना है?
- एफआईआर दर्ज होने या अपराध के कितने दिनों बाद बुलडोजर चला।
- बुलडोजर किस विभाग का था, किस विभाग ने कार्रवाई की।
- जिस मकान पर बुलडोजर चला है, वह किसके नाम था, अपराधी से संबंध क्या है।
- बुलडोजर कार्रवाई के पहले विभाग ने कितनी बार नोटिस दी।
- अपराध के 24 घंटे के अंदर किस अपराधी का घर गिराया गया।
- यदि अतिक्रमण करके आशियाना बनाया गया था, तो मकान कब से बना था।
- यदि मकान अवैध बना है तो अधिकारियों को अभी तक क्यों नहीं दिखा।
- किसी आशियाना को गिराने का वैधानिक आधार क्या था।

# पीएफ विभाग की गलतियों का खामियाजा भुगतते हैं उद्यमी

## प्रोविडेंट फंड विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में व्यापारियों ने उठाईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों ने बुधवार को प्रोविडेंट फंड विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि विभाग की गलतियों का खामियाजा उद्यमियों को भुगतना पड़ता है। छोटी-छोटी गलतियों को दुरुस्त होने में लगने वाले समय से कर्मचारी व श्रमिक उनपर भरोसा खो देते हैं। अधिकारियों ने उद्यमियों की समस्याओं को जल्द दूर किए जाने का आश्वासन दिया।

यह बैठक क्षेत्रीय आयुक्त अमूल राज सिंह की अध्यक्षता में होनी थी। ऐन वक्त पर उनके बैठक में न आने पर भी उद्यमियों ने नाराजगी जाहिर की।

बैठक में आये अधिकारियों ने बजट में घोषित की गयी ईएलआईसी योजना के तहत उद्यमियों को जानकारी प्रदान की और सुझाव मांगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश बरासिया ने कहा कि अतिशीघ्र सदस्यों से सुझाव लेकर विभाग में भेज देंगे। बैठक में विभाग की ओर से मिथलेश चौधरी, सोहिबा अजाज, देवराज श्रीवास्तव मौजूद रहे। इसी तरह संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य, राष्ट्रीय महामंत्री आलोक अग्रवाल, हर्षल अग्रवाल सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।


पीएफ विभाग के अफसरों के साथ बैठे उद्यमी।


भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने दी जानकारी।

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का मंडलीय सम्मेलन 8 को

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का मंडलीय सम्मेलन 8 सितंबर को होटल सेलिब्रेशन में होगा। इस सम्मेलन में महानगर इकाई के पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा भी की जाएगी। सम्मेलन के लिए कई जिलों के व्यापारी शहर आ रहे हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक कोपरगंज कार्यालय में हुई। बैठक में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि मंडल में आने वाले कानपुर महानगर, कानपुर ग्रामीण, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रूखाबाद, औरैया, इटावा सहित जिलों के पदाधिकारी मंडलीय सम्मेलन में एकत्र होकर कानपुर में 8 सितंबर को व्यापारियों व उद्यमियों की समस्याओं पर मंथन करेंगे। कहा कि इस मंडलीय सम्मेलन मे मंडल के कुछ जिलों से कुछ प्रदेश पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा भी की जायेगी | महानगर अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष हुए 51 पदाधिकारियों के चुनाव के बाद 8 सितंबर को इसी सम्मेलन में बाकी कई बाजारों को जोड़ते हुए महानगर इकाई के पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा भी होंगी| बैठक में महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, महानगर कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश आहूजा व रतन सिंह राजू, युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## आसरा आवास के लाभार्थियों को दिलाएं लाभ

**कानपुर।** आसरा आवास के लाभार्थियों को योजना का लाभ देने में देरी नहीं होनी चाहिए, लाभार्थियों को जल्द आवास आवंटित किए जाएं। मेट्रो का अतिक्रमण हटवाया जाए। बुधवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से कहा कि शहर में आसरा आवास के लाभार्थियों को जल्द आवास आवंटित किए जाएं। कल्याणपुर-शिवली से शिवराजपुर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर व आसपास जलभराव व गंदगी न होने पाए। डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए। अपशिष्ट फैलाने वालों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई होनी चाहिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि छुट्टा गोवंशों को संरक्षित कराएं। मंडलायुक्त ने मौरंग मंडी में निर्माणाधीन 100 शैय्या अस्पताल की जानकारी ली और जिलाधिकारी से कहा कि अस्पताल संचालन के लिए पद सृजन व तैनाती के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए।

# जाम से निपटने में लेंगे जनता की मदद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


परेड चौराहे पर रोज लगता है जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों व स्कूलों के पास आए दिन यातायात जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय थाना पुलिस, व्यापारियों और स्कूल प्रबंधकों की मदद लेने वाली एक योजना तैयार की है। ट्रैफिक पुलिस का दक्षिण क्षेत्र के एक स्कूल में प्रयोग सफल रहा है। जल्द ही शहर के सभी स्कूलों में वाहन अंदर खड़े कराने की व्यवस्था की जाएगी। इससे पहले शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक दोस्त अभियान लांच किया गया था और सुधार के लिए जनता से सुझाव मांगे गए थे। उस अभियान का परिणाम अभी आना बाकी है।

डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया शहर में जाम की समस्या मुख्य रूप से बाजारों, चौराहों और स्कूलों के पास है। बाजारों में जाम न लगे इसकी जिम्मेदारी प्रत्येक जोन के टीआई के साथ संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जाएगी। थाना प्रभारी क्षेत्र के बाजारों में व्यापारियों से मिलकर पार्किंग,अतिक्रमण व जाम लगने के कारणों पर चर्चा कर समाधान तय करेंगे। स्कूलों में छुट्टी के बाद लगने वाले जाम की समस्या से निपटारे के लिए क्षेत्र के एसीपी प्रबंधन से वार्ता करेंगे। वाहनों को स्कूलों के अंदर खड़ा करने का विकल्प दिया जाएगा। यह प्रयोग यशोदा नगर में सैनिक चौराहा के पास स्थित एक स्कूल में सफल रहा है। जल्द ही पूरे शहर में इसी मॉडल को अपनाया जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण के कारण यातायात रेंगता है या जाम लगता है। एसीपी व्यवस्था करेंगे कि चौराहों से 50 से 100 मीटर दूर सार्वजनिक वाहन रुकें।

### यातायात पुलिस की योजना

- बाजारों में जाम से छुटकारा दिलाने में व्यापारी बनेंगे भागीदार
- स्कूलों के भीतर वाहन खड़े कराकर रोका जाएगा छुट्टी के समय फंसाव
- चौराहों से पहले सार्वजनिक वाहनों का ठहराव सुनिश्चित कराएंगे एसीपी

### 75 नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिले, 96 पर डीएल में कार्रवाई

14 दिन के विशेष अभियान में बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाया। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया 75 नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिले, जिन पर कार्रवाई कर ई रिक्शा सीज किया गया। 96 ई रिक्शा चालकों पर ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की कार्रवाई की गई। मंगलवार रात ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान में 17 वाहन चालकों पर एमवी एक्ट में कार्रवाई की गई।

# पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाएं जन-जन तक पहुंचाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अल्लाह के रसूल पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जमीअत उलमा हिंद ने समाज से बुराई मिटाने, उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आपसी प्यार मोहब्बत को बढ़ाने के लिए रहमत आलम अशरा मनाने का फैसला लिया है।

बुधवार को जमीअत उलमा के प्रदेश कार्यवाहक महासचिव एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, मौलाना अबू बकर हादी, मौलाना अब्दुलर कासमी ने मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में पत्रकारों को ये जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 7 सितंबर दिन शनिवार को ख्वातीन का इज्तिमा आयोजित होगा। इसके अलावा इसी दिन शाम को समाज सुधार कार्यक्रम एवं 21 सितंबर को नातिया मुशायरा आयोजित होगा। शहर में अलग-अलग स्थानों पर कुल 21 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें मौलाना इनाम अहमद कासमी खलीफा, हजरत मौलाना शाह अबरारुलहक हरदोई और मदरसा रौजतुल उलूम कासगंज के सदर मुदर्रिस व अन्य विद्वान संबोधित करेंगे। समाज की बुराइयों जैसे धर्मत्याग, शराब, जुआ, झूठ, धोखाधड़ी, अश्लीलता से दूर रहने के लिये जागरूक किया जायेगा। वैवाहिक जीवन में झगड़े, तलाक, खुला आदि को रोकने और इन बुराइयों को दूर करने के लिए इस्लाहे मुआशरह (समाज सुधार) कार्यक्रम होंगे।



कुलीबाजार में पत्रकार वार्ता करते शहरकाजी व अन्य। अमृत विचार

- समाज से बुराइयों के खात्मे को चलेगा अभियान, ख्वातीन इत्जेमा भी होगा

## हैलट में गार्ड और जेआर भिड़े

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में हैलट अस्पताल में मंगलवार रात जेआर और सुरक्षाकर्मियों के बीच अभद्रता और गालीगलौज हो गई।

हैलट अस्पताल के इमरजेंसी के बाहर भूतपूर्व सैनिक कृपाशंकर और स्माइल ड्यूटी कर रहे थे। सुरक्षा कर्मियों के अनुसार रात में एक युवक अंदर जाने लगा तो उसे रोककर परिचय पूछा गया तो वह गालीगलौज करते हुए अभद्रता करने लगा। बाद में उसने अपने को जेआर गौरव बताया। तब तक मामला बढ़ चुका था। ईएमओ ने दोनों पक्षों से मामले की जानकारी की। सुरक्षाकर्मियों का आरोप है कि जेआर एप्रेन नहीं पहने था, इस कारण रोका गया था। गलती पूछने पर डॉक्टरों ने पीटने की धमकी दी। और तो और इमरजेंसी के पास पर्चा काउंटर पर गार्ड से अभद्रता करते हुए धक्कामुक्की की। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि उन लोगों ने तय किया है कि यदि जूनियर डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह लोग हैलट में काम नहीं करेंगे।


हरतालिका तीज के लिए चूड़ियां खरीदती महिला। अमृत विचार

# साड़ी, सुहाग सामग्री और ज्वैलरी खरीदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरतालिका तीज शुक्रवार को है। इसे लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुहागिन महिलाएं पूजन सामग्री, परिधानों और आभूषणों की खरीदारी में जुटी हैं। बुधवार को ब्यूटी पार्लरों में मेहंदी लगवाने, दुकानों पर चूड़ी व सुहाग का सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही।

हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए तो कुंवारी कन्याएं मनचाहा योग्य पति पाने के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। इस व्रत का एक बार संकल्प लेने पर आजीवन रखना पड़ता है।

यह त्योहार माता पार्वती और शिव को समर्पित है। व्रत रखने वाली महिलाएं 16 श्रृंगार करने के साथ माता गौरी को भी 16 श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करती हैं। प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला और कैलाश मंदिर में व्रत उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

## सार-संक्षेप

### समाचार पत्र वितरक की पत्नी का निधन

**कानपुर।** कल्याणपुर सेंटर के समाचार पत्र वितरक अरुण मिश्रा की 34 वर्षीय पत्नी अंजलि मिश्रा का बुधवार को देहांत हो गया। वह पिछले कई महीने से बीमार चल रहीं थीं। गुरुवार को बिठूर स्थित घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के संयोजक अश्वनी कुमार पाण्डेय ने उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

### शराब पीने का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के एक पार्क में बैठकर शराब पीने का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से पीट कर युवक को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सरायमीता निवासी अभिषेक सिंह चंदेल के मुताबिक रविवार रात वह अपने साथी उमाकांत दुबे के साथ गांव के अखाड़ा पार्क में टहलने गए थे, जहां दीपू यादव अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। जिसका उन्होंने विरोध किया। आरोप है कि दीपू ने सोमवार रात अपने साथी रवि, निशांत,गौरव, लाला यादव व मोनू के साथ मिलकर अभिषेक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी के 16 मोबाइल बरामद

**कानपुर।** छावनी पुलिस ने चोरी के 16 मोबाइल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि देर रात गंगाघाट चौकी अंतर्गत गंगापुल के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। स्कूटी सवार दो युवक उन्नाव की तरफ से आ रहे थे। उन्हें रोककर तलाशी ली गयी तो उनके पास 16 मोबाइल मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम बजरिया के फूलमती मंदिर तिराहा निवासी मोहम्मद फैज सिद्दीकी और सीसामऊ प्रेमनगर निवासी शाहरुख बताया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग बाजारों समेत अन्य स्थानों से मोबाइल चुराकर फिर उन्हें सस्ते दामों में बेच देते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया है।

### मवेशियों से लदे पिकअप समेत चालक को पकड़ा

**कानपुर।** पुलिस ने रामादेवी फ्लाईओवर पर मवेशियों से लदा पिकअप पकड़कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि बुधवार को सूचना के आधार पर पुलिस ने रामादेवी फ्लाईओवर पर एक पिकअप को पकड़ा। तलाशी लेने पर पिकअप में सात मवेशी लदे मिले। चालक से कागज मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अकबरपुर के बारा गांव निवासी मोहम्मद अतीक बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी चालक ने बताया कि वह मवेशियों को कानपुर देहात के पुखरायां से लेकर आ रहा था। मवेशियों को उन्नाव में उतारना था। इस संबंध में चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## पापड़ कारोबारी के यहां पड़ा छापा

**कानपुर।** सीजीएसटी टीम ने एक पापड़, चिप्स कारोबारी के ठिकानों पर 12 घंटे तक छापेमारी की और कागजात जब्त किए। कारोबारी की दादानगर स्थित फैक्टरी समेत चार ठिकानों पर मंगलवार देर रात दो बजे तक कार्रवाई होती रही।

बताया गया कि इन ठिकानों से बड़े स्तर पर गड़बड़ियां मिली हैं। बड़ी टैक्स चोरी के अलावा दस्तावेज व स्टॉक में भी अंतर मिला।

लंबे समय से पापड़, चिप्स और कचरी बनाने का कारोबार करने वाले शहर के एक बड़े उद्यमी के खिलाफ सेंट्रल जीएसटी को टैक्स चोरी व बाहर से बिना कागज के माल मंगवाने और भेजने की शिकायत आ रही थी। इस पर विभाग ने कार्रवाई की।

# 4जी मीटर से गलत बिल की समस्या दूर होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को के कई उपभोक्ता वर्तमान में बिलिंग व मीटर में आ रही गड़बड़ी की समस्या से परेशान हैं। उपभोक्ताओं को इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए केस्को ने 4जी स्मार्ट मीटर सभी घरों में लगाने की योजना तैयार की है।

कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) के शहर में करीब साढ़े सात लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से तमाम उपभोक्ता बिल में आ रही गड़बड़ी की वजह से परेशान हैं। केस्को में मीटर रीडिंग से संबंधित करीब 1300 शिकायतें, सर्विस से संबंधित करीब 500 शिकायतें और 1912 पर सात हजार से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं।

अब केस्को के अधिकारियों ने करीब साढ़े छह लाख उपभोक्तों के घरों में 4 जी स्मार्ट मीटर लगाने की भी तैयारी की है, ताकि इन समस्या से उपभोक्ताओं को पूरी तरह से निजात मिल सके। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक योजना के तहत पहले चरण में सरकारी कार्यालयों में 4जी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उसके बाद जिन उपभोक्ताओं के मीटर खराब हैं या गड़बड़ी आ रही है, उनको बदला जाएगा।

### अगले साल तक मिलेगी समस्या से निजात

विद्युत बिल की परेशानियों से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अगले सात तक पूर्ण रूप से निजात मिल सकती है। इसके तहत केस्को 582 करोड़ रुपये के बजट से एडवांस मीटरिंग इंफ्राटेक्चर प्रोवाइटर (एएमआइएसपी) योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगा रहा है। वहीं, केस्को अधिकारियों के मुताबिक इसी 15 सितंबर से सरकारी कार्यालयों में फोर जी पोस्टपेड स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की जाएगी। दूसरे चरण में उन उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिनके मीटर खराब हैं, ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या लगभग तीन हजार है।

### एक लाख 52 हजार घरों में लगे हैं स्मार्ट मीटर

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि तीसरे चरण में उन स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जाएगा, जहां से केस्को को सबसे बेहतर राजस्व मिलता है। अभी एक लाख 52 हजार उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लगे हैं। अब केस्को ने साढ़े छह लाख 4जी स्मार्ट मीटरों को लगाने का लक्ष्य तय किया है।

- पहले चरण में सरकारी कार्यालयों में लगेंगे ये मीटर

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। कर्नलगंज पुलिस ने सनी निवासी सिविल लाइंस को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक विशेष कुमार ने बताया कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने फिराक में था। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

27 से क्रिकेट टेस्ट मैच | दोनों दीर्घाओं की रिपोर्ट देने के लिए 7 से 8 दिन का समय मांगा

# एचबीटीयू टीम ने देखी सी-बालकनी व स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में बुधवार को एचबीटीयू की तकनीकी टीम ने सी-बालकनी और सी-स्टॉल दीर्घाओं का गहनता से निरीक्षण किया। तकनीकी टीम ने दोनों दीर्घाओं की हालत पर रिपोर्ट देने के लिए यूपीसीए के ग्रीनपार्क स्थित नोडल अधिकारी से 7 से 8 दिन का समय मांगा है।

भारत-बांग्लादेश के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच सीरिज का दूसरा मैच ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से खेला जाना है। पीडब्ल्यूडी की टीम ने दर्शक क्षमता को लेकर किए गए निरीक्षण में सी-बालकनी व सी-स्टॉल को असुरक्षित बताकर छोड़ दिया था। इसी कारण एचबीटीयू की तकनीकी टीम को दोनों दीर्घाओं का परीक्षण करने का काम सौंपा गया है। बुधवार को सी-बालकनी व सी-स्टॉल के निरीक्षण में एचबीटीयू की तकनीकी टीम के साथ पीडब्ल्यूडी की टीम, यूपीसीए और खेल विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। टीम ने निरीक्षण के बाद यूपीसीए के नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव से रिपोर्ट के लिए 7-8 दिन का समय मांगा है। टीम ने कहा कि अगर यूपीसीए को पूरी तरह दोनों दर्शक दीर्घाओं को ठीक कराना है, तो उसके लिए पूरा एस्टीमेट बनाकर देंगे। इसमें कितना काम और कितनी मैन पावर लगेगी जैसी जानकारी होगी।



### अभी 18,301 दर्शक क्षमता, जो 20 हजार तक हो सकती

पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीनपार्क स्टेडियम की मौजूदा दर्शक क्षमता 18301 है। इसमें पीडब्ल्यूडी ने सी-बालकनी की दर्शक क्षमता को पूरी तरह शून्य बताया है। सी-स्टॉल की दर्शक क्षमता में शुरुआत की कुछ दीर्घाओं का प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की है। इसके अलावा अगर यूपीसीए ई-पब्लिक, डी-चेयर्स, डी-इनविटेशन की दीर्घाओं को ठीक कराता है तो कुल दर्शक क्षमता 20 हजार के करीब पहुंच जाएगी।

एचबीटीयू अधिकारियों ने सी-बालकनी व सी-स्टॉल का निरीक्षण किया है, अभी उन्होंने रिपोर्ट नहीं दी है। दीर्घाओं को लेकर किसी भी प्रकार के निर्णय पर पहुंचने के लिए 8 दिन का समय मांगा है।

– सुजीत श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी ग्रीनपार्क यूपीसीए



# उम्मीद पूरी तरह टूटी, घाट नहीं पहुंचा परिवार

संवाददाता, बिल्हौर

- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें निराश होकर लौटीं
- खोजबीन में डटे रहे गोताखोर ड्रोन कैमरे के जरिए तलाश

**अमृत विचार:** बिल्हौर के नानामऊ गंगा घाट पर शनिवार को गंगा स्नान करते समय डूबे प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव का पांचवें दिन बुधवार को भी कोई पता नहीं चल सका। अब तो परिवार की भी सारी उम्मीदें टूट गई हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी हताश होकर बुधवार को लौंट गईं।

लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी वाराणसी के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव शनिवार को नानामऊ घाट पर गंगा नहाते समय डूब गए थे। वह अपने दो दोस्तों के साथ गंगा नहाने पहुंचे थे। शनिवार से ही स्थानीय गोताखोरों के साथ पुलिस और पीएसी की टीमें तलाश में जुट गई थीं। दूसरे दिन से एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें गंगा को छान रही थीं, लेकिन उन्हें बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल सकी

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने नानामऊ घाट से लेकर शिवराजपुर, बिठूर और फिर कानपुर के गंगा बैराज तक स्टीमर के जरिए सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन हाथ खाली ही रहे। बुधवार को भी टीमें सुबह से शाम तक तलाश में जुटी रहीं, लेकिन मिलने की उम्मीद छोड़ चुके परिवार के लोग पांचवें दिन घाट नहीं पहुंचे। आस्ट्रेलिया से आने के बाद गौरव के पिता रमेश चंद्र और मां शशिप्रभा दो दिन से नानामऊ घाट पर ही सुबह से शाम तक डेरा डाले रहे। बुधवार शाम सर्च ऑपरेशन खत्म होने के बाद एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें में भी वापस लौट गई हैं। हालांकि पुलिस और स्थानीय गोताखोरों अभी तलाश कर रहे हैं। बुधवार को दो ड्रोन कैमरों के जरिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। गंगा में तेज बहाव और पानी का फैलाव होने के कारण तलाश में दिक्कतें आ रही हैं।


दोस्त के साथ आदित्यवर्धन सिंह के नहाते समय की फोटो सामने आई ।


नाव में थकान मिटाते नाविक।

### मिट्टी की कटान से दबने की जताई जा रही आशंका

गंगा नदी में पांच दिन से सर्च ऑपरेशन चला रही टीमें भी हताश हो गई हैं। खोजबीन में जुटे जवानों का कहना है कि जिस तरह सर्च ऑपरेशन चलाया गया है, उससे अब तक बरामद हो जाना चाहिए था। निर्जीव शरीर पानी के ऊपर आ चाहिए था। ऐसे में आशंका है कि बाढ़ से मिट्टी की कटान में दब सकते हैं या फिर जलीय जंतु अपना शिकार बना सकते हैं।

### उम्मीद नहीं छोड़ सकते

पांच दिन से खोजबीन के बावजूद अभी बरामदगी नहीं होने से भले ही परिवार के लोग उम्मीद छोड़ चुके हैं। सर्च ऑपरेशन में डटीं टीमें वापस लौट गई हैं, मगर एसडीएम रश्मि लांबा ने अभी हार नहीं मानी है। उनका कहना है कि हम तब तक उम्मीद नहीं छोड़ सकते, जब तक बरामदगी नहीं हो जाती। स्थानीय गोताखोरों की मदद से अभी भी खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

# सब्जी मंडी गए किसान का पटरी पर मिला शव

संवाददाता, चौबेपुर

- आज से 6 सितंबर तक ओपीएस बहाली के लिए होगा विरोध

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मेघनीपुरवा गांव से बाजार में खीरा बेचने गए किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के निकट रजबहे की पटरी पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मेघनीपुरवा का विनोद कमल (32) पुत्र रामसेवक बटाई पर खेत लेकर सब्जियों की खेती करता था। बताया गया कि मंगलवार सुबह वह खेत से खीरा तोड़कर कल्यानपुर मंडी में बेचने के लिए लेकर गया था। इसके बाद शाम करीब 5 बजे उसका शव गांव से थोड़ा ही दूर रजबहे की पटरी पर पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की तलाशी में उसकी जेब में कुछ रुपये और मोबाइल मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामसेवक के पांच बेटों में विनोद सबसे छोटा था। एक बेटे रिंकू की 6 माह पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। कुछ दिन बाद ही रिंकू के 7 वर्षीय बेटे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। साल भर के अंदर ही रामसेवक की एक नातिन की भी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। एक के बाद एक मौतों से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

# कार की टक्कर से जीजा की मौत, साला गंभीर

## बिठूर थाना क्षेत्र के कोठारी चौराहे के पास हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार:** बिठूर थाना क्षेत्र के कोठारी चौराहे के पास बुधवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से जीजा की मौत हो गई, जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे का शिकार युवक ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता था।

मंधना के शिवनगर निवासी राजू सिंह चौहान (40) अपने साले दीपक सिंह के साथ अपने गांव शिवनगर जा रहा था, तभी कोठारी चौराहे के पास मंधना की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे राजू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साला दीपक (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने दोनों को चौराहे पर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल दीपक के इलाज में जुट गए।

हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बिठूर इंस्पेक्टर पीएन विश्वकर्मा पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे का शिकार हुआ राजू ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी जानकी रो-रोकर बेहाल रही। राजू के तीन बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी दामिनी, बेटा देवा सिंह व हिमांशु हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि घायल दीपक का इलाज चल रहा है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल पहुंचीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

# कार-ऑटो में भिड़ंत 5 घायल, तीन रेफर

संवाददाता, पतारा

- पतारा चौकी क्षेत्र के टेनापुर मोड़ के पास हुआ हादसा
- हादसे के बाद कार छोड़कर मौके से भाग निकला चालक

**अमृत विचार:** पतारा चौकी क्षेत्र के टेनापुर मोड़ के पास कार और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो चालक समेत ऑटो सवार पांच सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला।

नौबस्ता थाना क्षेत्र के खाड़ेपुर निवासी रोशन वर्मा (35) ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार दोपहर वह घाटमपुर से सवारियां लेकर कानपुर की ओर जा रहा था, तभी हमीरपुर हाईवे पर टेनापुर मोड़ के पास सामने से आई तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक रोशन समेत ऑटो में सवार सजेती निवासी सोनम पत्नी रणधीर, जहांगीराबाद निवासी अनवर, उसकी पत्नी मोमना, बरनांव निवासी सुघर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना फोन पर पुलिस को दी। पतारा चौकी पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में तीन लोगों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। कार को कब्जे में लिया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा से रेप करने वाला धरा गया

संवाददाता, सरसौल

- नई तहसील में पतारा के गांव जोड़ने पर जताई आपत्ति
- विधानसभा अध्यक्ष से विरोध जताएंगे प्रधान, जिपं सदस्य

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच दिन पहले 14 वर्षीय कक्षा सात की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बीच पुलिस ने पीड़ित छात्रा को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा, लेकिन महिला डॉक्टर के मौजूद नहीं होने से मेडिकल नहीं हो पाया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी इरफान अपने तीन साथियों के साथ 30 अगस्त की रात छात्रा के घर पहुंचा और पढ़ते समय दबोच लिया था। उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। घटना से आहत होकर छात्रा ने दूसरे दिन जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत सुधरने के बाद वह ननिहाल चली गई थी।

मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी इरफान के साथ उसके दोस्त इजराइल, इसलाम और इमरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने दुष्कर्म के मुख्य आरोपी इरफान को रहनस मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को पुलिस छात्रा को लेकर सरसौल सीएचसी पहुंची, लेकिन महिला डाक्टर न होने के कारण मेडिकल नहीं हो पाया।

थानाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म के मुख्य आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा के घर वालों ने बताया कि 15 दिन पहले भी इरफान ने बेटी का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की थी। तब वह सुबह स्कूल जा रही थी। इरफान के घर पर उलाहना भी दिया था।

### एक सप्ताह से किशोरी लापता, युवक पर आरोप

**बिधनू।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी हफ्ते भर से लापता है। उसके पिता ने गांव के ही एक युवक पर गुमराह कर ले जाने का आरोप लगाया है। डीसीपी दक्षिण के निर्देश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर खोजबीन शुरू की है। पिता की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि 27 अगस्त की रात बेटी अचानक बिस्तर से गायब हो गई। इसके बाद बेटी की रिश्तेदारी और क्षेत्र में तलाश की। घटना की रात से ही पड़ोसी सुमित दिवाकर भी लापता है। वह कई माह से बेटी पर बुरी नियत रखकर छेड़छाड़ करता था। इसकी शिकायत उसके परिजनों से भी की गई थी। बेटी घर से बुजुर्ग पिता के इलाज के लिए रखे 25 हजार रुपये भी ले गई है। आशंका है कि सुमित ही उसे झांसा देकर अगवा कर ले गया है। उसका आरोप है कि जब उसने आरोपी के परिजनों से शिकायत कर बेटी को वापस बुलाने की बात कही तो सभी मारपीट पर आमादा हो गए। उसने चौकी और थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को उसने डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार से शिकायत की। डीसीपी के निर्देश पर देर शाम आरोपी सुमित और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया सभी आरोपी फरार हैं। किशोरी और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शिवराजपुर के तीन गांवों के चार घरों में चोरी

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के महासरन नेवादा गांव एवं उदेतपुर व अजौली गाँव में चोरों ने चार घरों में चोरी करके लाखों रुपए का जेवर व नगदी पर कर दिया पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है एक ही रात में तीन गांव के चार घरों में चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

महासरन नेवादा के श्रीपाल पुत्र मुंशीलाल व राजपाल एवं उदेतपुर गांव निवासी राजेश पाल व अजौली गांव निवासी दीपू गौतम चारों पीड़ितों ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि मंगलवार की देर रात छत के रास्ते से घर में दाखिल होकर चोरो ने कमरों में रखे बक्से व अलमारी के लाकर तोड़कर उसमें रखा लाखों रुपए का जेवर व नगदी सभी कुछ समेट कर चोर ले गए महासरन नेवादा गांव निवासी श्रीपाल ने बताया कि मेरी बहू का सारा जेवर चोर उठा ले गए इस मामले में थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि चार जगह हुई चोरियों की तहरीर मिली है जांच पड़ताल चल रही है जल्द ही चोरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।


चोरी के बाद टूटा बक्शा देखती महिला। अमृत विचार

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न, हत्या के दो आरोपी जेल भेजे गए

**शिवराजपुर।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चार दिन पहले क्षेत्र के राधन गांव में नवविवाहिता का शव फंदे के सहारे लटका मिला था। देवीपुर सराय निवासी देवेंद्र सिंह ने बेटी दिव्या के ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा लिखाया था। पुलिस ने फरार राधन निवासी अभिषेक उर्फ पवन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दहेज उत्पीड़न में फरार बंसी नेवादा गांव निवासी राजन पुत्र रामखेलावन को भी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### महाराजपुर में ट्रांसपोर्टर ने ट्रेन से कटकर दी जान

**सरसौल।** बौद्धनगर हनुमंत विहार निवासी ट्रांसपोर्टर अमित दीक्षित (30) पुत्र भानुप्रताप का शव बुधवार देर शाम सरसौल के हाथीगांव रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटा मिला। उनकी बाइक नंदेश्वर महादेव मंदिर में खड़ी मिली। अमित बुधवार दोपहर घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटे तो घरवालों ने फोन मिलाया। फोन उस समय पुलिस के पास था। पुलिस ने घटना की जानकारी दी तो परिवार में कोहराम मच गया।

### बिजली की अघोषित कटौती से ककवन के लोग परेशान

**बिल्हौर।** एक माह से बिजली कटौती से ककवन के लोग परेशान हैं। रोस्टर के मुताबिक 16 से 17 घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन अक्सर कटौती से लोग जूझ रहे हैं। लोग बिजली विभाग की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन एक महीने से कुछ सुधार नहीं हो पाया। जेई निष्कर्ष पटेल ने बताया कि मरम्मत के चलते बिजली कटौती की जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलिहा विकास खण्ड़ चौबेपुर, कानपुर नगर।**

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवांवित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव/2024–25/ दिनांक 03.09.2024

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलिहा विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग / पंचम वित्त/ मनरेगा / एसद्गबीद्गएमद्ग वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संचादित किए जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किए जाने के लिए मोहर बन्द निविदा दिनांक 06.09.2024 से 10.09.2024 तक 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 10.09.2024 को 3 बजे ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100 शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्रं0सं0 | कार्य व कार्य स्थल का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 देवपालपुर मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 2 | प्रा0वि0 भिखारीपुर मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 3 | प्रा0वि0 जगुआपुरवा मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 4 | प्रा0वि0 पनउपुरवा मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 5 | प्रा0वि0 भिखारपुर में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 6 | प्रा0वि0 पनउपुरवा में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 7 | प्रा0वि0 देवापालपुर में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 8 | आगनबाडी केन्द्र निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 9 | राजाराम सैनी के मकान से वैभव सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 10 | सोने लाल के घर से हरीराम के घर इण्टरलाकिंग का अवशेष कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 11 | जय प्रकाश पाण्डेय के घर से अमित पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 12 | पुनीत दुबे के घर से अभिलाश दीक्षित के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 13 | गुड्डू दुबे के घर से सर्वेश सचान के घर तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 14 | आर0के0 शुक्ला कालेज से राजू दुबे के घर तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 15 | बब्लू पाण्डेय के प्लाट से घडी फैक्ट्री तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 25 दिन |
| 16 | राधे गोविन्द के घर से राम विलास के घर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 17 | गुलाब के घर से रमेश अग्निहोत्री के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 18 | आर0आर0सी0 सेन्टर में अतिरिक्त कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 19 | हरी नारायण के घर से ट्रासफार्मर तक नाली निमार्ण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 20 | रमेश चन्द्र अग्निहोत्री के घर से राम कुमार पाण्डेय के घर तक नाला मरम्मत व निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 21 | रामू सैनी के घर से सुनील सिंह के घर से नाला निर्माण व मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 22 | राम सिंह वर्मा के घर से इमाम बक्स के दरवाजे तक नाली मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 22 | धर्मेन्द्र कठेरिया के घर से शिवम् बाथम के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 23 | सन्तोष वर्मा के घर से श्याम लाल वर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |

अन्य शर्ते :–
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/ आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।
3. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा

मनीष दीक्षित– प्रधान
ग्राम पंचायत अमिलिहा
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

शिव प्रताप सिंह– ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अमिलिहा
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर





## एक नजर

### समाचार पत्र वितरक की पुत्री की बुखार से मौत

**पुखरायां।** विकासखंड मलासा के पचलख गांव निवासी श्याम स्वरूप शर्मा समाचार पत्र वितरिक हैं। उनकी बेटी रुक्मणी (19) को तीन दिन से बुखार आ रहा था। परिजनों ने शाहजहांपुर व पुखरायां में प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज कराया था। आराम मिलने पर घर वापस ले आए थे। मंगलवार की शाम रुक्मणी ने घबराहट होने की बात कहीं। जब तक परिजन इलाज के लिए पुखरायां ले जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया था। मां सरिता, भाई रोहित, रितिक आदि बिलखने लगे।

### जिला अस्पताल में वृद्ध की मौत पर खासा हंगामा

**कानपुर देहात।** बरौर थाना क्षेत्र के दोहरापुर निवासी महावीर ने सीएमएस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता चंदीलाल के पैर में 30 अगस्त को हादसे में फ्रैक्चर हो गया था। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। आरोप है कि डॉ. आरके गौतम ने इलाज के नाम पर 13 हजार रुपये ले लिया। बुधवार को जब वह जांच के लिए लाया तो लापरवाही के चलते उनकी मौत हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा किया। सीएमएस ने मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाने की बात कही है। वहीं पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### युवक से मारपीट में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के गुढ़ा शेरपुर निवासी आनंद राव ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले कपूर पुत्र व कोमल आए दिन गालीगलौज व मारपीट करने पर आमादा रहते हैं। मंगलवार शाम को खेतों से जानवरों के लिए चारा लेकर घर आते समय रास्ते में पहले से मौजूद उक्त लोगों ने रोक लिया और जबरन गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे उसे चोट आई है। थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### खरीफ उत्पादकता गोष्ठी और तिलहन मेला कल

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व तिलहन मेला का आयोजन 6 सितंबर को सुबह 11 बजे से ईको पार्क माती में किया जाएगा। उक्त जानकारी सीडीओ लक्ष्मी एन. ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कृषि, कृषि समावेशी विभागों एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

# बेहमई-लखनऊ बस सेवा छह महीने से बंद

## तीन साल पहले विधायक की पहल पर शुरू हुई थी बस सेवा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बीहड़ पट्टी के ग्रामीणों का यातायात सुगम बनाने के लिए चलाई गई बेहमई से लखनऊ बस सेवा बेमकसद साबित हो रही है। पिछले छह माह से बस का संचालन बंद होने से लोगों को भारी असुविधाओं से जूझना पड़ रहा है।

राजपुर कस्बा व क्षेत्रीय लोगों को आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए 6 अक्तूबर 2021 को राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक अजीत सिंह पाल ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों से वार्ता कर बेहमई से लखनऊ तक के लिए बस सेवा का शुभारंभ किया था। जिसके बाद कुछ माह तक कस्बा व क्षेत्रीय लोगों को बस सेवा का लाभ मिला, लेकिन पिछले छह माह से बस का संचालन अचानक बंद कर दिया गया। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।



लखनऊ जाने के लिए बेहमई में खड़ी होती थी रोडवेज बस। (फाइल फोटो)

बीहड़ क्षेत्र में नियमित सवारियों के न मिलने से बस का संचालन बंद कर दिया गया था। जल्द ही बस का संचालन शुरू कराया जाएगा।

–प्रभात चौधरी, एआरएम माती डिपो

### बस सेवा शुरू नहीं होने से मुसाफिर खासे परेशान

- बेहमई से लखनऊ बस सेवा शुरू न होने से गांव के समाजसेवी लालजी सिंह व गांव के बाबूजी सिंह, उदयवीर सिंह, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह चंदेल, करन सिंह पाल, तकदीर सिंह, सुखदेव सिंह व महेश सिंह ने बताया कि बेहमई टू लखनऊ चलने वाली परिवहन निगम की बस पिछले छह माह से बेहमई गांव नहीं आ रही है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई।

### नई की जगह परिवहन विभाग ने भेजी खटारा बस

- बेहमई-लखनऊ बस सेवा देने के लिए नई बस लगाई गई थी, लेकिन इसके बाद विभाग द्वारा खटारा बस लगा दी गई, जो आए दिन खराब रहने लगी। यहां तक कि पिछले दिनों बस का ब्रेक फेल होने से बस में बैठी सवारियों के साथ एक बड़ा हादसा होने से बच गया था। जिसके बाद विभाग ने एक नई बस का चयन कर सेवा शुरू की। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही से लोगों को बस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे इलाके के लोगों में खासा असंतोष है।

## 14 माह की बच्ची की मौत पर आरोप

**संदलपुर।** क्षेत्र के फरीदपुर निटर्रा गांव में चौदह माह की मासूम की हालत बिगड़ गई। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई। परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

फरीदपुर निटर्रा गांव निवासी नागेश कुमार ने बताया उसकी पुत्री आरजू 14 महीने की थी। एएनएम द्वारा बीती 28 अगस्त को उसका टीकाकरण कराया गया था। जिसके दूसरे दिन से ही उसे बुखार आने लगा। जब उसने एएनएम को जानकारी दी तो उन्होंने एक सीरप दिया था कि पिलाने से आराम मिल जाएगा। मंगलवार को पुत्री की हालत ज्यादा खराब हो गई। उसे अकबरपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां आरजू की मौत हो गई। जानकारी पर मां संजू कुमारी, बहन लवी व परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। इस बावत हवासपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुनीश ने बताया कि अभी मामले में जानकारी के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



आरजू।




संदलपुर के ब्लाक संसाधन केंद्र में मौजूद शिक्षामित्र। अमृत विचार

# शिक्षामित्र आज लखनऊ करेंगे कूच

संवाददाता, संदलपुर

- बीआरसी में पदाधिकारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति
- लखनऊ के बेसिक शिक्षा निदेशालय में देंगे धरना

**अमृत विचार।** बीआरसी में आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर आज शिक्षक दिवस पर लखनऊ में बेसिक शिक्षा निदेशालय पर होने वाले धरने को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

बुधवार को बैठक में जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल ने कहा कि इस बार संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षामित्र एकजुट होकर अपने अस्तित्व व मान-सम्मान की लड़ाई को जीतने के लिए पूर्ण रूप से उत्साहित हैं। विगत सात वर्षों से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजने के बावजूद कोई हल नहीं निकल सका। जिससे शिक्षामित्रों का धैर्य जवाब दे चुका है। इस बार का आंदोलन आखिरी व निर्णायक साबित करने के लिए शिक्षामित्रों ने कमर कस ली है।

उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों के परिवारों को महंगाई के इस दौर में भारी त्रासदी से गुजरना पड़ रहा है। जबकि प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी के चलते शिक्षामित्रों की योजना 1999 में तत्कालीन सरकार ही लेकर आई थी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार, महामंत्री कपिल कटियार, राजकुमार, अजय पांडेय, बलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, सरिता सेंगर, आरती सिंह, राकेश कुमारी, मीरा देवी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कटौती से डेढ़ सौ गांवों की बिजली रही गुल

संवाददाता, शिवली

- शोभन-शिवली उपकेंद्र में आठ घंटे बिजली न आने से दिक्कत

**अमृत विचार।** जवाहरपुरम कानपुर के 132 केवीए बिजली घर में उपकरणों की मरम्मत व नवीनीकरण का काम किए जाने से शिवली व शोभन तेतीस केवीए बिजली घरों की सप्लाई करीब आठ घंटे बाधित रही। दोनो बिजली घरों के करीब के करीब डेढ़ सौ गांवों के लोग उमस व गर्मी से परेशान रहे।

क्षेत्र के तेतीस केवीए बिजली घर शिवली व शोभन बिजली घर की बिजली सप्लाई बुधवार की सुबह कटौती हो गई। दोपहर बाद करीब 3:30 बजे बिजली सप्लाई शुरू हो पाई। बिजली कटौती के चलते नगर पंचायत शिवली में दोपहर में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। कटौती से शिवली, शोभन, बैरी, बाघपुर, दिलीप नगर, बिकरू, कंजती, देवकली, अश्वनीपूर्वा, ज्योति, सरैया सहित करीब डेढ़ सैकड़ा गांवों की सप्लाई बाधित रही। ग्रामीण संजीव तिवारी, राजू शुक्ला, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, महेश कुमार आदि ने बताया की कटौती की जानकारी नहीं हो पाई। उमस भरी गर्मी से परेशानी हुई। एसडीओ वंशरोपण ने बताया कि जवाहरपुरम कानपुर के 132 केवीए उपकेंद्र में उपकरणों की मरम्मत व नवीनीकरण से समस्या रही।

# डीआईओएस कार्यालय में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लंबित मांगों का निराकरण न होने पर शिक्षणेत्तर संघ पदाधिकारियों ने डीआईओएस कार्यालय में प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने डीआईओएस कार्यालय माती में धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने कहा कि शासन स्तर पर लंबित पड़ी मांगों के शासनादेश निर्गत न होने के कारण संगठन धरने पर मजबूर हुआ है। उनकी प्रमुख मांग है कि अर्हता धारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शिक्षक पद पर पदोन्नति की जाए। साथ ही तीन सौ दिन के उपार्जित




डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षणेत्तर कर्मी। अमृत विचार

- शिक्षणेत्तर संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा 21 सूत्रीय ज्ञापन

अवकाश का नगदीकरण किया जाए। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए और पुरानी पेंशन की हरहाल में बहाली होनी चाहिए। धरने के दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, प्रमुख सचिव, शिक्षा निदेशक आदि को संबोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन डीआईओएस बृजभूषण चौधरी को दिया। धरने में जिला मंत्री शिवकुमार गौतम, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सविता, जितेंद्र कुमार, नरवीर यादव, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, पालन कुमार, नीरज कुमार, तस्लीम आसिफ खान, किरन देवी, रुक्मिणी रहे।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, दो लोग घायल

**राजपुर।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के औरैया-कानपुर नेशनल हाईवे हाईवे पर मंगलवार रात रसधान ओवरब्रिज के पास सर्विस पट्टी पर सिकंदरा की तरफ से गलत दिशा से आ रही ओमनी में सामने से ईंट लादकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे ओमनी क्षतिग्रस्त हो गई और सवार डेरापुर क्षेत्र के कुढ़ावल गांव निवासी बलराम व मनोज घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार किया गया। चौकी प्रभारी सुशील कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बलवंत हत्याकांड में आज फिर दर्ज होंगे बयान

**कानपुर देहात।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय व तत्कालीन एसओजी टीम सदस्य सोनू यादव के बयान दर्ज किए। जबकि अन्य शेष आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए न्यायालय ने 5 सितंबर की तिथि नियत की है। यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। बुधवार को सात आरोपी पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।



शिवली के गांधीनगर में गणेश प्रतिमा को अंतिम रूप देते आचार्य अतुल द्विवेदी।

### शिवली में गणेश महोत्सव की तैयारियां तेज

**शिवली।** क्षेत्र में गणेश उत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। कस्बे में आधा दर्जन जगहों पर गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। गांधी नगर में गंगाराम पांडेय के यहां बारह वर्षों से गणेश महोत्सव मनाया जाता है। आचार्य अतुल द्विवेदी हर वर्ष अपने हाथों से गणेश प्रतिमा का निर्माण करते हैं। वहीं मानशिला मंदिर, साकेत धाम मंदिर, जागेश्वर मंदिर समेत कोतवाली के पीछे कालोनी, सुभाष नगर, गांधी नगर में प्रतिमा को स्थापना की जाती है। इसके अलावा कस्बा मैथा, बैरी, औनहा में भी गणेश प्रतिमा स्थापित कर कार्यक्रम किए जाते हैं।




अवर अभियंता को नियुक्ति पत्र देतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

### विधायक ने नवचयनित जेई को दिया नियुक्ति पत्र

**कानपुर देहात।** मिशन रोजगार अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने किया। जनपद के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियन्ता पद पर चयनित अनुप्रिया गुप्ता को रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार व एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने विकास भवन सभागार में नियुक्ति पत्र दिया। विधायक ने कहा कि अवर अभियंता का पद महत्वपूर्ण है। इसलिए अपने कार्य को पूरी ईमानदारी निष्पक्ष व जिम्मेदारियों के साथ करें। इस मौके पर परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक रामबचन राम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



स्कूल में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### बेटियों को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

**संदलपुर।** परिषदीय विद्यालयों में बालिकाओं को सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। बुधवार को संदलपुर कंपोजिट विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना प्रशिक्षण के तहत रवि कुमार ने बालिकाओं को ताईक्वांडो का प्रशिक्षण दिया। सुरासी, भंदेमऊ, जौरवा, संदलपुर आदि स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं। बीईओ अशोक कुमार ने कहा कि छात्राओं को व्यस्त रास्तों से होकर गुजरते समय सावधान रहना चाहिए और सेफ्टी टूल्स हमेशा अपने साथ रखना चाहिए। वह जहां भी जाएं अपने घर में बताकर जाएं। बालिकाओं को मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक व शारीरिक रूप से इतना मजबूत बनना है कि अगर रास्ते में कोई छेड़छाड़ करता है तो वह बचाव कर सकें। इस मौके पर प्रशिक्षण नोडल शिक्षक उपेंद्र कटियार, विकास कुमार, अजय यादव, नरेंद्र सिंह, सुनील सचान ने भी बच्चों को अपनी सुरक्षा करने के गुर सिखाए।

# पूर्व चेयरमैन का अस्पताल सील

संवाददाता, पुखरायां

- जांच में बिना डिग्री इलाज किए जाने की पुष्टि होने के बाद की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** शासन में हुई शिकायत के बाद जांच में बिना डिग्री मरीजों का इलाज व बिना पंजीयन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के संचालित अस्पताल को एसडीएम व फोर्स की मौजूदगी में सील किया गया है।

पुखरायां के आजाद नगर निवासी अजीत सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर बताया था कि कस्बे की नेतराम गली में अपने आवास पर दयाशंकर बिना पंजीकरण एलोपैथिक पद्धति से अस्पताल संचालित कर रहे हैं। जबकि उनका पंजीयन प्रमाण पत्र आयुर्वेद विद्यापीठ से किया जाना दिखाया गया है। जबकि उक्त संस्थान को हाईकोर्ट अवैध घोषित कर दिया है। ऐसे में आयुर्वेद की डिग्री कैसे सही हो सकती है। मामले में जांच के बाद नोडल अधिकारी झोलाछाप ने उक्त अस्पताल का पंजीयन निरस्त होने की जानकारी शासन को दी थी। इसके बावजूद अस्पताल चलता रहा।

बुधवार को भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह, सीओ संजय सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस बल के साथ पुखरायां नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर के अस्पताल पहुंचे और उनसे पंजीयन मांगा। जिसपर वह पंजीयन नहीं दिखा पाए और न ही उनके अस्पताल का कोई पंजीकरण ही पाया गया। एसडीएम ने बताया कि मौके पर साक्ष्यों के आधार पर दयाशंकर का अस्पताल सील कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।



पूर्व पालिका अध्यक्ष के बिना पंजीकृत अस्पताल को सील करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

## करंट लगने से अधेड़ की मौत

**रूरा।** कस्बे के शिवाजी नगर में नगर पंचायत के लगे फ्रीजर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर छानबीन की।

रूरा कस्बा के शिवाजी नगर निवासी प्लंबर का काम करने वाले गिरीश कुमार (45) बुधवार की सुबह घर के पास में लगे फ्रीजर से पानी लेने गए थे। उसी दौरान वह फ्रीजर में उतरे करंट की चपेट में आ गए और हालत बिगड़ गई। आनन फानन परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने गिरीश को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पत्नी रजनी, पुत्र दीप, दिव्यांश रो-रोकर बेहाल हो गए। चौकी प्रभारी राकेश ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



गिरीश कुमार।

# ट्रांसफार्मर के जलने से 25 घरों में छाया अंधेरा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** बीहड़ पटटी के बेहमई गांव में बीस दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर फुंकने से 25 से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरा है। सूचना के बाद भी विभाग ने ट्रांसफार्मर नहीं बदला हैं। जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।

जफरापुर विद्युत उपकेंद्र से बेहमई गांव को बिजली सप्लाई मिलती है। गांव के अलग-अलग मोहल्लों में 25 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार बीस दिन पहले ओवरलोड से एक ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिससे 25 उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरा छा गया और विद्युत उपकरण ठप हो गए। लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं। ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना लोगों ने अधिकारियों को दी, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। गांव के बाबूजी सिंह, छोटे सविता, रामफल, करन सिंह, सत्यम, पुत्तन सिंह ने बताया कि बिजली का बिल जमा न करने पर विभाग कनेक्शन तो काट देता है, लेकिन सुविधा देने के नाम पर अनदेखी करता है। ट्रांसफार्मर जलने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है।



बेहमई गांव में जला पड़ा ट्रांसफार्मर।

लापरवाही | ब्लाक पहुंचे किसानों ने पंचायत सचिव पर लगाया अनदेखी करने का आरोप, बीडीओ ने भेजी टीम

# छुट्टा गोवंशों को संरक्षित नहीं करने पर बिफरे किसान



लालपुर गांव में ग्रामीणों की ओर से पकड़े गए छुट्टा गोवंश। अमृत विचार

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** झींझक ब्लाक क्षेत्र में छुट्टा गोवंशों से परेशान लालपुर गांव के ग्रामीणों ने खदेड़कर एक जगह एकत्रित कर लिया। सूचना देने के बावजूद सचिव द्वारा संरक्षित करने के इंतजाम न करने पर लोगों ने बीडीओ से शिक़ायत की। जिसके बाद गोवंशों को गाड़ी से गौशाला भेजा गया।

बुधवार को छुट्टा गोवंशों के आतंक से परेशान लालपुर गांव के ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर गांव एवं आसपास के खेतों में घूम रहे गोवंशों को खदेड़कर गांव में एक जगह पर एकत्रित कर लिया। इसके बाद ग्राम सचिव को सूचन देकर गोवंश संरक्षित कराने को कहा, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर बड़ी संख्या में लोग झींझक ब्लाक पहुंच गए।




झींझक ब्लाक में शिकायत करने पहुंचे किसान। अमृत विचार

ग्रामीण राम लखन, श्रीपाल, रामपाल, अरविंद कुमार, रामबाबू, बलराम सिंह, संजय पाल, रवींद्र कुमार, प्रदीप समेत अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी को बताया कि ग्राम सचिव के कहने उन्होंने छुट्टा गोवंशों को एकत्रित किया गया। इसके बाद भी उन्हें टहलाया जा रहा है। जिससे फसलें बर्बाद हो रही और हादसे हो रहे हैं। झींझक खंड विकास अधिकारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि ब्लाक टीम के साथ गाड़ी को लालपुर गांव भेजा गया है। गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने युवक की चली गई जान

**पुखरायां।** गदाईखेड़ा गांव के समीप रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच की।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चकचालपुर गांव निवासी मनोज कठेरिया (30) के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# हाईवे पर रोड लाइट के पोल से लटका मिला युवक का शव, मची सनसनी

## हत्या कर शव लटकाने की क्षेत्र में रही चर्चा, पुलिस अभी तक नहीं करा पाई पहचान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवीन मंडी के सामने डिवाइडर पर लगे रोड लाइट के पोल पर युवक का शव लटका देख लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर जांच की तो उसके सिर पर धारदार हथियार के निशान व रक्त मिलने से हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस शव मोर्चरी में रखवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है।


मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

बता दें कि बुधवार सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी पुल के पास डिवाइडर पर लगी रोड लाइट के पोल पर युवक का शव फंदे से लटकता देख लोग हैरान रह गए। राहगीरों से मिली जानकारी पर पीआरवी पहुंची और इसकी सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली के साथ दही थाना का भी फोर्स पहुंचा। शव नीचे उतारकर जांच की गई तो उसका सिर खून से लथपथ मिला और धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान भी मिले। कयास लगाये गए कि किसी अन्य जगह पर हत्या करने के बाद युवक के शव को यहां लाकर लटकाया गया है। जिससे उसे फांसी का रूप दिया जा सके। वहां मौजूद भीड़ में कोई भी उसकी पहचान नहीं कर पाया। इसके बाद पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। कई पहलुओ पर जांच की जा रही है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

उन्नाव। कोतवाली पुलिस के लिए पहली प्राथमिकता मृतक की पहचान कराना है। शिनाख्त के बाद पुलिस आसानी से पूरे मामले की जड़ तक पहुंच जाएगी। इसके लिए हाईवे की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी पुलिस की टीम ने खंगालना शुरू कर दिया है। सीओ सिटी सोनम सिंह का दावा है कि जल्द ही शिनाख्त कराने के साथ घटना का खुलासा किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की हुई मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हाथ ठेला लेकर सब्जी खरीदने मंडी जा रहे विक्रेता की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी हरिश्चंद्र कुशवाहा (60) हाथ ठेले में सब्जी रखकर फेरी लगाकर बेचता था। बुधवार भोरपहर साढ़े तीन बजे वह ठेला लेकर नवीन मंडी से थोक में सब्जी खरीदने गया था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुसैन नगर चौराहा के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे किला चौकी इंचार्ज राजेश दीक्षित ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से पूरा परिवार बेहाल है। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## पुलिस आवास निर्माण की धनराशि स्वीकृत करे सरकार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- हाईकोर्ट खंडपीठ लखनऊ की डबल बेंच ने दिया आदेश

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थाना से सम्बद्ध पुलिस कर्मियों के आवास निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत न होने पर उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ की डबल बेंच ने प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने प्रदेश सरकार को 30 सितंबर तक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रमुख समाजसेवी फारुक अहमद ने 16 जनवरी 2020 को नव सृजित थाना बेहटा मुजावर का भवन व पुलिस कर्मियों के आवास निर्माण हेतु जनहित याचिका उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 18 जनवरी 2020 को आदेश दिया था कि बेहटा मुजावर थाने का भवन व पुलिस कर्मियों के आवास निर्माण के लिए प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठाए। 29 जनवरी 2020 को प्रदेश सरकार ने थाना भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ 4 लाख रुपये स्वीकृत किये थे। धनराशि स्वीकृत होने के बाद थाने की बिल्डिंग तो बन गई। 27 अगस्त 2021 को उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि अभी तक पुलिस कर्मियों के आवास निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत क्यों नहीं की गयी। अदालत ने 11 सितंबर 2021 को प्रदेश सरकार से जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने को कहा था जो अभी तक दाखिल नहीं किया जा सका है। 3 सितंबर 2024 को उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति राजन राय व ओमप्रकाश शुक्ला की डबल बेंच ने सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि 30 सितंबर तक हर हाल में पुलिस कर्मियों के आवास निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में हलफ़नामा दाखिल करे।

## बारिश होने से उमस भरी गर्मी में मिली बहुत राहत

**उन्नाव।** शहर में दो तीन दिनों से तेज धूप और गर्मी तपिश से लोगों को बुधवार को राहत मिली। बीते दो दिनों से शहर के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। सुबह तेज धूप गर्मी का अनुभव कर रहे थे। दोपहर बाद बारिश से लोगों को राहत मिली।

बता दें कि बुधवार सुबह से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रहा था लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। दोपहर बाद हल्की हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल रहे, रात को फिर बारिश की उम्मीद रही है।

## बीईओ को सौंपा धन्यवाद ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। एक ओर जहां सरकार विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं के माध्यम से कर्मचारियों को खुश करने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर शिक्षक और कर्मचारी पुरानी पेंशन व किसी अन्य योजना पर राजी होते नहीं दिख रहे हैं।


बीईओ को ज्ञापन सौपते संगठन के अधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

फतेहपुर चौरासी ब्लाक के शिक्षकों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को संबोधित करते हुए कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह के माध्यम से एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त एवं कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षक व कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली विषय पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों समेत संकड़ों शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए इन कर्मचारियों की भांति अन्य समस्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली की उम्मीद की है। बुधवार को धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों ने खंड स्नातक क्षेत्र विधायक अरुण पाठक के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्त समस्याओं का निदान करने के लिए विधायक सदैव तत्पर रहते हैं।

न्यायालय के निर्णय की पक्ष 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञाप्ति अधिसूचित रिक्तियों के सापेक्ष एक अप्रैल 2005 के पश्चात नियुक्त व कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली में एक अहम भूमिका निभाई है। सभी शिक्षकों कर्मचारियों ने उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए। उत्तर प्रदेश शासन व मुख्यमंत्री से कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर 84 कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार, महामंत्री सर्वेश कुमार, कुलदीप विमल, मिलिंद सेन, अशोक कुमार, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार, रंजीत सिंह, उमाकांत मिश्रा, सुशील कुमार, सुरेंद्र कुमार, फूलचंद्र गौतम, लिटिल पाल, छत्रपाल, प्रदीप शुक्ला, श्याम बहादुर सिंह, सरोज पाल आदि रहे।

## तीसरे दिन भी डूबे किशोर का नहीं चला पता, तलाश जारी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा की उपधारा में डूबे किशोर की तलाश में बुधवार को एसडीआरएफ टीम भी जुटी रही। लेकिन किशोर का कोई पता नहीं चल सका।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मक्का खेड़ा गांव निवासी 15 वर्षीय मोहित बीती सोमवार शाम दोस्तों के साथ मवेशी चराने गंगा के उपधारा के पास गया था। तभी अचानक मोहित गंगा की उपधारा में डूब गया था। मंगलवार को गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश कराई गई थी। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। बुधवार को एसडीएम के निर्देश पर एसडीआरएफ टीम ने मोहित की तलाश कई किलोमीटर तक की। लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग सका। मौके पर पुलिस भी मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक किशोर का पता नहीं चल सका है। टीमें लगातार काम कर रही हैं।


नदी में किशोर की खोज करती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

**खेलते समय छत से नीचे गिरी बच्ची, मौत :बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला पूर्विया टोला निवासी अतीक की 4 वर्षीय बेटी जुनैरा बुधवार को सुबह घर की छत पर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह अचानक नीचे जमीन पर आ गिरी। सिर में गम्भीर चोट लगने से वह बेहोश हो गई। परिजन आनन-फानन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते हुए शव लेकर घर चले गए।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली गई 74वीं शोभायात्रा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र में जन्माष्टमी के अवसर पर प्रति वर्ष निकलने वाली शोभायात्रा को इस वर्ष भी धूमधाम से निकाला गया। बीते सात दशक से भी अधिक समय से भादौ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

बता दें कि क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भादौ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को प्रति वर्ष निकलने वाली शोभायात्रा बुधवार को धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा के आयोजक पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्कर शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला व शोभायात्रा का 74वां आयोजन किया गया है।

बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए शोभायात्रा में कई मूर्तियों को बढ़ाया गया है। बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। जिसमें क्षेत्र ही नहीं अन्य जनपदों में भारी संख्या में लोग पहुंचकर श्रीकृष्ण लीला का आनंद उठाते हैं। बुधवार को शोभायात्रा का शुभारंभ सांसद साक्षी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शोभायात्रा में शामिल विशाल व मनमोहक झांकियां देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। शोभायात्रा में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फतेहपुर चौरासी, माखी, आसीवन व बांगरमऊ का पुलिस बल मौजूद रहा।


शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

## मृत घोषित महिला की चलने लगी धड़कन, किया गया भर्ती

फालोअप

संवाददाता, औरास

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव निरखी खेड़ा के मजरा मिर्जापुर अजिगांव निवासी बाबूलाल अपनी बेटी दीपा को इलाज के लिये लक्ष्य हॉस्पिटल ले गए थे। वहां डाक्टर ने स्पंज कर अन्य अस्पताल में दिखाने के लिए कहा था। परिजन ने उसे लखनऊ के क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 8 माह की गर्भवती महिला को मृत बच्चा पैदा हुआ था। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी थी और परिजनों ने लक्ष्य हॉस्पिटल के संचालक के विरुद्ध तहरीर दी थी। बुधवार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती महिला की हालत बिगड़ी तो महिला डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की तैयारी हो रही थी कि अचानक उसकी धड़कन तेज रफ्तार से चलने लगी। परिजनों ने आनन-फानन उसे इमरजेंसी वार्ड में दाखिल कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। उधर महिला के मृत होने की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कम्प मच गया। इस पर पुलिस ने महिला के भाई को थाने में कार्रवाई के लिए बुलाया। लेकिन, जैसे ही महिला के जीवित होने की सूचना मिली तो भाई लखनऊ चला गया।

## लेखपालों ने दी बारिश से घर गिरने की रिपोर्ट

**पुरवा।** तहसील क्षेत्र के अजयपुर, भगतखेड़ा, मिर्री कला, देवला, कांथा, ऊंचगांव सानी, महारानी खेड़ा, ककौहा, तल्हौरी, दिनईखेड़ा, अकोहरी, फतेहगंज,जंगलीखेड़ा आदि गावों के दो सैकड़ा ग्रामीणों के अब तक हुई बारिश से कच्चे घर गिर गए हैं।

बारिश से हुई घर गिरी के मामले में तहसीलदार साक्षी राय ने संबंधित गावों के लेखपालों को गांव जाकर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। जिस पर लेखपालों ने जांच कर रिपोर्ट तैयार कर तहसील कार्यालय को सौंपी है।

## बिजली गिरी, अधेड़ की मौत, वृद्ध घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मवेशी चराते समय बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा अधेड़ बिजली की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं चपेट में आने से पास खड़ा वृद्ध भी गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

बता दें कि बीघापुर तहसील क्षेत्र के बिहार थानांतर्गत गांव अलावलपुर (मण्डफहा) में बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हो रही बारिश के बीच बिजली तेज गर्जना के साथ नीम के पेड़ पर गिर गई। बारिश से बचाव के लिए इसी पेड़ के नीचे खड़े मवेशी चराने आए कन्हई लाल (55) पुत्र बजरंगी व मुन्नू सैनी पुत्र स्व. पराग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिसमें कंधई की मौके पर मौत हो गयी। मुन्नू भी इसमें झुलस कर गंभीर घायल हो गया। जिसे परिजनों ने पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। दिवंगत कन्हई की मौत की खबर से बेटे अमित, सुमित व पत्नी मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक व नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला ने मौके पर जांच की है। सरकार द्वारा दैवीय आपदा के लिए अनुमन्य आर्थिक मदद प्रभावित परिवार को दिलाई जाएगी।

## पॉक्सो एक्ट का केस वापस न लेने पर दे रहे धमकी

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में सुलह न करने से नाराज आरोपी परिजनों के साथ मिलकर पीड़ित पिता सहित परिवार को आएदिन प्रताड़ित कर रहा है। पीड़ित ने सीएम को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मवई ब्रह्मनान गांव निवासी पीड़ित सनत कुमार पुत्र गंगा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायतीपत्र में गांव निवासी अनंत राम व उसके परिजनों पर आरोप लगाया कि पूर्व में उसकी बेटी से गंदी नियत से छेड़छाड़ की गई थी। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इस वाद में सुलह करने से मना करने पर आरोपी अनंत कुमार अपने पिता धनीराम, मां भानमती व पत्नी सीमा के साथ मिलकर उसे प्रताड़ित करते हैं। वे लोग मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ गांव से भाग जाने को कहते हैं। पीड़ित के मवेशी बांधने में भी आपत्ति जता झगड़ा करने पर वे अमादा रहते हैं। उसने कोतवाली में भी इसे लेकर कई बार शिकायत की लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे वह और उसका परिवार डरा-सहमा है। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लिया जायजा — आरटीओ ने एआरटीओ कार्यालय की परखी हकीकत, सुधार के दिए निर्देश

## एआरटीओ कार्यालय में सब कुछ मिला 'ओके'


एआरटीओ कार्यालय में अफसरों ने जानकारी लेते आरटीओ लखनऊ मंडल।


निरीक्षण के दौरान मिली शिकायतों पर एआरटीओ से जानकारी लेते आरटीओ।

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- आरटीओ बोले, फर्जी लाइसेंस की कोई शिकायत नहीं मिली

**अमृत विचार।** विभिन्न प्रकार के आरोपों से घिरे रहने वाले उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे आरटीओ लखनऊ मंडल संजय तिवारी को वहां पर सब कुछ ओके मिला। हां इस दौरान उन्हें कुछ कार्यों में लापरवाही जरूर मिली। जिस पर उन्होंने एआरटीओ को सुधार के निर्देश दिये।

बता दें कि बुधवार दोपहर आरटीओ ने लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा के ऑफिस में बैठकर आरटीओ ने पहले दस्तावेज व फ़ाइलों के देखा। इसके बाद राजस्व, लाइसेंस, स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर चल रहे अभियान, कार्यालय की दूसरी मंजिल पर चल रहे निर्माण, वसूली, वाहन रजिस्ट्रेशन आदि कार्यों की समीक्षा की। राजस्व वसूली में उन्हें विभाग में लापरवाही मिली तो एआरटीओ को जल्द सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, वेरीफिकेशन आदि कि जांच की। जहां पर काम कराने आए कुछ लोगों से भी उन्होंने फीडबैक भी लिया। जो संतोषजनक रहा। आरटीओ के निरीक्षण के दौरान हैवी लाइसेंसों को फर्जी ढंग से जारी करने की भी चर्चा होती रहीं। आरटीओ ने बताया कि फिलहाल रुटीन चेकिंग करने आया था। राजस्व वसूली के साथ अन्य काम की समीक्षा की है। फर्जी लाइसेंस की बात कई लोगों ने मुझसे पूछी मगर कोई शिकायत नहीं मिली है।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया गर्भवती

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानांतर्गत एक गांव निवासी किशोरी से एक युवक ने शादी का झांसा देकर काफी समय तक दुष्कर्म किया। इसमें वह गर्भवती हो गई। पांच माह का गर्भ होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। पिता तहरीर लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस कार्रवाई के बजाय समझौते का दबाव बनाती रही।



- पिता ने दी तहरीर, कार्रवाई करने के बजाय समझौते के प्रयास में जुटी रही पुलिस

बता दें कि थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बुधवार सुबह सोहरामऊ थाने पहुंचा। उसने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर गांव निवासी युवक ने संबंध बनाये। जिससे बेटी पांच माह की गर्भवती हो गई।

बुधवार सुबह जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उनके पैरों तले से ज़मीन खिसक गई। पिता शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस कार्रवाई के बजाय उसे समझाने लगी। देरशाम मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट मंग रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

## सार-संक्षेप

### पति की लंबी उम्र के लिए महिलायें कल रहेंगी हरितालिका व्रत

**उन्नाव।** सुहागिनें अपने पति की लंबी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए शुक्रवार को हरतालिका तीज का व्रत रखेंगी। इस साल रवि और शुक्ल योग के साथ हस्त-चित्रा नक्षत्र का भी योग बन रहा है। इस पूरे दिन निर्जला व्रत रहने के साथ ही शाम को माता पार्वती व भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा कर अखंड सौभाग्य की मां से कामना करेगी। भाद्रपद मास की तृतीया तिथि को होने वाला हरितालिका तीज के नाम से जाना जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। जो लगभग 36 घंटे के इस व्रत में जल तक नहीं ग्रहण करने का भी विधान है। इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने किया था। माता पार्वती को भगवान भोलेनाथ पति के रूप में प्राप्त हुए थे। तभी से इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए रखती हैं। जबकि कुंवारी कन्याएं इस व्रत को रखकर सुयोग्य वर की प्राप्त करती हैं। ज्योतिषाचार्य पं. चंद्र प्रकाश पांडेय शास्त्री ने बताया कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है। तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12 .21 बजे से शुरू हो रही है, जो 6 सितंबर को दोपहर 3 .01 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज छह सितंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस मौके पर कई मंदिरों में देर रात तक रंगीन झालरों व फूलों से सजावट के इंतजाम में तमाम लोज जुटे नजर आए। मंदिर प्रांगण में सजावट के अलावा फूल, प्रसाद आदि की दुकाने भी लगती दिखीं।

### 90 लीटर कच्ची शराब बरामद, महुआ लहन कराया नष्ट

**पुरवा।** जिलाधिकारी गौरांग राठी और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह ने तहसील क्षेत्र के गांव पखरी निवासी राम नरेश और असरेंदा निवासी संदीप कुमार के यहां आबकारी व पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। टीम ने कार्रवाई के दौरान 90 लीटर कच्ची शराब बरामद करने के साथ मौके पर 250 किलोग्राम महुआ लहन नष्ट करने की कार्रवाई की। आबकारी निरीक्षक के मुताबिक अभी यह अभियान लगातार चलता रहेगा। कच्ची शराब बनाकर लोगों की जिंदगी से खेलने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

व्यसने वार्थकृच्छ्रे वा भये वा जीवितान्तगते।
विमृशंश्च स्वया बुद्ध्या धृतिमान नावसीदति॥

शोक में, आर्थिक संकट में या प्राणों का संकट होने पर, जो अपनी बुद्धि से विचार करते हुए धैर्य धारण करता हैं, उसे अधिक कष्ट नहीं उठाना पड़ता।

## संपादकीय

# अगले चरण की ओर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र सिंगापुर पहुंचे। व्यापार और निवेश के लिहाज से प्रधानमंत्री का सिंगापुर दौरा काफी अहम है। सिंगापुर दुनिया भर में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत है। पिछले साल सिंगापुर से एफडीआई 11.77 बिलियन डॉलर था। प्रधानमंत्री करीब छह साल बाद सिंगापुर गए हैं। सिंगापुर की उनकी आखिरी यात्रा प्रधानमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल में थी। उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान की यात्रा का सिंगापुर ने विशेष रूप से स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे सिंगापुर के साथ विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण, डिजिटलीकरण और सतत विकास के नए एवं उभरते क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों पर बातचीत को लेकर उत्सुक हैं। दो दिवसीय यात्रा का उद्देश्य सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना और निवेश आकर्षित करना है। 2015 में, भारत और सिंगापुर ने रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। अब लगभग एक दशक हो गया है, दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करके संबंधों को अधिक उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। आसियान देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता है और उस पर समीक्षा चल रही है। महत्वपूर्ण है कि आसियान के साथ संबंधों के आर्थिक पहलुओं पर चर्चा के लिए सिंगापुर हमारा समन्वयक है। भारत उत्सुक है कि 2025 तक उस समीक्षा को समाप्त कर ले। इस मुद्दे की दृष्टि से भी यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि सिंगापुर वैश्विक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में उसका 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारत प्रवेश करने के लिए उत्सुक है। दोनों प्रधानमंत्री सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र का दौरा करेंगे। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जनशक्ति कौशल की दिशा में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उम्मीद है कि इस यात्रा से इस विशेष क्षेत्र को वास्तव में बल मिलेगा। सिंगापुर और भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में तालमेल बढ़ेगा। कुल मिलाकर भारत और सिंगापुर के संबंध पिछले 10-15 वर्षों में आगे बढ़े हैं। यह रिश्ता अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। क्योंकि दोनों देश अब द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के अगले स्तर पर चले गए हैं, चाहें वह खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, अर्धचालक में हो। ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जहां वास्तव में दोनों देश एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

# वैषम्य का सामना करने को शिक्षक समाज पहल करे


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

**राधाकृष्णन आयोग की एक महत्वपूर्ण संस्तुति त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने की थी बिडंबना यह हुई कि इस संस्तुति का क्रियान्वयन लगभग तीस साल बाद विश्वविद्यालयों द्वारा संभव हो सका।**

भारत के महान शिक्षक, दार्शनिक, विचारक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन की तर्क व विज्ञान के आधार पर व्याख्या की और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाया। आजादी के बाद विश्वविद्यालयों के सुधार के लिए और देश में उच्च शिक्षा को गति देने के लिए डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में भारतीय विश्वविद्यालय आयोग का गठन किया गया।

इस आयोग ने अपनी संस्तुति में आजाद भारत के लिए विश्वविद्यालय एवं प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के संस्थानों के अस्तित्व को मानववाद के लिए सहिष्णुता एवं विवेक के लिए विचारगत साहस और तत्व की खोज के लिए आवश्यक समझा। आयोग का मत था कि राष्ट्र और जनता का श्रेय इसी में है कि विश्वविद्यालय अपने दायित्व का समुचित निर्वाह करते रहें, जिससे मानव जाति उच्चतर उद्देश्यों के लिए कदम बढ़ा सके। इस आयोग की संस्तुतियों के आधार पर ही प्रथम आईआईटी की स्थापना 1951 में खड़गपुर में की गई, दूसरा आईआईटी मुंबई में 1958 में स्थापित हुआ। तीसरा और चौथा आईआईटी 1959 में कानपुर और चेन्नई में स्थापित हुआ, 1963 में पांचवां आईआईटी दिल्ली में स्थापित हुआ। राधाकृष्णन आयोग संस्तुतियों के फलस्वरूप 1956 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अस्तित्व में आया तथा शैक्षिक प्रबंधन के लिए 1961 में एनसीआरटी का गठन किया गया। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद और कोलकाता में 1961 तथा बैंगलोर में 1963 स्थापित किए गए। इस आयोग ने अपनी संस्तुति में विश्व भारती, गुरुकुल कांगड़ी, अरविंदाश्रम, जामिया मिलिया, विद्या भवन तथा वनस्थली विद्यापीठ को आधुनिक भारतीय शिक्षा के प्रयोग के रूप में उच्च शिक्षा केंद्रों के रूप विकसित करने पर बल दिया था।

राधाकृष्णन आयोग की एक महत्वपूर्ण संस्तुति त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने की थी बिडंबना यह हुई कि इस संस्तुति का क्रियान्वयन लगभग तीस साल बाद विश्वविद्यालयों द्वारा संभव हो सका। इस महान शिक्षाविद की अपेक्षा थी कि आजाद भारत में विश्वविद्यालयों का स्वरूप कुछ ऐसा विकसित होगा, जो सृष्टि के और दैहिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक सभी धरातलों पर



**नई शिक्षा नीति हो या पुराने शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन, सभी ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण की दौड़ में आस्थामूलक चारित्रिक मूल्यों से परिपक्व चेतानावाद का अनिवार्य रूप से आश्रय लिया जाना चाहिए। नई शिक्षानीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों, शिक्षाविदों के समक्ष क्या यह चुनौती नहीं है कि इस साइबर युग में परिवर्तन के किसी भी विकल्प में भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समस्यायों पर समरसता से विचार किया जाए। मानव स्वत: साध्य है, जिसे उस शिक्षा प्रतिमान की खोज है, जो उसकी पहचान बरकरार रखते हुए प्रकृति और समाज के साथ तादात्म बनाए रखे।**

मनुष्य के बोध को गहराई देगा तथा मानव जाति की सेवा लिए उसका उपयोग करेगा, जहां विचारों को आश्रय मिलेगा तथा छात्र व शिक्षक आचरण और निष्ठा के ऊंचाई की ओर अग्रसर होंगे तथा सत्य और उत्कर्ष के विभिन्न रूपों की खोज में जुटे रहेंगे। यही शिक्षा का अर्थ होगा।

शिक्षा मानव के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है, जिसका संबंध पूरी संस्कृति और उसकी विरासत से है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली उस शिक्षा प्रणाली का भग्नावशेष है, जो परंपरागत सीमा रेखा में साम्राज्यवादी प्रणाली की आवश्यकता और संरक्षण के लिए गठित की गई थी। आजादी के बाद तमाम प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा की उस मूल प्रवृत्ति में परिवर्तन नहीं किया जा सका है, जो शिक्षा का उपयोग एवं उपभोग शासन करने के परमाधिकार तथा अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने के साधन के रूप में करते हैं। शिक्षा का वर्तमान प्रतिमान व्यक्ति की महत्ता को बढ़ा रहा है, समाज और राष्ट्र की महत्ता को गौण कर रहा है। क्रूर सत्य यह है कि शिक्षा के वर्तमान प्रतिमान ने सामाजिक और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के बजाय विघटन एवं विभाजक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दिया है। प्रकारांतर से स्वस्थ प्रवृत्तियों, रुचियों, मूल्यों के आधार को ही संकीर्ण किया है, जो एक लोकतांत्रिक समतामूलक समाज के लिए आवश्यक है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर वर्तमान वैषम्य एवं चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षक समाज को आगे आकर पहल करनी होगी। उन्हें छात्र के मन में ऐसे बुद्धि का विकास करना होगा, जिसमें जीवन और उसके अस्तित्व की जटिल समस्याओं के निदान का वे स्वयं प्रयास कर सकें। शिक्षित वर्ग स्वतंत्र रूप से बिना किसी भय के बिना किसी सूत्र के अपनी शैक्षिक क्षमता से यह ज्ञात कर सके कि सत्य क्या है, यथार्थ क्या है। विद्या ददाति विनयम-विद्या का परिणाम विनम्रता का विचार लोप कैसे होता जा रहा है? सा विद्या या विमुक्तये-विद्या का प्रयोजन सभी प्रकार की रुढ़ियों, कुंठाओं, अज्ञानों से मुक्ति पाना है। यह प्रयोजन ही कैसे लुप्त होता जा रहा है? इन विचारों और आदर्शों को सही अर्थों में पुनः प्रतिस्थापित करने के लिए शिक्षा में परिवर्तन के अर्थ को आध्यात्मिक और भौतिक मूल्यों के संश्लेषण के परिप्रेक्ष्य मेंसमझाना होगा।

भौतिक प्रगति आज के युग की यथार्थता है, इसे प्रतिकूल शक्ति नहीं समझा जा सकता। भौतिक मूल्यों में अध्यात्मिक आधार की जो कमी होती है, वही उसे प्रतिकूल बना देती है। वैज्ञानिक विभिन्न उपग्रहों पर बसने का प्रयास कर रहे हैं पर पृथ्वी को बर्बाद करके। देशकाल की बड़ी से बड़ी दूरियां मिटा देना चाहते हैं, पर अपने पड़ोसी के हृदय की व्यथा की उपेक्षा करके। क्या यह सत्य नहीं है कि आज के शिक्षा के प्रतिमान से वह उपयोगितावादी संस्कृति का प्रभुत्व बढ़ता ही जा रहा है, जिसे भाव-शून्य, हृदयहीन, पथ भ्रष्ट मानवों के वर्चस्व की आवश्यकता है। विज्ञान से प्रौद्योगिकी, फिर पूंजीवादी निजीकरण की स्पर्धा से सतत मानवता का ह्रास हो रहा है। मानव जाति को इस दयनीय स्थिति से उबारने के लिए सुसंगत शिक्षा का प्रतिमान ही सक्षम है।

नई शिक्षा नीति हो या पुराने शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन, सभी ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण की दौड़ में आस्थामूलक चारित्रिक मूल्यों से परिपक्व चेतानावाद का अनिवार्य रूप से आश्रय लिया जाना चाहिए। नई शिक्षानीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों, शिक्षाविदों के समक्ष क्या यह चुनौती नहीं है कि इस साइबर युग में परिवर्तन के किसी भी विकल्प में भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समस्यायों पर समरसता से विचार किया जाए। मानव स्वतः साध्य है, जिसे उस शिक्षा प्रतिमान की खोज है, जो उसकी पहचान बरकरार रखते हुए प्रकृति और समाज के साथ तादात्म बनाए रखे। व्यक्ति में उचित सामर्थ्य और शक्ति तथा विवेक विकसित कर सके, जिससे वह अहंकारों, उन्मादों, पूर्वाग्रहों तथा उन सभी ताकतों के विरुद्ध क्रांति का उदघोष कर सके जो शाश्वत मानव मूल्यों को विनष्ट करना चाहते हैं।

## प्रसंगवश

# लगेगी आग तो...


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

फरीदाबाद (हरियाणा) से एक पीड़ादायक समाचार है। इंटरमीडिएट का विद्यार्थी आर्यन मिश्र, उनकी मां व परिवार के अन्य लोग, मार्केट से खा-पीकर देर रात कार से घर वापस जा रहे थे। पीछे से एक दूसरी गाड़ी में सवार लोगों ने राजमार्ग पर चौबीस किलोमीटर तक उनका पीछा किया और गाड़ी न रोकने पर कई फायर किए, जिससे आगे की सीट पर बैठे आर्यन को गर्दन में गोली लगी।

घायल अवस्था में गाड़ी रुकने पर कार का पीछा करने वालों ने कार के खुले शीशे से आर्यन पर क्लोज रेंज से फायर किया और फरार हो गए। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते आर्यन की मृत्यु हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो गोरक्षा समिति से संबंधित बताए जाते हैं। उनका कहना है कि उन्हें गाड़ी में गोवंश तस्करों के होने के शक हुआ, उन्होंने गाड़ी का पीछा किया और गाड़ी के न रुकने पर उन्होंने फायरिंग की। हरियाणा में स्वयंभू गोरक्षक मॉब लिंचिंग आदि के लिए अपने को लाइसेंसशुदा मानकर चलते हैं। इस घटना की पृष्ठभूमि में कई प्रश्न उभरते हैं, लेकिन सबसे प्रमुख बात यही है कि इस तरह के स्वयंभू लोग किसके दम पर कानून को अपने हाथ में लेने का दुःस्साहस करते हैं? शक पर गोली मार देने जैसे अधिकार, जो कानूनी तौर पर पुलिस को भी नहीं दिया गया है।

ऐसे अराजक तत्व कितनी आसानी से अपना लेते हैं। अगर कोई संदिग्ध बात थी तो चौबीस किलोमीटर तक पीछा करने के दौरान पुलिस को सूचित किया जा सकता था। अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। अभियुक्तों द्वारा प्रयुक्त असलहे लाइसेंसी थे या नहीं, उन असलहों की बरामदगी हुई अथवा नहीं, ऐसे प्रश्न अनुत्तरित हैं।

इन अभियुक्तों के घर बुलडोजर आदि जाने से रहे, लेकिन विवेचना की कार्यवाही खानापूरी तक सीमित न रह जाए। इन्हें पुलिस रिमांड पर लेकर इनके कारनामों का चिट्ठा-पत्रा खोला जाए। अंत में इस परिप्रेक्ष्य में स्वर्गीय राहत इंदौरी की कुछ इसी तरह की निम्न पंक्तियां कौंध जाती हैं-लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में,/यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।

# बहुजन को जोड़ने के लिए संघ का फार्मूला


महेश शर्मा
कानपुर

**अब देखना है कि पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों की बढ़ी हुई आबादी के अनुपात में आरक्षण के लिए 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण बढ़ाने पर संघ का क्या रुख होता है?**

केरल के पलक्कड़ में समन्वय बैठक में जातीय गणना पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का बयान सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सत्ता पक्ष पर विपक्ष का बढ़ते दबाव के चलते इस मामले में मोदी सरकार भी लगभग असमंजस की स्थिति में है। ऐसे में संघ का यह निर्णय समसामयिक तथा भाजपा संगठन और सरकार के मार्गदर्शन के लिए आवश्यक भी था। अभी तक शशोपंज की हालत में रही केंद्र सरकार में चैतन्यता आ गई। माना जा रहा है कि जातीय जनगणना पर सरकार शीघ्र ही निर्णय लेगी। श्रेय को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष टंग ऑफ वॉर शुरू होना अवश्यंभावी है।

हालांकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ ही इंडी अलायन्स के घटक दल चीख-चीखकर कहेंगे कि विपक्ष के इस मुद्दे से भयभीत होकर लगभग बैक फुट पर मोदी सरकार हो गई थी, पर अब संघ की मुहर लगने के बाद जातीय जनगणना का रास्ता खुल गया है। उम्मीद है कि अगली जनगणना जातिगत आधार पर होगी। भारत में ऐसा पहली बार 1931 की जनगणना में हुआ था। मनमोहन सरकार के दौरान 2011 में जनगणना जातिगत आधार पर थी, पर रिपोर्ट अब तक साया नहीं की गई। अबकी जातीय जनगणना मुकम्मल तौर पर होने की संभावना है। हालांकि इतनी जल्दी संघ से हरी झंडी की उम्मीद शायद भाजपा को भी नहीं रही होगी। अब चूंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में अहम बताया है तो भाजपा को इस मामले में फैसला लेने में आसानी हो सकती है। इस निर्णय की एक वजह यह भी हो सकती है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष जनता को खासकर पिछड़ा और दलित, आदिवासियों को यह समझाने में सफल हो गया था कि मोदी सरकार के रहते संविधान खतरे में है। अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला कारगर साबित हुआ तभी तो लोकसभा में विपक्षी पार्टियों में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के बाद दूसरे नंबर पर है।

अभी तक भाजपा ने जातीय जनगणना पर मुखर विरोध नहीं किया है और न ही उसने इस पर कोई टिप्पणी की है। हां दबी जुबान में इसके पक्ष पिछड़ी लॉबी के नेता जब तब बयान देते थे। भाजपा को लगता था कि जातीय जनगणना में उसका हिन्दू वोट बैंक बिखर सकता है। भाजपा ने विपक्ष पर हिंदू समाज को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। सुर मद्धम होने के कारण बयान ने ज्यादा तूल नहीं पकड़ा। जातीय जनगणना पर संघ का यह बयान इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस मुद्दे पर भाजपा विपक्ष के निशाने पर है। संघ का जातीय जनगणना के पक्ष में कुछ परहेज के साथ पक्ष में बयान आते ही कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रवक्ता एक्स पर राय व्यक्त करने लगे। यही नहीं बयान को लेकर संघ की प्रसंगिकता पर सवाल उठाने लगे। सब जानते हैं कि भाजपा का पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि संघ ने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता पर रहस्यमय चुप्पी क्यों साध रखी है? कुछ उसे ब्राह्मणों का संगठन बताते हैं। हिंदुत्व पर चिंतन करने वाले इसे डॉ. बीआर आंबेडकर के नेतृत्व वाली दलित चेतना की प्रतिक्रिया स्वरूप गठित संगठन खतें हैं।

एक जानकारी के अनुसार हिंदुत्व की राजनीति पर गहरी नजर रखने वाले फ्रांसीसी विद्वान क्रिस्टोफर जेफरलो ने साल 2020 में अपने एक लेख में लिखा था कि मराठी ब्राह्मणों द्वारा बनाए गए संघ ने सभी जातीय पृष्ठभूमि वाले हिंदुओं को धीरे-धीरे अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश की है। संघ आंबेडकर के दलितोत्थान आंदोलन की प्रतिक्रया स्वरूप मजबूत किया गया। संघ को पता है कि सत्ता में बने रहना है तो बहुजनों को साथ जोड़ना होगा। इसी के तहत भाजपा अब संगठन और सरकार में जाति का ख़ासा ख्याल रख रही है। देशकाल व सामाजिक तथा राजनीतिक परिस्थितियों वश जातीय जनगणना के पक्ष में संघ मुखर हुआ है।

अब देखना है कि पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों की बढ़ी हुई आबादी के अनुपात में आरक्षण के लिए 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण बढ़ाने पर संघ का क्या रुख होता है? संघ के करीब दो हजार प्रचारकों में 20 फीसदी दलित हैं। करीब सौ वर्ष के संघ में 6 सर संघचालक रहे हैं, जिनमें एक ठाकुर (राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया') थे बाकी पांच ब्राह्मण हुए। तो क्या कभी किसी दलित या पिछड़े को सर संघ चालक का ओहदा मिलेगा? यह विचारणीय प्रश्न है। दूसरी तरफ आरक्षण को लेकर संघ के स्टैंड पर कुछ कहना अभी जल्दी है, पर इस पर राष्ट्रीय बहस ने तो जन्म ले लिया है।

## सोशल फोरम

# लोकतंत्र खतरे में...


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सोच रहा हूं कि स्टैंडर्ड दिखाने के लिए एक कुत्ता पाल ही लूं। इसमें मेरी समस्या ये है कि कौन सा कुत्ता पालूं? जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर, ग्रे हाउंड, डॉबरमैन, बुलडॉग या फिर ग्रेट डेन। मुझ गरीब के लिए तो कोई रोडेशियन ही ठीक रहेगा, जिसे चार दिन की बासी रोटी भी दे दो तो नाचता फिरेगा। सारे मुहल्ले के रोडेशियनो में मेरा गुण गान करेगा।

वैसे कुत्ते की जिस अदा पर सब मोहित होते हैं, वही मुझे उसकी सबसे बड़ी कमजोरी लगती है। स्वामिभक्ति, सही गलत का निर्णय किए बगैर मालिक के शू शू करते ही झपट पड़ना या टुकड़े डालते ही दुम हिलाने लगना। इनका सबसे बड़ा अवगुण है। इनकी सोच 5 किलो गेहूं और एक किलो चना तक ही है। इसी में ये चिल्ला-चिल्ला कर आसमान सर पर उठा लेंगे कि मालिक बहुत दयालु है।

इस देश की सारी समस्या इन रोडेशियन के कारण ही है। चंद टुकड़ों में ही ये आपके पैरों के पास आकर अपनी दुम हिलाने लगते हैं। अब इनसे जो चाहे आप करवा लीजिए। वैसे सच कहिए तो इनमें इनका भी दोष नहीं। अभावों में जीने वाली इस प्रजाति के लिए चंद टुकड़े भी बहुत कीमत रखते हैं। यही टुकड़े इनके जीने और मरने में अंतर पैदा कर देते हैं, जहां जीवन जीना भी एक उपलब्धि हो वहां इन टुकड़ों के लिए दुम हिलाना मजबूरी बन जाती है। वैसे लोकतंत्र में इनको इस हाल में बनाए रखना भी चाणक्य नीति कहलाती है। आखिर कुछ टुकड़े डाल कर जै जै कार के लिए भीड़ भी तो चाहिए? यही वजह है कि रोडेशियन के बजाय मेरी असल शिकायत ब्रांडेड यानी बढ़िया नस्ल से है। अच्छी भली बोटियां मिलने के बावजूद इनकी तृष्णा नहीं जाती। वैसे कुत्ते भेड़ियों की प्रजाति से हैं, लेकिन मनुष्यों के साथ ने इनकी दुर्गति कर दी।

इनकी स्वामिभक्ति के बावजूद आज कुत्ता शब्द एक गाली बन गया है। यही अंतर होता है आजाद होने और परतंत्र होने में। भेड़िए आजाद हैं, इसलिए सम्मान पाते हैं और जो किसी के गुलाम हैं, उन्हें कुत्ता कहते हैं। ध्यान रहे, लोकतंत्र में ब्रांडेड, सक्षम भी जब कुत्तों की तरह पूंछ हिलाने लगें तो समझ जाइए की लोकतंत्र खतरे में है।

-फेसबुक वॉल से

# विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रतिभा


डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

**न्यूरोसाइंस की इस विधा में जेनेटिक रूप से चुने हुए न्यूरॉन्स के सेट की क्रियाओं को नियंत्रित किया जाता है और इस प्रकार यह समझा जाता है कि किस प्रकार वह न्यूरॉन्स निर्णय लेते हैं, सीखते हैं, याद रखते हैं, डरते हैं, प्यार करते हैं।**

मुजफ्फरपुर (बिहार) की 29 वर्षीय वैज्ञानिक सपना सिन्हा ने विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त किए हैं। उनकी इन खोजों के कारण उन्हें प्रतिष्ठित फोर्ब्स पत्रिका की 30 वर्ष से कम आयु के 30 एशियाई लोगों की सूची में स्थान मिला है। सपना का जन्म सन 1995 में शैक्षिक रूप से योग्य माता-पिता की पुत्री के रूप हुआ था। सपना ने जापान की नागोया यूनिवर्सिटी से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट के बाद जापान की ओकाया यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, जहां वह सन 2021 में शिमड्ट साइंस फेलो के रूप में नामित हुईं। इसके बाद उन्होंने प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), कैम्ब्रिज मैसाचुसेट्स, अमेरिका में कार्य प्रारंभ किया। यहां उन्होंने ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया और इसमें भी उन्होंने उल्लेखनीय खोजें कीं। उन्होंने ऐसी खोजें कीं, जिनसे हमारे मस्तिष्क की कार्यविधि पर प्रकाश पड़ता था और उन्होंने ऐसी तकनीकें विकसित कीं, जिनसे मस्तिष्क और मेरुरज्जु की चोटों को ठीक करने में बहुत मदद मिलती है। इन खोजों से भविष्य में हो सकने वाले सिर और मस्तिष्क के प्रत्यारोपणों में भी बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने 'ऑप्सिन्स' का विकास किया और उनके शरीर में उपयोग की विधियां विकसित कीं। अपनी पीएचडी के दौरान उन्होंने केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैटीरियल साइंस के योग का विषय चुना। उन्होंने नैनोमैटीरियल्स-जैसे ग्राफीन के व्यापक सॉलिड स्टेट और सॉल्यूशन फेज केमिस्ट्री को विकसित किया। उन्होंने ग्राफीन के फिजिकल और इलेक्ट्रॉनिक गुणों का अध्ययन किया। साथ ही एडवांस्ड ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कॉपी के लिए आवश्यक अत्यंत महीन ग्राफीन को विकसित किया। शिमड्ट साइंस फेलो के रूप में उन्होंने मैटीरियल साइंस के क्षेत्र से हटकर, प्रोफेसर एड बॉयडन के साथ न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में प्रवेश किया। यहां उन्होंने ऑप्टोजेनेटिक्स की मदद से न्यूरल इंटरफेस और बायोनिक्स के क्षेत्र में काम किया। ऑप्सिन्स ऐसे प्रोटीन्स होते हैं, जिनको मानव शरीर के अनुकूल बना दिया गया होता है। ये मानव शरीर में इम्यून रेस्पांस पैदा नहीं करते हैं और इनकी अधिकतम बायो कॉम्पैटिबिलिटी होती है। डॉ. सपना सिन्हा ने इनका विकास एक नए ऑप्टिकल इनपुट और आउटपुट इंटरफेस को बनाने के लिए किया, जिससे मस्तिष्क और शरीर के संबंध का अध्ययन किया जा सकता था। इस अध्ययन और तकनीक का प्रयोग कठिनाई से ठीक हो सकने वाली विकलांगताओं और लकवे के उपचार, शरीर के अंग के कट जाने के बाद नकली अंग को लगाकर उसे चलाने में, मस्तिष्क और स्पाइनल कॉर्ड को हानि पहुंचने और मस्तिष्क के डिजेनरेशन और अनेक प्रकार के मानसिक रोगों और इम्यूनिटी से संबंधित रोगों के उपचार में किया जा सकता है। ऑप्टोजेनेटिक्स यह न्यूरॉन्स और शरीर की दूसरी कोशिकाओं को प्रकाश के माध्यम से नियंत्रित करने की विज्ञान की शाखा है।

न्यूरोसाइंस की इस विधा में जेनेटिक रूप से चुने हुए न्यूरॉन्स के सेट की क्रियाओं को नियंत्रित किया जाता है और इस प्रकार यह समझा जाता है कि किस प्रकार वह न्यूरॉन्स निर्णय लेते हैं, सीखते हैं, याद रखते हैं, डरते हैं, प्यार करते हैं, घृणा करते हैं, किसी नशे के आदी हो सकते हैं, पोषण और सेक्स की भावनाओं को नियंत्रित करते हैं और किस प्रकार वह बोलने, चलने एवं शरीर की अन्य क्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। यह समझा जाता है कि किस प्रकार इन न्यूरॉन्स की क्रियाविधि और उनमें एकत्र स्मृतियां मनुष्य का 'मैं' बनाती हैं। ऑप्टोजेनेटिक्स का प्रयोग करके रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा नामक रोग से ग्रस्त एक दृष्टिहीन व्यक्ति की दृष्टि आंशिक रूप से वापस ले आई गई है। विज्ञान के इस क्षेत्र में मस्तिष्क की संवेदी कोशिकाओं अर्थात् न्यूरॉन्स के शेष शरीर की कोशिकाओं और अंगों के साथ क्रियात्मक संबंध को भी देखा जाता है। कुछ जेनेटिकली चुने हुए न्यूरॉन्स की क्रियाविधि को बदलकर प्रकाश का उपयोग करके और इमेजिंग और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी जैसी तकनीकों और विधाओं का उपयोग करके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों और शरीर के विभिन्न कार्यों के बीच संबंध जाना जा सकता है। विज्ञान का यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें अनेक संभावनाएं हैं। डॉ. सपना सिन्हा के विज्ञान और मानवता के प्रति इस योगदान ने मानवहित के अनेक मार्ग खोले हैं।

# केरल-त्रिपुरा को बाढ़ राहत में मिला देश का साथ


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

कुदरत के कोप ने इस साल केरल और त्रिपुरा में भीषण तबाही मचाई। बाढ़, बारिश और भूस्खलन से इन दोनों राज्यों में बेहद गंभीर हालत पैदा हो गई थी। इस कारण इनमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। दरअसल इस बार स्थिति चुनौतीपूर्ण हुई, क्योंकि देश के दो राज्य एक साथ मिलती-जुलती प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गए थे। इस संकट की हालत में केरल और त्रिपुरा में राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ) की टीमों ने दिन रात कड़ी मेहनत कर बचाव और राहत कार्य अभियान चलाया।

केरल के वायनाड में 30 जुलाई की रात को आए भूस्खलन में कुछ घंटों में ही भारी संख्या में लोगों की मौत हो गई। इस दौरान चल-अचल संपत्तियों का व्यापक नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा क्षति वायनाड जिले के गांवों में हुई। हालात की गंभीरता को देखते हुए राहत और बचाव कार्यों की कमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद संभाली। केरल में आई इस आपदा में अब तक करीब 415 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। केरल के इतिहास में 2018 के बाद आई यह सबसे घातक तबाही है। अफसोस कि इतनी बड़ी विपदा आने पर भी विपक्ष लगातार केंद्र पर सवाल उठाता रहा। हालांकि यह समय राजनीति करने का नहीं था। संसद में विरोधी दलों के नेताओं के सवालों का जवाब देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि केंद्र ने केरल सरकार को बारिश से होने वाली प्राकृतिक आपदा की आशंका के बारे में कई बार चेतावनी दी थी। पहली चेतावनी पिछली 23 जुलाई को ही जारी कर दी गई थी। उन्होंने सदन को बताया कि 23 जुलाई को एनडीआरएफ की नौ टीमें राज्य में भेजी गई थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया और यही कारण है कि मरने वालों की संख्या बढ़ गई।

दूसरी तरफ त्रिपुरा में बाढ़ की वजह से राज्य में भारी नुकसान को देखते हुए गृह मंत्रालय ने राहत और बचाव कार्यों में राज्य सरकार की सहायता के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों के अलावा, एनडीआरएफ की 11 टीमों को मौके पर भेजा। केंद्र सरकार ने त्रिपुरा में राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय सरकार की सहायता के लिए एनडीआरएफ की टीमों के अलावा नावों और हेलीकॉप्टरों को भी भेजा। एनडीआरएफ की टीमें त्रिपुरा सरकार की मशीनरी के साथ मिलकर इस अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। केरल और त्रिपुरा में संकट के समय जिस तरह से केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों का साथ दिया है, उससे साफ है कि सियासी मतभेदों के बावजूद संकट में भारत एक है और केन्द्र प्रभावित राज्यों के साथ मजबूती से खड़ा रहता है।

# दो घंटे लगातार बारिश से नगर की गलियां बन गईं टापू, उमस से राहत

## जल निकासी न होने से पॉश इलाकों में घुटने तक भरा पानी, निकलना हुआ मुश्किल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव





गोपीनाथपुरम में घुटने तक भरा बारिश का पानी, निकलती महिलाएं। कंचन नगर में मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये। इस बीच दोपहर के समय आसमान में काल बादल छा गये। तेज हवाओं के साथ दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से नगर के गली मोहल्लों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे आने जाने वाले लोगों को बारिश के भरे पानी से होकर आना जाना पड़ा। वहीं बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

इधर बारिश न होने से उमस वगर्मी से लोग बेहाल हो गये थे। बुधवार दोपहर अचानक मौसम बदला और सुबह करीब साढ़े 12 बजे पहले तो रिमझिम बारिश हुई। इसके बाद दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिससे राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफना गये। बारिश के कारण पालिका क्षेत्र के अधिकांश गली मोहल्लों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे यहां के निवासियों के घरों तक पानी घुस गया। रात में लोग घरों से पानी निकालते दिखे। इसके साथ बारिश से सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गये और घरों के अंदर तक गंदा सीवर का पानी तक भर गया। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी, अंबिका पुरम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर समेत तमाम जगहों पर भीषण जलभराव हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण गली मोहल्लों में घुटने तक पानी भरा रहा। वहीं बारिश से गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, ऋषि नगर आदि मोहल्लों की गलियां उफना गई। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठाने पड़ी।

### एचटी लाइन पर टूट कर गिरी पेड़ की डाल, फीडर 3 घंटे बंद

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर तेज हवा और झमाझम बारिश के कारण नगर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। फोरलेन टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक पेड़ की डाल टूटकर एचटी लाइन पर गिर गई। इसके परिणामस्वरूप फीडर तीन का पैनल ब्रेक डाउन हो गया और इसके कारण दर्जनों मोहल्लों की बिजली आपूर्ति करीब तीन घंटे तक ठप रही। बिजली आपूर्ति शाम करीब साढ़े चार बजे बहाल हुई। इसके अलावा, ऋषि नगर में भी बिजली की समस्या रही। दोपहर एक बजे क्षेत्र में स्थित 630 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। इस समस्या को हल करने में शाम करीब सात बजे तक का समय लग गया, जिससे प्रभावित क्षेत्र में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं कंचन नगर छह खंभा में भी बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा। वहां सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे नई एबीसी केबल डालने का काम जारी था। इस मरम्मत कार्य के कारण चार सौ से अधिक घरों की बिजली सप्लाई बंद रही।

# घर से निकला किशोर लापता

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोताखोर निवासी एक किशोर पिछले माह घर से निकला था, परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

गोताखोर निवासी रेशमा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 14 वर्षीय शाहिद 15 अगस्त को घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं आया। वापस न आने पर उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिवम कान्वेंट में हुआ छात्र अलंकरण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



संगठन के पदाधिकारी को बैज लगाते डॉयरेक्टर अंकुर शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर के आनंद नगर स्थित शिवम कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2024-25 के छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कक्षा 8 के विश्वजीत पांडे को हेड बॉय, अंशिका मिश्रा को हेड गर्ल, अनमोल रत्न को येलो हाउस कैप्टन, जरीन बनो को ब्लू हाउस कैप्टन, रितिक को ग्रीन हाउस कैप्टन और इल्मा बनो को रेड हाउस कैप्टन घोषित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया, जबकि विद्यालय के डायरेक्टर अंकुर शुक्ला ने जीवन में सफलता पाने के लिए प्रेरणा दी। समारोह का संचालन व्यवस्थापक ऐश्वर्य शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। इस अलंकरण समारोह के माध्यम से विद्यालय ने छात्रों को नई जिम्मेदारियों के लिए तैयार किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# नवीन पुल पर लगे जाम में फिर फंसे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● सब्जी मंडी लगने के कारण भीषण जाम की स्थिति बनी

**अमृत विचार।** मंगलवार रात को नवीन पुल पर सब्जी मंडी लगने के कारण एक भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। शुक्लागंज के इस प्रमुख पुल पर फुटपाथ पर सब्जी की दुकानें सज गई थीं, जिससे देर रात तक जाम की स्थिति बनी रही। बुधवार सुबह पीक ऑवर के दौरान वाहनों की अधिक संख्या और संकरे रास्ते के कारण जाम और भी भीषण हो गया, जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोगों को विलंब का सामना करना पड़ा। मंगलवार रात कानपुर से ड्यूटी कर लौट रहे लोग नवीन पुल पर वाहन खड़ा कर फुटपाथ पर लगी दुकानों से सब्जी खरीदने लगे। जिससे शुक्लागंज से लेकर कानपुर तक लंबा जाम लग गया।

जाम की सूचना पर इंस्पेक्टर अनुराग सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराकर जाम हटाने की कोशिश की। बावजूद इसके, जाम की समस्या देर रात तक बनी रही। वहीं बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे, सुबह की पीक ऑवर के दौरान और बालूघाट से नवीन पुल के संकरे रास्ते के कारण स्थिति और भी बिगड़ गई। पुल से लेकर फोरलेन तक लंबा जाम लग गया, जिससे वाहन सवार काफी परेशान रहे। कानपुर ड्यूटी के लिए निकलने वाले लोगों को समय पर अपनी मंजिल तक पहुंचने में कठिनाई हुई। वहीं जाम को लेकर स्थायी समाधान न होने से रोजाना हजारों लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है।

# शराब पीने से मना करने पर पीटा

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के बसधना गांव में मंगलवार रात एक युवक के घर के बाहर कुछ दबंग शराब पी रहे थे, जिसका विरोध करने पर दबंगों ने उसे मारा पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

बसधना गांव निवासी बल्दी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि मंगलवार रात वह घर पर था, तभी गांव के अर्जुन और अरुण उसके घर के सामने शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे, जिसका उसने विरोध किया।

# मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के किए उपाय

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



साक्षी महाराज

**अमृत विचार।** सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हुए हमले और उनके दर्दनाक अनुभव ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चिंतित किया है। इस संदर्भ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका को लेकर भी चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मोदी ने बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाए हैं। जबकि दूसरों का कहना है कि इस पर भारत के विपक्षी नेता और अन्य राजनैतिक दलों ने कोई ठोस बयान नहीं दिया है। सांसद साक्षी महाराज ने अपने कार्यालय में मीडिया से कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे नेताओं के बयान पर ध्यान दिया जाए तो उन्होंने अल्पसंख्यक मुद्दों पर काफी बातें की हैं। लेकिन बांग्लादेश के हिंदुओं की स्थिति पर इन लोगों ने खुलकर कुछ नहीं कहा। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हाल ही में हिंदू समुदाय की घटती संख्या और इसके परिणाम स्वरूप समाज में पैदा होने वाली समस्याओं को लेकर चिंता जताई है। हिंदू घटने पर देश में विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमले में मोदी सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये हैं।

# धनुषभंग: रही भुवन भरि जय जय बानी...

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



परशुराम लक्ष्मण संवाद करते पात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पोनी रोड तिराहा पर मंगलवार रात को विशाल धनुष भंग का आयोजन हुआ। जो बुधवार सुबह तक चला। धनुष भंग समाप्त होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धनुषभंग में नामचीन कालाकारों ने शानदार प्रस्तुति की। मंचन को देखकर आए हुए दर्शओं ने भरपूर आनंद उठाया।

पोनी रोड संकट मोचन धाम में 30वें धुनष भंग के दौरान जैसे ही शिवधनुष टूटते ही चौपाई में कहा कि रही भुवन भरि जय जय बानी, धनुषभंग धुनिजात न जान, मुदित कहहिं जहँ तहँ नर नारी। भंजेउ राम संभुधनु भारी। वहीं धनुष टूटने के साथ सीता स्वयंवर की खबर मिलने पर परशुराम जनकपुरी में स्वयंवर स्थान पर आ जाते है। हाथ में फरसा लिए क्रोधित हो धनुष तोड़ने वाले को सामने आने, सहस्त्रबाहु की तरह दडिंत होने और न आने पर वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को मारे जाने की धमकी देते हैं। उनके क्रोध को शांत करने के लिए राम आगे बढ़कर कहते हैं कि धनुष-भंग करने का बड़ा काम उनका कोई दास ही कर सकता है। परशुराम इस पर और क्रोधित होते हैं कि दास होकर भी उसने शिवधनुष को क्यों तोड़ा। यह तो दास के उपयुक्त काम नहीं है। लक्ष्मण परशुराम को यह कहकर और क्रोधित कर देते हैं कि बचपन में शिवधनुष जैसे कई धनुषों को उन्होंने तोड़ा। सोनू सैनी, अर्जुन साहू, विशाल गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, विकास, अरविंद चौधरी रहे।

### दुर्गा मंदिर में विशाल भंडारा आज

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में श्री मदन केशव राव आमडेकर (गुरु जी) के तिरोधान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जो सुबह से शाम तक चलेगा। श्री दुर्गा मन्दिर के संस्थापक श्री गुरु जी का 40वां वार्षिक भन्डारे का आयोजन गुरु भक्तों द्वारा आज किया जायेगा। सुबह 9 बजे से ब्रह्मलीन गुरु जी श्री मदन केशव आमडेकर जी का अभिषेक, पूजन व भोग उनके पौत्र महेश मुकुन्द आमडेकर एवं अन्य भक्तों द्वारा किया जायेगा। इस दौरान आचार्यों व कन्याओं का पूजन व भोजन कराया जायेगा। यह जानकारी श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति के आदित्य सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### मारपीट व कार का शीशा तोड़ने पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी स्थित हाइवे पर पिछले माह कानपुर के एक युवक को दो युवकों ने मारा पीटा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कानपुर कर्नलगंज निवासी मो. हासिर ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 18 अगस्त को वह जाजमऊ चौकी क्षेत्र के हाइवे स्थित एक ढाबे के पास खड़ा था, तभी दो युवकों ने उसको मारा पीटा, विरोध करने पर गाली गलौज करते हुये कार का शीशा तोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दबंगों ने युवक को पीटकर फोड़ा सिर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी कुछ लोग शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे, जिसका युवक और उसकी मां ने विरोध किया। इस पर दबंगों ने युवक को जमकर मारा पीटा। चंपापुरवा निवासी रज्जन की पत्नी भगवान देई ने बताया कि उसका मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी को लेकर मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह लोग शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे, जिसका उसने विरोध किया। जिस पर तीनों से लाठी डंडों से मारने के लिये दौड़े। यह देख उनका बेटा दीपक बचाने पहुंचा। जिस पर बेटे के सिर पर डंडा मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### सड़क किनारे बाग में पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव।** चकलवंशी–संडीला मार्ग पर आसीवन थानांतर्गत एक पेट्रोल पंप के पास स्थित बाग में युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित महमूदपुर गांव के मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने आम के बाग में शव युवक का शव पड़ा देख भीड़ एकत्र हो गई। खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ में मौजूद लोगों में एक व्यक्ति ने उसकी पहचान थानाक्षेत्र के जखैला गांव निवासी आशीष (30) पुत्र स्व. मोहन के रूप में की। इसकी खबर मिलते ही परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। आशीष शटरिंग मजदूर था और दो भाइयों में छोटा था। भाई धरमू परिवार के साथ अलग रहता है। बहनें मंजू, रिंकी, संध्या की शादी हो चुकी है। मां लीलावती आशीष के साथ रहती थी। उसकी शादी चार साल पहले मांखी थानाक्षेत्र के पन्नाखेड़ा गांव निवासी खुशबू से हुई थी। उसके एक दो साल की बेटी अन्वी है। दो सितंबर को खुशबू अपने मायके गयी थी। तभी से आशीष भी घर नहीं गया था। मां ने सोचा कि वह भी ससुराल गया होगा। बुधवार को उसका शव मिलने से वह बेहाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह साफ होगी।

### चोरों ने घर से पार किये जेवर व नगदी

अमृत विचार बांगरमऊ। नगर स्थित कांशीराम गली निवासी सरिता ने कोतवाली में बुधवार शाम तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह अज्ञात चोर उनके घर में घुसे और जेवर, एटीएम कार्ड व 12 हजार नगद समेत अन्य सामान पार कर दिया। घर पहुंचने पर उन्हें सामान बिखरा दिखा तो उन्हें चोरी की जानकारी हो सकी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### युवती को जहरीले कीड़े ने काटा, लखनऊ रेफर

**औरास।** औरास कस्बा के मोहल्ला श्याम नगर निवासी 18 वर्षीय दिशा पुत्री स्व. योगेश यादव शाम साढ़े सात बजे अपने एक घर से दूसरे घर पर बाबा के पास जा रही थी। तभी घर के बाहर पैर पड़ने से जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। परिजन आनन–फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया।

# हाईवे किनारे खोदाई कर रहे लोगों को भगाया

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव



मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बिना अनुमति पाइप डालने की सूचना पर एनएचएआई कर्मियों ने रोक लगा दी। साथ ही साथ खुदाई कर रहे पांच लोगों को पुलिस के सुपुर्द किया। इस दौरान मौके पर एक मशीन भी पुलिस ने बरामद क़र थाने मे ख़ड़ी करवाई है। बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बुधवार को एक कंपनी के कर्मचारी एसएसडी मशीन से खुदाई करने लगे। उनके पास काफी संख्या मे पाईप थे। इसकी सूचना किसी ने एनएचएआई के इंजीनियर अभय यादव को दी।

इंजीनियर ने सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंच गए। वहां कार्य क़र रहे लोगों से जानकारी ली। जिस पर संतोषजनक उत्तर न देने पर पुलिस सभी को थाने ले आई।

इस बाबत एनएचएआई इंजीनियर ने बताया कि बिना अनुमति ये सभी लोग बजेहरा और बनी के बीच खुदाई क़र पाइप डाल रहे थे। इनके पास एसएसडी मशीन भी थी। वहीं इस मामले पर सोहरामऊ पुलिस से बात की गई तो बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। इंजीनियर ने खोदे गए गड्ढे भरवाने और दोबारा न खोदने की हिदायत दी है।

# सचिव व प्रशिक्षण आयुक्त गाइड किए गए पदमुक्त

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने स्काउट एवं गाइड सचिव राणा ऋषेन्द्र सिंह व जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सोनू सिंह को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया है। वहीं जिला कोषाध्यक्ष स्काउट एवं गाइड को अतिरिक्त प्रभार पद अगले निर्देशों तक सौंपा है।

स्काउट गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक में लीडर ट्रेनर गाइड नीता सिंह व लीडर ट्रेनर स्काउट दिनेश यादव ने नई कार्यकारिणी को लेकर प्रश्न उठाए थे। 2021 से अब तक जिला सचिव ने कोई सभा और न ही कार्यकारिणी की बैठक की थी। जिसे लेकर सीडीओ ने सचिव राणा ऋषेन्द्र सिंह से कार्यवृत्ति दिखाने को कहा था। जिसका उत्तर सचिव के पास नहीं था। उसी दिन सीडीओ ने कार्यवाई करते हुए छह सदस्यों की जांच कमेटी बनाई थी। जिसमें डायट प्राचार्य पवन तिवारी, गाइड कमिश्नर किरन भारती, लीडर ट्रेनर दिनेश यादव, सहायक लीडर ट्रेनर अलोपी शंकर मिश्र, रोवर स्काउट लीडर भरत लोधी, आईटी को ऑर्डिनेटर आचमन श्रीवास्तव को जांच कमेटी में रखा गया था। जांच कमेटी वर्ष 2021 से अब तक की आय व्यय, प्रगतिशील प्रशिक्षण की समीक्षा आदि की जांच कर रही है।

# एसडीएम ने की पीस कमेटी के साथ बैठक

**सफीपुर।** आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी व 12 रबीउल अव्वल को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन सफीपुर कोतवाली परिसर में एसडीएम नवीन चंद की अध्यक्षता में हुआ। इसमें एसडीएम ने कहा कि नगर व क्षेत्र की जनता शांतिप्रिय है। यहां का हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा एक मिसाल है। मेरा उद्देश्य है कि आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी और 12 रबीउल अव्वल के कार्यक्रम व जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न हों। कहा कि जुलूस अपने तय रास्तों से ही निकाले जाएं। यदि कहीं कोई कार्यक्रम या जुलूस में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चिंता | जिलाधिकारी ने ली स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक, कई बिंदुओं पर दिये निर्देश

# हर हाल में लोगों को मिले अच्छी स्वास्थ्य सेवा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

● सीएमओ को स्वयं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल हाल में बुधवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक में संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशाओं के भुगतान, नियमित टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण, मलेरिया उन्मूलन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, सीएचसी व पीएचसी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर डाक्टरों और सीएचओ की उपलब्धता, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम, वीएचएनडी सेशन पर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता आदि की समीक्षा की। जिसमे उन्होंने कहा कि जिले में सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम पूरी दृढ़ता के साथ संचालित किये जायें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आमजन को प्राप्त हो सके। कार्यरत आशा बहुओं के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाने की हिदायत देते हुए कहा कि आशा बहुओं को उनकी मेहनत के अनुसार समय पर पर्याप्त भुगतान किया जाए। टीकाकरण को लेकर उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला एवं पात्र बच्चे नियमित व अनिवार्य टीकाकरण जैसे मीजल्स-रुबेला आदि से वंचित न रहें। यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण के सम्बन्ध में वास्तविक डेटा फीड किया जाए।

सीएमओ स्वयं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें। डीपीओ गर्भवती महिलाओं व धात्रियों को पोषाहार का नियमित वितरण कराया जाए।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समीक्षा बैठक में कहा कि सीएमओ सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को चिकित्सा केन्द्र पर दवाओं एवं डाक्टर व स्टाफ की उपलब्धता कराएं। असोहा ब्लाक में डिप्थीरिया आउटब्रेक को लेकर सीएमओं व प्रभारी चिकित्साधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की जिस स्तर पर भी चूक हुई है उसकी जांच की जाए। लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। जिले में लोग डिप्थीरिया के शिकार हुए हैं। उनकी जांच कर पता करे की उनका टीकाकरण हुआ था या नहीं। साथ ही अस्पतालों में बाहर से दवा की पर्ची लिखने वालो के खिलाफ कार्यवाई की बात कही। आयुष्मान, संचारी रोग नियंत्रण में गाँव व शहर प्रत्येक जगह पर नियमित साफ-सफ़ाई व एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सूने घर में चोरों ने बोला धावा, ले गए पूरी गृहस्थी

**औरास।** कस्बा औरास के मोहल्ला चमरौधा प्रथम निवासी पंकज त्रिपाठी पुत्र अकबाल शंकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ लखनऊ में रहता है। 16 अगस्त से 4 सितंबर के बीच अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर दो गैस सिलेंडर, दो पंखे, एक बैट्री व एक बोरी गेहूं और पीतल के बर्तन आदि पार कर दिया। लखनऊ से जब वह घर लौटा तो सामान वहां न देख दंग रह गया। लोगों से इसकी जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर उसने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि चोर गृहस्थी का पूरा समान ले गए जिससे अब उसे सिलेंडर-चूल्हा आदि सबकुछ फिर खरीदना पड़ रहा है।



काली पट्टी बांधकर विरोध करते स्वास्थ्य कर्मचारी। अमृत विचार

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने जताया विरोध

संवाददाता,औरास

**अमृत विचार।** विभिन्न कर्मचारी संगठन 6 सितंबर तक ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली व यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रतीतात्मक रूप से विरोध करते हुये कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने कर्मचारी संगठन के नेतृत्व में बुधवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

बता दें कि सीएचसी औरास में बुधवार को सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए तथा यूनिफाइड पेंशन स्कीम का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते हुए काम किया।

वहीं चिकित्सा प्रभारी अनूप तिवारी ने बताया कि 6 सितंबर तक हम लोग पुरानी पेंशन बहाली की मांग व यूपीएस का काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे।

# उद्यमों को बढ़ाने और राज्य से चैंपियन्स लाने की आवश्यकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एमओयू का आदान-प्रदान करते अतिथि।

**अमृत विचार:** भले ही हमारे पास बड़ी संख्या में एमएसएमई हैं, लेकिन अधिकांश उद्यम असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत हैं। प्रौद्योगिकी, डिजिटलीकरण, कौशल विकास को अपनाकर उद्यमों को बढ़ाने और राज्य से चैंपियन्स लाने की आवश्यकता है। इन्हें रैम्प कार्यक्रम में शामिल कर सूक्ष्म से लघु और मध्यम उद्यमों में बदलने के साथ निर्यात इकाइयों में 2026 तक ईएससी-अनुरूप बनाया जाएगा। यह विचार प्रमुख सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग आलोक कुमार ने लखनऊ में आयोजित रैम्प कार्यशाला में प्रकट किए। दरअसल, रैम्प योजना भारत सरकार द्वारा एमएसएमई को उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता और समर्थन प्रदान करने की एक पहल है। साथ ही इसका उद्देश्य एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल सुनिश्चित करना भी है।

- **लखनऊ में उप्र. लघु उद्योग निगम लि. ने आयोजित की रैम्प कार्यशाला**

बुधवार को रैम्प कार्यशाला हयात रीजेंसी, लखनऊ में उप्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड (यूपीएसआईसी) द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, प्रांजल यादव, सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, के. विजयेंद्र पांडियन, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, राज कमल यादव, प्रबंध निदेशक, यूपीएसआईसी, प्रो. सब्यसाची सिन्हा, अध्यक्ष, एमडीपी, आईआईएम लखनऊ और आर्क्स श्रीनिवास, सीईओ, आईएफएसीईटी, आईआईटी कानपुर की उपस्थिति रही। एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग के सचिव प्रांजल यादव ने रैम्प कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और इस बात पर प्रकाश डाला कि एमएसएमई कार्य क्रम का लाभ उठाकर उद्यमी राष्ट्र निर्माण में मदद करेंगे।

सिडबी और अन्य उद्योग संघों के प्रतिनिधियों द्वारा विशेष संबोधन, इसके अलावा, यूपीएसआईसी लिमिटेड और आईआईटी कानपुर, और यूपीएसआईसी और आईआईएम लखनऊ के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

# स्कूल संचालक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



अरविंद सिंह



ग्रामीणों से जानकारी लेतीं सीओ निष्ठा उपाध्याय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निजी स्कूल संचालक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगा है। बताया कि आरोपी ने स्कूल संचालक पर घात लगाकर हमला किया। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

रैपुरा थानांतर्गत अगरहुंडा निवासी अरविंद सिंह (30) पुत्र स्व. शिवकुमार सिंह गांव से लगभग डेढ़ किमी दूरी पर महाराणा प्रताप सिंह प्राथमिक विद्यालय नाम से स्कूल खोले थे। बुधवार की सुबह वह रोजाना की तरह अपनी पत्नी सुषमा सिंह को स्कूल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी ने उनके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वार से अरविंद लहूलुहान होकर गिर पड़े। चिल्लाने पर आसपास से लोग दौड़ पड़े। उधर, आरोपी भाग निकला। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव के ही गोविंद ने अरविंद की हत्या की है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# जल्द पकड़ लिये जाएंगे भेड़िये : मंत्री

## मंत्री डॉ. निषाद व वन राज्यमंत्री डॉ. सक्सेना ने अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, बहराइच



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते संजय निषाद व डॉ.सक्सेना।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रदेश सरकार के मत्स्य और वन मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा पहले है। मंत्री ने कहा कि 150 मजरे पूरी तरह से पुलिस, वन और पीएसी जवानों की सुरक्षा में हैं। जिले के तहसील महसी क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण की समीक्षा के लिए प्रदेश के मंत्री मत्स्य/जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने सांसद बहराइच आनन्द गोंड, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल, बलहा की सरोज सोनकर व नानपारा के राम निवास वर्मा की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्रीद्वय ने निर्देश दिया कि वन, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, ऊर्जा व अन्य सम्बन्धित विभाग बेहतर तालमेल एवं समन्वय के युद्ध स्तर पर कार्यवाही करते हुए हिंसक वन्यजीवों को पकड़ने की कार्यवाही करें। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि महर्षि बालार्क चिकित्सालय का इमरजेन्सी व प्रभावित क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध एम्बुलेन्स को क्रियाशील रखा जाय। उन्होंने कहा कि हिंसक जीवों को पकड़ने के लिए संसाधन व धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। बैठक में मौजूद अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्च आपरेशन के दौरान जनप्रतिनिधियों के सुझावों को भी महत्व दिया जाये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसीएफ रेनू सिंह व वन्यजीव के संजय श्रीवास्तव, डीआईजी देवीपाटन मण्डल अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन मण्डल मनोज कुमार सोनकर, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मात्र 40 सेकेंड में 'स्मर्च मिसाइल' भर देती खौफ

**लखनऊः** 'सशस्त्र सैन्य समारोह' में आत्मनिर्भर भारत की शक्ति बुधवार को दूसरे दिन भी सूर्या खेल परिसर में देखने को मिली। सैनिकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से तमाम नवीनतम सैन्य उपकरणों और हथियारों का प्रदर्शन कर उनकी कार्य क्षमता बताई। इसमें दुश्मनों पर स्मर्च मिसाइल सबसे भारी रहा। लांस नायक अतुल कुमार ने बताया कि इस मिसाइल को मात्र 40 सेकेंड का समय चाहिए और 800 मीटर के दायरे में मौजूद दुश्मन का इलाका धुआं-धुआं। इस मिसाइल की रेंज 90 किमी. तक है। जो युद्ध के दौरान 40 सेकेंड में एक साथ 12 मिसाइल फेंकता है। इससे दुश्मन के साथ ही 800 मीटर तक का पूरा इलाका तबाह हो जाता है। स्मर्च मिसाइल रूस से खरीदा गया है।

# दंपति को घायल कर 2 गांवों में लाखों की डकैती

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** कच्छाधारी बदमाशों ने दो गांवों के दो घरों में मंगलवार की रात डकैती डालकर लाखों के जेवर व नकदी लूट ली। इससे पहले सो रहे लोगों को उठाकर जोर जबरदस्ती की। विरोध करने पर दंपति को चाकू मारकर घायल कर दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के फतुआंपुर गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र राजकुमार के गांव में दो घर हैं। पुराने मकान में वह स्वयं रहता है जबकि गांव के बाहर बने मकान में पुत्र संतोष राजपूत व पुत्रवधू अर्चना रहती है। मंगलवार की रात संतोष की मां अपने पुराने घर पर चली गई थी। संतोष अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोने चला गया। रात करीब 11 बजे उसके घर पर पांच नकाबपोश बदमाश घुस आए। खटपट की आवाज सुन संतोष जाग गया। जब उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। करीब एक लाख रुपये और जेवरात लूट कर फरार हो गए। बाद में रात साढ़े 12 बजे ठठिया के बस्ता गांव निवासी लतीफ के दरवाजे पहुंच गए। चारपाई पर सो रहे सभी लोगों को जगाकर विरोध न करने की धमकी देते हुए मोबाइल लेकर सिम तोड़ दिए। यहां से करीब तीस हजार की नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गए।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने घेरा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आवास

**लखनऊः** हाई कोर्ट डबल बेंच के आदेश के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलनरत आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अमरेंद्र पटेल के नेतृत्व में अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बातचीत की और उनसे ज्ञापन लिया। चौधरी ने कहा कि इस प्रकरण में जल्द ही वह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र, विजय, अर्चना, विक्रम भी शामिल रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री मो0 शादाब पुत्र स्व0 श्री अनवार, निवासी गण मो0 जुलाह पुरी सराय इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्रके साथ बैनामा छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होंने ....... जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम ....... उत्तर दक्षिण ...... है। जिसकी सीमा पूर्व में मकान अब्दुल हमीद पश्चिम में मकान हनीफ उत्तर में रास्ता 06 फीट चौड़ा दक्षिण में मकान मतीन मोहल्ला श्री मो0 अली पुत्र/ श्री स्व0 मुन्शी निवासी मोहल्ला वगिया सिनेमा रोड तहसील करहल जिला मैनपुरी क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा। नोटः– नामान्तरण मात्र एवं भवन कर संग्रहण हेतु है। इससे स्वामित्व का निर्धारण नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल इटावा**



**रामकिशोर स्मारक महाविद्यालय**

**(छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि. से सम्बद्ध)**

जदवंशपुर, अजीतमल औरैया

**आवश्यकता है**

**छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि. कानपुर से सम्बद्ध रामकिशोर स्मारक महाविद्यालय जदवंशपुर, अजीतमल औरैया**

**कला संकाय–** हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, इतिहास, गृह विज्ञान, सहायक आचार्य (01–01 पद) की आवश्यकता है।

**विज्ञान संकाय–** रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित। (01–01 पद) की आवश्यकता है।

**सम्पर्क सूत्र–** 9068190812, 7017530766


# जेल में अब्बास की मुश्किलें बढ़ीं, हर गतिविधि पर नजर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद और सतर्क हुआ कासगंज जेल प्रशासन**
- **जिला जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है बाहुबली विधायक अब्बास**

**अमृत विचार:** बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी कासगंज जिले की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। उसे यहां कड़ी निगरानी के बीच रखा गया है। चित्रकूट में गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्रवाई होने की खबर मिलने के बाद उसकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वहीं, जिला जेल प्रशासन और भी सतर्क हो गया है। उसकी निगरानी बढ़ा दी गई है।

पूर्वांचल का बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी कासगंज जिला जेल में कड़ी निगरानी के बीच रह रहा है। उसने कासगंज जेल में रहते हुए गैंग लीडर होने की सक्रिय भूमिका निभाई। चित्रकूट में उस पर की गई कार्रवाई से कासगंज जेल प्रशासन और अधिक सख्त हो गया है। इधर अब्बास को भी जानकारी मिल गई है कि उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जिससे वह बेचैन है। मगर जेल प्रशासन पल-पल उसकी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

> यह मामला चित्रकूट का है। कासगंज जेल में अब्बास को कड़ी निगरानी के बीच रखा गया है। उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। अब कहां कैसे गैंग बना वह चित्रकूट का मामला है। जेल में उस पर सख्त पहरा है।
>
> –विजय विक्रम सिंह, जेल अधीक्षक

## बिजली चेकिंग में अधिकारी और सभासद भिड़े

**इटावा।** बिजली चेकिंग के दौरान पावर कारपोरेशन के अधिकारियों तथा सभासद के मध्य कहासुनी हुई। शहर में कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला शिवनारायण में रामलीला बिजली घर से चेकिंग करने गए अधिकारियों पर सभासद व अन्य ने गाली गलौज का आरोप लगाया है। वहीं रामलीला बिजली घर के उपखंड अधिकारी अभियंता आनंदपाल, अवर अभियंता राजकमल व अन्य कर्मियों ने सभासद पर आरोप लगाए।

# माफिया छवि के व्यक्ति की मौजूदगी लल्लू ने नहीं साझा किया मंच

**अयोध्या:** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश महामंत्री संजय राय की पत्रकार वार्ता के मंच पर एक माफिया छवि के व्यक्ति को स्थान दिया गया। इस पर वहां मौजूदगी के बावजूद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मंच साझा नहीं किया।

सर्किट हाउस के हाल में पत्रकार निर्धारित समय पर हाल में पहुंच गए थे। मीडिया प्रभारी के बाद यहां पहुंचने वालों में सबसे पहले पूर्व सांसद लल्लू सिंह ही थे। आते ही वह मंच के बजाए पत्रकारों के बीच पहुंच गए। इसके बाद महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव वहां पहुंचे। वह भी बैठे। इसी बीच अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी पहुंचे। वह भी पूर्व सांसद के पास कुछ देर के लिए बैठ गए। इसके बाद भाजपा के प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी पहुंच गए। लेकिन एक व्यक्ति इनमें से नहीं था। फिर भी मंच पर उसकी मौजूदगी थी। पूर्व सांसद को मंच पर लाने के लिए पूरी कोशिश की गई। जिलाध्यक्ष उनके पास पहुंचे, कई अन्य ने प्रयास किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 968/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 04.09.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीतू सोनी पत्नी महेन्द्र सोनी | माँ विराट रियल स्टेट प्रा0लि0 राठ द्वारा डायरेक्टर रामगोपाल सोनी पुत्र भगवानदास सोनी | सिकन्दरपुरा –2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर**



**Fragrance & Flavour Development Center**

**Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises**

**Career Oriented Course for Skill Development**

**Technician-Aroma Process, NSQF level- 4.5**

| S.No. | Course Name | Eligibility | Intake | Fees (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Technician Aroma Process, NSQF level- 4.5 (Approved by National Council for Vocational Education & Training) | 12th grade pass, Min. age : 17 year | 20 | 1,50,000.00/- |

**Aroma toolkit sponsored by dsm firmenich*

*Application Date: Eligible candidate will apply up to 25.09.2024.*

**How to Apply:** Please visit our website www.ffdcindia.org and download registration form and send duly filled & signed with self-attested all documents via e-mail at vilasgedam358@gmail.com/whatsapp on 06388865996 before last date to Gedam Vilas D., Nodal Officer

**Admission Process:** The candidate shortlisted on **academic merit / interview** basis.

**An Autonomous body of Govt. of India under Ministry of MSME, Industrial Estate, Makrand Nagar, Kannauj- 209726(U.P.)**

Web:www.ffdcindia.org, email: vilasgedam358@gmail.com, Mob.: 6388865996, 8840181643, 9648253321



**Fragrance & Flavour Development Center**

**Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises**

**Career Oriented Course for Skill Development**

**Technology Development Programme in Aroma & Its Management**

| S.No. | Course Name | Eligibility | Intake | Fees (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Technology Development Programme in Aroma & Its Management | Graduation, Min. age : 19 year | 20 | 2,00,000.00/- + Taxes |

**Part subsidy & Aroma toolkit sponsored by dsm firmenich*

*Application Date: Eligible candidate will apply up to 25.09.2024*

**How to Apply:** Please visit our website www.ffdcindia.org and download registration form and send duly filled & signed with self-attested all documents via e-mail at vilasgedam358@gmail.com/whatsapp on 06388865996 before last date to Gedam Vilas D., Nodal Officer

**Admission Process:** The candidate shortlisted on **academic merit/interview** basis at FFDC, Kannauj.

**An Autonomous body of Govt. of India under Ministry of MSME, Industrial Estate, Makrand Nagar, Kannauj- 209726(U.P.)**

Web:www.ffdcindia.org, email: vilasgedam358@gmail.com, Mob.: 6388865996, 8840181643, 9648253321


प्रेसवार्ता | भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय बोले...

# उपचुनाव में जब्त होगी विपक्ष की जमानत

मिल्कीपुर, अयोध्या।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संजय राय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो अखबारों के पन्ने घोटालों की खबर से भरे होते थे। प्रदेश में सपा, बसपा की सरकारों में गुंडाराज कायम था। बसपा की सरकार में फैजाबाद के ही एक मंत्री दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुके हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इन सब से निजात दिलाई। मिल्कीपुर उपचुनाव में विपक्ष की जमानत जब्त हो जाएगी। यह बातें भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बुधवार को कहीं। वह मिल्कीपुर मंडल के गोयड़ी बूथ पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते रहे थे।

कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा को जीत का भरोसा होता तो विधायक अवधेश प्रसाद के बजाय किसी और को चुनाव लड़ाती। संविधान और आरक्षण के झूठ से चुनाव जीते हैं। केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बने तीन महीने बीत चुके हैं, क्या कहीं संविधान बदल गया या आरक्षण खत्म हो गया। कहावत है कि झूठ को यदि सौ बार बोला जाए तो लोग उस पर विश्वास करने लग जाते हैं, लेकिन विपक्ष का झूठ अब चलने वाला नहीं है। सबको लोकसभा में हार का पश्चाताप है। सबने तय किया है कि मिल्कीपुर के उपचुनाव में इतना वोट देंगे कि विपक्ष की जमानत जब्त हो जाएगी। प्रदेश महामंत्री ने लोगों से सदस्यता का टोल फ्री नंबर डायल कराकर सदस्यता दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गा बक्स सिंह कप्तान ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, मण्डल अध्यक्ष अजय तिवारी, महामंत्री अमरनाथ बंसल, विजय चौबे, पवन पाण्डेय, काशीराम पासी, हरिश्चंद्र दुबे, रामचंद्र दुबे आदि मौजूद थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीखुर्द वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मेमो ODF+/पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त/2024–2025 दिनांक–04/09/2024

**निविदा सूचना**

ODF+ पंचम/ पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में आरआरसी सेंटर निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 11/09/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 11/09/24 को अपराह्न चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 60.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 03.19 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 03.54 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.68 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.65 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 2070 नग |
| 7 | सरिया | 00.00 |
| 8 | GI Sheet | 48.00 SQM |
| 9 | Mild Steel Bar | 04.05 कुन्तल |
| 10 | Heavy Iron Work | 07.93 कुन्तल |
| 11 | इलेक्ट्रानिक आल वर्क | 01 Job |

नोट– उक्त निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर देय होगी।

प्रधान सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीखुर्द, विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीकलां वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मेमो ODF+/ पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त/2024–2025 दिनांक–04/09/2024

**निविदा सूचना**

ODF+ पंचम/पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीकलां में आरआरसी सेंटर निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 11/09/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 11/09/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 60.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 03.19 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 03.54 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.68 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.65 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंटा | 2070 नग |
| 7 | सरिया | 00.00 |
| 8 | GI Sheet | 48.00 SQM |
| 9 | Mild Steel Bar | 04.05 कुन्तल |
| 10 | Heavy Iron Work | 07.93 कुन्तल |
| 11 | इलेक्ट्रानिक आल वर्क | 01 Job |

नोट– उक्त निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर देय होगी।

प्रधान सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीकलां, विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### वाईपी सिंह स्टेट कंसट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन के अध्यक्ष नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** वाईपी सिंह को यूपी स्टेट कसंट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया है। इस सिलसिले में शासन की ओर से आदेश जारी हो गए। मालूम हो कि पूर्व में कॉरपोरेशन का नाम उप्र. समाज कल्याण निर्माण निगम लिमिटेड था।

### रबी-उल-अव्वल का चांद दिखा, इमाम हसन असकरी की शहादत 12 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी ने सूचना दी है कि 4 सितम्बर को इस्लामी माह रबी-उल-अव्वल का चांद हो गया है। इसलिए 5 सितम्बर को रबी-उल-अव्वल की पहली तारीख होगी। इमाम हसन असकरी की शहादत 12 सितम्बर को मनाई जाएगी।

### आज बयान देने आ सकता है एल्विश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सांप के जहर की तस्करी करने के आरोप में चर्चा में आए यू ट्यूबर एल्विश यादव गुरुवार को ईडी कार्यालय में बयान देने पहुंच सकते हैं। उन्होंने ईडी लखनऊ इकाई ने 2 सितबंर को बयान देने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंच सके थे। ईडी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने 5 सितंबर के लिए समय मांगा था। एल्विश के ईडी कार्यालय पहुंचने पर उनकी संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि ईडी ने उनकी संपत्तियों को लेकर एफआईआर दर्ज की है।

### दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों व श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया : जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के धार्मिक व पर्यटन स्थलों का अवलोकन करने वियतनाम से आए 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मुलाकात की। नए उप्र. से परिचय कराते हुए कहा कि प्राथमिकता देकर पर्यटकों व श्रद्धालुओं को विभिन्न पर्यटन स्थलों पर भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया है। निजी होटल में मुलाकात करने के बाद बुधवार को पर्यटन मंत्री ने बौद्ध धर्म के अनुयायी तथा विभिन्न देशों के पर्यटन सेक्टर से जुड़े लोगों की फैम ट्रिप की शुरूआत की गयी है।

### पराली जली तो जिम्मेदार होंगे थानेदार

**अमृत विचार :** गृह विभाग ने पराली को लेकर सभी मंडलायुक्तों, आईजी, डीएम व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके लिए विभाग ने कहा है कि समस्त अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर प्रवर्तन सुनिश्चित करने के लिए बीट कांस्टेबल, ग्राम प्रहरियों व राजस्व कर्मियों व प्रधानों के माध्यम से सूचनाएं एकत्र करें। कहीं पर आदेशों की अवहेलना हो रही है तो संबंधित थाने के थानेदार जिम्मेदार होंगे। इसलिए अभी से ही पराली को लेकर अधिकारी सतर्क हो जाएं और गांवों से सूचनाएं विकसित करना शुरू कर दें।

# एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म का प्रयास, दरिंदों ने पति का ऑक्सीजन मास्क भी निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से सिद्धार्थनगर ले जाते समय पीड़िता को बस्ती में उतारा, पति की मौत
- पीड़ित महिला के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। बीमार पति और भाई की आंखों के सामने महिला से एंबुलेंस चालक व हेल्पर ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने बीच रास्ते में बीमार पति का ऑक्सीजन मास्क निकाल कर उतार दिया और महिला के गहने व रुपये लूट कर भाग निकले। भाई की सूचना पर पहुंची बस्ती पुलिस ने पति को दूसरी एंबुलेंस से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। गाजीपुर पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

गाजीपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक, सिद्धार्थ नगर जिले के बांसी कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला ने बुधवार को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 28 अगस्त को बीमार पति को इन्दिरा नगर के सेक्टर-सी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज महंगा होने व आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते 29 अगस्त को डॉक्टर से बात कर पति को डिस्चार्ज कराया। घर ले जाने अस्पताल कर्मियों से मिले मोबाइल नंबर से एंबुलेंस बुलाई। महिला शाम करीब 6:30 बजे पति व अपने छोटे भाई के साथ एंबुलेंस से घर के लिए रवाना हुई। पीड़िता ने बताया कि रास्ते में चालक ने पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस में डीजल भरवाया और कहा कि रास्ते में पुलिस कई बार चेकिंग करती है। आप आगे बैठेंगी तो पुलिसकर्मी नहीं रोकेंगे। पीड़िता ने मना किया, लेकिन कई बार कहने पर मजबूरन वह एंबुलेंस में आगे की सीट पर बैठ गयी। जबकि भाई को पीछे बिठा दिया। आरोप है कि कुछ दूर चलने के बाद ही एंबुलेंस चालक व हेल्पर छेड़छाड़ करने लगे। उसकी चीख सुन पीछे बैठे भाई ने भी शोर मचाया, लेकिन आरोपियों ने एंबुलेंस नहीं रोकी। बस्ती पहुंचते ही भाई ने डायल 112 और 108 पर सूचना दी। बाद में आरोपियों ने एंबुलेंस रोकी और भाई को पीछे से खींचकर केबिन में बंद कर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध के चलते नाकाम होने पर पति का ऑक्सीजन मॉस्क निकाल कर एंबुलेंस से तीनों को उतार दिया। महिला के 10 हजार रुपये और गहने लूट कर भाग निकले। इस बीच, पहुंचे पुलिस कर्मियों की मदद से पीड़िता अपने पति को जिला अस्पताल ले गयी। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस से ले जाते समय रास्ते में पति की मौत हो गई। पीड़िता का कहना है कि पति की मौत के बाद उसने बस्ती के छावनी थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। जहां से घटनास्थल लखनऊ बता टरका दिया गया। बुधवार को पीड़िता गाजीपुर थाने पहुंची। इंस्पेक्टर विकास राय ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी एंबुलेंस चालक व सहयोगी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लूट, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने को सक्रिय हो गई है।

# स्वस्थ समाज के लिए जाति, मत और मजहब से ऊपर उठें

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पोषण का मंत्र देते हुए कहा कि बच्चों की सेहत सुधरेगी तो पीढ़ी संवरेगी। योगी ने कहा कि कुपोषित बच्चा समाज के सामने एक चुनौती है। स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें जाति, मत और मजहब से ऊपर उठकर एक-एक बच्चे पर ध्यान देना पड़ेगा। तभी हम 2047 तक भारत को विकसित बना पाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से द्वापर युग में माता यशोदा ने श्रीकृष्ण का लालन-पालन किया था। उसी तरह से आज के समय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भूमिका भी है, उन्हें मां यशोदा की तरह बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें उद्धरण के माध्यम से तीन से पांच वर्ष के बच्चों को शिक्षित करें तो बच्चे तेजी से सीखेंगे।

योगी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान कुछ लोग विदेश भाग गए थे तो कुछ लोग छुट्टी मनाने निकल गए थे। उन्होंने कहा कि कोरोना के दौरान प्रदेश की आंगनबाड़ी बहनें, आशा बहुओं और एनएम जब कदम से कदम मिलाकर कार्य किया तो उत्तर प्रदेश कोरोना प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया।

यहां जानकारी दी गई कि, नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे के अनुसार, 2015-2016 की तुलना में वर्ष 2019-2020 में उत्तर प्रदेश में एनीमिया के स्तर में 5.1, स्टंटिंग 6.6, अल्प वजन में 7.4 और सूखापन में 0.6 गिरावट आई है। वहीं आज प्रदेश में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार 61 से घटकर 38 और मातृ मृत्यु दर प्रति लाख 201 से घटकर 167 हो गई है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



लोकभवन में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत के दौरान आयोजित कार्यक्रम में बच्चे को खिलाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### 45 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया होगी शुरू

**फूलपुर/प्रयागराज :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उप्र. पुलिस सेवा में आरक्षी भर्ती के लिए 60 हजार 200 पदों के लिए ली गई लिखित परीक्षा के परिणाम जल्द आने वाले हैं। इससे युवाओं के पुलिस बल का हिस्सा बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने के बाद 40 से लेकर 45 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 40 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के क्रम में आगे बढ़ रहे हैं। योगी के अनुसार, जल्द ही इतनी ही और नौकरी देने की प्रक्रिया को शुरू करने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए नौकरी की कमी नहीं होगी। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यवसायिक व मेडिकल एजुकेशन में साठ हजार से अधिक नियुक्तियां इंतजार कर रही हैं। अलग-अलग विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रयागराज के फूलपुर स्थित इफको परिसर के केंद्रीय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार एवं ऋण वितरण मेले में शामिल होकर विचार प्रकट कर रहे थे। कार्यक्रम के अंतर्गत योगी द्वारा 5,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितिरित किए गए। वहीं, 7,138 लाभार्थियों को 510 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में 15,448 युवाओं को टैबलेट, स्मार्टफोन भी वितरित किए गए। इसके साथ ही, योगी ने फूलपुर में 634 करोड़ रुपये की 407 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आवंटित आवास की चाबी भी मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई।

### महिलाओं की लड़ाई लड़ेगी प्रदेश कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि महिलाओं की रक्षा के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट हों और उनकी समस्याओं व अन्य मुद्दों पर लड़ाई के लिए तैयार रहें। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में फ्रंटल विभाग व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सभी लोग जिलों में जाएं और वहां होने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महिलाओं के प्रति अत्याचार के मामलों को प्रमुखता से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि आज जनता हमारी ओर देख रही है। अगर अब हम चूक गए तो समय हमारे हाथ से निकल जाएगा। बैठक में संगठन को धार देने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रकोष्ठों के प्रभारी विश्वविजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शिवहरे, एनएसयूआई मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान, सोशल मीडिया की उपाध्यक्ष शालिनी सिंह, चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ जियाराम वर्मा, आरटीआई प्रकोष्ठ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, अनीस अंसारी, आदि मौजूद रहे।



उप्र. महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनने पर लखनऊ स्थित आवास पर सपा नेता शिवपाल यादव व उनकी पत्नी से आशीर्वाद लेते हुए मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव।

### लोनिवि में ठेकदारों के पंजीकरण के लिए नई व्यवस्था लागू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक निर्माण विभागा में ठेकेदारों के पंजीकरण के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। इस सिलसिले में शासन की ओर से लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को पत्र भेजा गया है।

जारी पत्र में अनुसार, विभाग में ए व बी श्रेणी के ठेकेदारों के पंजीकरण के लिए मुख्य अभियंता मुख्यालय की ओर से भविष्य में कोई पंजीकरण नहीं किया जाएगा। पंजीकरण का कार्य अब क्षेत्रीय मुख्य अभियंता करेंगे। यह प्रदेश के सभी जिलों के लिए मान्य होगा।

### आईपीएस इमरान दो वर्ष बाद प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे वापस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़ मुस्लिम विवि के रजिस्ट्रार के पद पर थे तैनात

**अमृत विचार :** अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार व आईपीएस अधिकारी मोहम्मद इमरान दो वर्ष बाद प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस लौट रहे हैं।

2011 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी मो. इमरान 9 सितम्बर 2022 को प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली गये थे। उन्हें अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया गया था। बताया गया है कि मूल रूप से भागलपुर विहार निवासी मोहम्मद इमरान इसी 11 सितम्बर को प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस लौट रहे हैं। मो. इमरान बुधवार को पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने डीजीपी प्रशान्त कुमार से मुलाकात कर उन्हें यूपी वापस लौटने के बारे में जानकारी दी।

## वर्ग पहेली-182

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ की बातों में समय बिताने की क्रिया या भाव, बकवाद।
3. जिसे भांग पीने की लत हो, रोज़ाना भांग पीने वाला, भंगड़।
6. शरीर के वे अंग जो संतान को जनने या जनाने का कार्य करते हैं, गुप्तांग
7. 1. विलास करता हुआ 2. शोभित 3. चमकता हुआ 4. व्यक्त 5. विनोदी।

**ऊपर से नीचे**

1. शब्दों के अंत में जुड़कर 'घूमने-फिरने वाले' का अर्थ देता है
2. दुकान आदि पर ख़रीददारी के समय दुकानदार से मोलभाव करने की प्रक्रिया मोलभाव, सौदेबाज़ी।
4. 1. खनिज लवण; धातु लवण 2. कच्ची धातु।
5. चारों ओर, चारों तरफ़, चारों दिशाओं में, चौगिर्द।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | ■ |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -181 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | द | ना | ■ | ■ | 2 म |
| ठ | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | श |
| ठं | ■ | ■ | ठी | ■ | क |
| 4 ड | 5 ब | ड | बा | ना | ■ |
| ■ | र | ■ | यो | ■ | 6 टा |
| ■ | दा | ■ | टि | ■ | ट |
| 7 गि | र | ह | क | ट | ■ |

## सुडोकू -95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 6 | 2 | | | 8 |
| | | 1 | | 7 | 5 | | 3 | |
| | 6 | 9 | | | | 2 | | |
| | | 5 | | 4 | | 3 | | 1 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | | 7 | | 9 | | 4 | | |
| | | 8 | | | | 9 | 5 | |
| | 1 | | 2 | 5 | | 8 | | |
| 4 | | | 3 | 8 | | 1 | | |

### सुडोकू -94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |

# बकाया भुगतान के बाद समय पर बिजली न जोड़ने पर जवाब तलब

## नियामक आयोग ने दिये 15 दिनों में जवाब देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कहा, दो घंटे के भीतर जुड़नी चाहिए बिजली

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल भुगतान के बाद समय पर बिजली न जोड़ने पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने कॉरपोरेशन को 15 दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि बकाया बिल जमा करने के बाद हर हाल में दो घंटे के भीतर बिजली जोड़ी जानी चाहिए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रकरण में आयोग में याचिका दाखिल की थी। याचिका का संज्ञान लेते हुए आयोग ने निर्देश जारी किया। कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक को जारी किए गए सख्त निर्देश में पुराने स्मार्ट मीटर व वर्तमान में लग रहे आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर पूरी स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

आयोग ने कहा कि स्मार्ट मीटर रिमोटली कनेक्ट व डिस्कनेक्ट होने चाहिए फिर उत्तर प्रदेश में मैन्युअली काम क्यों कर रहे हैं। आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जा रहे मीटर बिलिंग आरएमएस पोर्टल से इंटीग्रेटेड होने में दिक्कत क्यों है।

### नाम के स्मार्ट हैं मीटर

प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में पुराने 2-जी व 3-जी तकनीक के लगाए गए लगभग 12 लाख स्मार्ट मीटर व वर्तमान में आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जा रहे 27 हजार करोड़ के स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले को लेकर उपभोक्ता परिषद ने हस्तक्षेप करने की मांग उठाई गई थी। उपभोक्ता परिषद की ओर से नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह को विस्तार से उपभोक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया गया। यह बताया गया कि उपभोक्ताओं के घरों में 12 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं। वह पूरी तरीके से मैन्युअली काम कर रहे हैं। कहने को स्मार्ट मीटर हैं लेकिन काम साधारण मीटर की तरह कर रहे हैं। बकाया जमा करने के बाद बिजली दोबारा जुड़ने में 8-10 घंटे लग रहे हैं। पावर कारपोरेशन के बिलिंग आरएमएस सर्वर से इंटीग्रेटेड नहीं हो पाए हैं, जिससे पोस्टपेड मोड में मैन्युअली ही काम हो रहा है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 12.21 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** — आज सहकर्मियों के प्रति आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। साझेदारी के व्यवसाय में आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें।

**वृष** — आज किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। नए कार्यों की योजना बनाएंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। लवमेट्स के लिए दिन कुछ खट्टा-मीठा सा होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों को लेकर आप काफी भावुक हो सकते हैं। बच्चों के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**कर्क** — आज माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधार सकते हैं। सभी कार्यों को आप शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे। छोटी दूरी की यात्रा का विचार बनेगा।

**सिंह** — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। उधार लेन-देन के कारण नुकसान हो सकता है। सरकारी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी।

**कन्या** — आज आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंधों में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा। कला और पर्यटन से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। जॉब में पदोन्नति हो सकती है।

**तुला** — आज वरिष्ठ व्यक्तियों से बहसबाजी न करें। भावनात्मक रूप से मनोबल में कमी महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में अव्यवस्था हो सकती है। स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। समाज में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज लोगों के बीच आपके किसी अच्छे कार्यों और व्यवहार की चर्चा होगी। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर डील आपके पक्ष में हो सकती है।

**धनु** — आज कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। पुराने परिचितों से मुलाकात हो सकती है। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मकर** — आज आपकी दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। पिता आपको बहुत अच्छी सलाह दे सकते हैं। आपके रुके हुए कार्य आज संपन्न होंगे। आपकी वाणी में सौम्यता से अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। सहकर्मियों के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज प्रदूषण वाली जगहों से दूर रहें। आलस्य के कारण काम पर ज्यादा मन नहीं लगेगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान हो सकते हैं। एलर्जी और श्वांस से जुड़ी कुछ समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में हर्ष का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने की योजना बना सकते हैं। परिजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 06.14 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- हत्या — सुबह : 08.01
- का पे राणासिंघम — रात : 07.01

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.07
- थप्पड़ — रात : 08.00

Sony Pix
- स्पाइडर मैन — सुबह : 11.38
- वंडर वूमैन — रात : 09.00

Zee Cinema
- रिश्ते — सुबह : 10.35
- वेधा — शाम : 04.49

Colors Cineplex
- भेड़िया — सुबह : 10.11
- उग्रम — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे...
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया, ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला- और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई।

बॉयफ्रेंड- तुम इतनी टेंशन में क्यों हो?
गर्लफ्रेंड- यार मैंने 50 पैसे का सिक्का कल निगल लिया था।
बॉयफ्रेंड- इसमे टेंशन की क्या बात है, आजकल 50 का सिक्का लेता कौन है?

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूं दड़ा 2625-2650 आर.आर.21 2725-2750 गेहूं फारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 9000-9500 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूंग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहर फूल 15400-15500 अरहर स्पेशल 12400-12500 चना दाल 8900-9000 मटरदाल 4500-4600 मसूर मलका 6950-7000 मसूर दाल 7200-7250 उड़द दाल 9000-13800 उड़द धोवा 10000-12800 मूंग दाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500-5600 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9200-11200 बटाली 8600-10500 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.)सरसोंकोल्हू 12900-13000 अलसी 10500-10600 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575-1585 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली. बावर्ची 1605-1606 मयूर 1605-1606 मंगलौरलड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्कर दाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4100-4160

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 72900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54300-54500 |

# इस्पात आयात शुल्क बढ़ाकर 10-12% करे वित्त मंत्रालय

## चीन के भारत में डंपिंग को लेकर चिंतित, मौजूदा शुल्क 7.5 प्रतिशत को बढ़वाने की कोशिश करेंगे इस्पात मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय इस्पात संघ के पांचवें इस्पात सम्मेलन को किया संबोधित
- कई लोगों ने कुमारस्वामी से मुलाकात कर उद्योग की वृद्धि में आ रही समस्याओं पर की चर्चा

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि वह वित्त मंत्रालय को मौजूदा इस्पात आयात पर शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत करने के लिए बात करेंगे। मंत्री ने चीन द्वारा भारत में इस्पात की डंपिंग के तरीके पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि दो महीनों में इस्पात उद्योग से जुड़े कई लोगों ने उनसे मुलाकात की और इस्पात उद्योग की वृद्धि में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। भारतीय इस्पात संघ के पांचवें इस्पात सम्मेलन में उन्होंने कहा कि चीन के कारण आपको जो समस्याएं पेश हो रही हैं, उसके लिए मैं वित्त मंत्रालय को समझाने की कोशिश करूंगा कि वह इस्पात आयात पर शुल्क को 7.5 से बढ़ाकर 10-12 प्रतिशत करने पर विचार करे। मंत्री ने वैश्विक मांग में मंदी खासकर चीन में मांग में कमी के प्रभाव जैसी चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस्पात मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस्पात क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की यात्रा निर्बाध बनी रहे। कुमारस्वामी ने कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले तीन वर्षों में मांग में दो अंकों की वृद्धि देखी है और यह इस वर्ष भी जारी है। इस्पात मंत्रालय भारतीय इस्पात की वृद्धि गाथा के प्रति आश्वस्त है। हालांकि, मैं भविष्य में पेश होने वाली चुनौतियों को भी समझता हूं।

### सरकार एक-दो महीने में फेम-3 को देगी मंजूरी

कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक परिवहन अपनाने वाली योजना फेम के तीसरे चरण को एक या दो महीने में अंतिम रूप दे देगी। एक अंतर-मंत्रालयी समूह इस योजना के लिए प्राप्त सुझावों पर गौर कर रहा है। साथ ही (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने व विनिर्माण (फेम) से जुड़ी योजना के पहले दो चरणों में पेश हुईं समस्याओं के समाधान के प्रयास भी जारी हैं। फेम-3 अस्थायी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) 2024 की जगह लेगी। इस योजना की अवधि सितंबर में समाप्त हो रही है। कुमारस्वामी ने कहा कि फेम-3 पर कई सुझाव आ रहे हैं कि फेम-1 और फेम-2 में जो भी खामियां थीं उन्हें कैसे दूर किया जाए हम इस पर काम कर रहे हैं।

### एल्कोहल का निर्यात 1 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

सरकार भारतीय शराब की वैश्विक स्तर पर बढ़ती मांग के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एल्कोहल और बिना एल्कोहल वाले पेय को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य इसके निर्यात को एक अरब अमेरिकी डॉलर (8,000 करोड़ रुपये) तक पहुंचाना है। वाणिज्य मंत्रालय की शाखा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अनुसार, भारत वर्तमान में एल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है।

### निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना 30 तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने एमएसएमई निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है। निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी। जून में इसे दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने व्यापार नोटिस में कहा कि व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है।

# शीतगृह में नहीं सड़ेगा आलू बाजार में भाव अच्छा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- किसान आलू डंप करने की बजाय बिक्री के लिए करने लगे निकासी
- 2101 शीतगृह में 54 लाख मीट्रिक (40 फीसद) तक हुई निकासी

**अमृत विचार :** प्रदेश में इस बार नवंबर में कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित आलू सड़ने व फेंकने की नौबत नहीं आएगी। क्योंकि आलू का बाजार भाव अच्छा मिलने से निकासी तेज हो गई है। किसान अभी से फायदा देखकर आलू न रोककर बिक्री करने लगे हैं।

स्थिति यह है कि मार्च में कुल 2101 कोल्ड स्टोर में भंडारित 140 लाख मीट्रिक टन आलू में करीब 54 लाख मीट्रिक टन (40 फीसद) तक निकल चुका है। जबकि पिछले वर्ष 32 फीसद ही कोल्ड स्टोर खाली हो पाए थे। किसानों के पास कोल्ड स्टोर खाली करने के लिए करीब तीन माह का समय है। इसमें 40 फीसद आलू बीज के लिए निकलेगा। जबकि शेष बिक्री में जाएगा। इसी तरह दाम और निकासी हुई तो किसानों को आगे घाटा नहीं होगा। बल्कि मुनाफे के साथ कोल्ड स्टोर समय से खाली हो जाएंगे। निर्यात की बात करें तो झटका लगा है। शुरू से बाजार भाव अच्छा होने की वजह से किसान जिलों व राज्यों में ही आलू की बिक्री कर रहे हैं। इस वजह से आलू का निर्यात न के बराबर है।

> इस बार आलू का बाजार भाव अच्छा है। इससे किसानों ने निकासी तेज कर दी है। आगे कोल्ड खाली करने में समस्या नहीं आएगी। बल्कि किसानों को फायदा होगा।
>
> – कौशल किशोर नीरज, उपनिदेशक, (आलू) उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

### आलू का थोक भाव

2000-2300 तक रुपये प्रति क्विंटल

### अंत में एक साथ निकासी से कम होते हैं उपज के दाम, फेंकना पड़ता है आलू

हर वर्ष कोल्ड स्टोर नवंबर में आगे की फसल के लिए खाली किए जाते हैं। लेकिन, किसान अधिक मुनाफा के चक्कर में समय-समय पर आलू की निकासी न करके डंप रखते हैं और अंत में घाटा सहते हैं। नवंबर में एक साथ आलू निकासी के कारण बाजार में उपलब्धता अधिक हो जाती है। इस वजह से दाम कम हो जाते हैं। आलू का भाव इतना कम होता है कि कोल्ड का भाड़ा तक नहीं निकलता है। ऐसी स्थिति में किसान भाड़ा चुकाने की बजाय कोल्ड स्टोर में आलू छोड़ देते हैं। जो मशीन बंद होने से सड़ जाता या फिर कोल्ड खाली करने के लिए फेंका दिया जाता है। हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं। आज देश में 23 आईआईटी संस्थान हैं। 10 साल पहले 13 आईआईआईएम थे, आज उनकी संख्या 21 है। 10 साल पहले की तुलना में आज करीब 3 गुना यानी 22 एम्स हैं।

# सहारा समूह अपनी संपत्तियों की सूची करे पेश : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की जानी है 10,000 करोड़ की राशि

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को सहारा समूह से अपने शीर्ष अधिकारियों और मौजूदा शेयरधारकों के अलावा बिना रोक वाली उन संपत्तियों की सूची भी पेश करने को कहा जिनकी बिक्री से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। निवेशकों का लंबे समय से फंसा हुआ पैसा लौटाने के लिए यह राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की जानी है।

शीर्ष अदालत ने 31 अगस्त, 2012 को निर्देश दिया था कि सहारा समूह की कंपनियां-सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड निवेशकों से जुटाई गई राशि को 15% सालाना ब्याज के साथ सेबी को लौटाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि यह मामला एक दशक से अधिक समय से लंबित है लिहाजा निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए न्यायालय को कोई व्यावहारिक समाधान निकालना होगा।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में बढ़कर 60.9 रही

नई दिल्ली, एजेंसी

- मासिक सर्वे के अनुसार मार्च के बाद से पीएमआई में दिखाई दिया तेज विस्तार

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ी। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार देखा गया। एक मासिक सर्वे में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के लिए समग्र पीएमआई में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही। कीमतों की बात करें तो कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई, विनिर्माण तथा सेवा दोनों क्षेत्रों में भी यही रुख देखने को मिला। इससे अगस्त में आउटपुट मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई।



## एक नजर

### मद्रास हाईकोर्ट ने बालाजी की याचिका की खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी द्वारा दायर याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। सत्र अदालत ने धनशोधन से जुड़े मामले में बालाजी को बरी करने से इनकार कर दिया थ। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगणनम की खंडपीठ ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता द्वारा दायर याचिका को वापस लिया मानते हुए खारिज कर दिया।

### 4 माओवादियों को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर।** एनआईए ने कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अतिसंवेदनशील अबूझमाड़ क्षेत्र से चार कट्टर माओवादियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 20 मार्च, 2023 को माओवादियों की ओर से सड़क जाम करने की घटना के संबंध में की गई। एनआईए ने ओरछा, कस्तूरमेटा, मंडली और मलकाल गांवों में सघन तलाशी ली। गिरफ्तार लोग रसद आपूर्ति और अन्य कार्यों को अंजाम देने में शामिल थे। एनआईए की जांच में घटना से जुड़े 35 माओवादियों के नाम सामने आए हैं।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बंगाल के मंत्री ईडी के समक्ष पेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मत्स्य पालन मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी की ओर से नया समन जारी किये जाने के बाद श्री सिन्हा बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे यहां साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। कथित घोटाले में धन के स्रोत की जांच कर रही ईडी ने इससे पहले मार्च में मंत्री के बीरभूमि के बोलपुर स्थित घर की तलाशी ली थी और करीब 41 लाख रुपये नकद बरामद किये थे।

### एफसीआई के संवेदक के घर व गोदाम पर छापा

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के एक संवेदक के घर और गोदाम पर छापेमारी की। जिले के सरिया स्थित एफसीआई गोदाम में भारी पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बताया जाता है कि सरिया एफसीआई के गोदाम से 2928 क्विंटल अनाज की हेरा फेरी हुई थी। इस मामले में जांच के बाद एफसीआई ने सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी थी।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएगा गठबंधन

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: बनिहाल क्षेत्र के संगलदान में चुनावी रैली में केंद्र सरकार को घेरा

जम्मू, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में सार्वजनिक बैठक में मौजूद राहुल गांधी व फारुक अब्दुल्ला।

- कांग्रेस नेता बोले- दो अरबपतियों के लिए काम कर रही है सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में चुनाव अभियान के दौरान लोगों को आश्वासन दिया कि विपक्षी गठबंधन की मदद से केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा दिलाया जाएगा। कांग्रेस नेता ने गठबंधन की सरकार बनने का विश्वास जताया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस से गठबंधन किया है।

चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मविश्वास खो चुके हैं और वह समय दूर नहीं जब उनकी सरकार सत्ता में नहीं रहेगी। जम्मू कश्मीर के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र के संगलदान में चुनावी रैली में राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उनके कॉरपोरेट मित्र चला रहे हैं। इन दो अरबपतियों के लिए सरकार काम कर रही है। गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि विधानसभा चुनाव से पहले जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल हो जाए, लेकिन भाजपा तैयार नहीं थी और वह चाहती थी कि पहले चुनाव हो। हम इसको राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे, चाहे भाजपा माने या नहीं।

### विभाजनकारी राजनीति के जवाब में किया गठबंधन : फारुक

**श्रीनगर/डूरू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के जवाब में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस से गठबंधन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दक्षिण कश्मीर की डूरू की चुनावी रैली में यह टिप्पणी की। इस दौरान मंच पर राहुल गांधी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर बांट रही है। इसलिए हमने यह गठबंधन किया है। हम सम्मानजनक जिंदगी चाहते हैं। इसलिए हम सभी को एक साथ आना होगा।

### भाजपा के विश्वासघात पर कांग्रेस ने आरोपपत्र किया जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के जारी आरोपपत्र में भाजपा के विश्वासघात की वास्तविकता को दर्शाया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर आरोपपत्र साझा किया, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली से नियुक्त अनिर्वाचित उपराज्यपाल (एलजी) के पास जम्मू-कश्मीर की सारी शक्ति है। वादों के बावजूद जम्मू कश्मीर के लोगों को राज्य का दर्जा बहाल करने से वंचित रखा गया और उनसे दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार हो रहा है। बाहरी लोगों को जम्मू कश्मीर में भूमि, संसाधन और नौकरियां दी जा रही हैं, जबकि स्थानीय लोग महंगाई, उच्च करों, पानी की कमी, खराब बिजली आपूर्ति और स्मार्ट मीटर से अधिक बिल की समस्या से जूझ रहे हैं।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से होगी देश की प्रगति : राष्ट्रपति

उदगीर (महाराष्ट्र), एजेंसी



- बोलीं- पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में करनी चाहिए मदद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुर्मू महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में सभा को संबोधित कर रही थीं जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना तथा शासन आपल्या दारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के अनुसार, देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। सरकार की मदद से महिलाएं हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। लेकिन इसमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि उनकी भागीदारी और बढ़े। मुर्मू ने कहा कि एक महिला के लिए पैदा की गईं बाधाएं देश की विकास की गति को कम कर सकती हैं।

सरकारी योजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को उनकी प्रशिक्षुता के दौरान वजीफा प्रदान कर रही है, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। मुर्मू ने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। यह सामाजिक, वित्तीय, शैक्षिक विकास के लिए काम कर रही है और महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए, स्वतंत्र बनना चाहिए और राज्य तथा देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

# वाणिज्यिक विवादों में मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता अनिवार्य : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट ने कहा- ये प्रक्रिया त्वरित सुनवाई को बाधित नहीं करती

दिल्ली हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी कि वाणिज्यिक विवादों में जवाबी दावा संबंधी प्रतिवाद दायर करने को वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम (सीसीए) के तहत मुकदमे से पहले मध्यस्थता अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि जब वाणिज्यिक विवाद से जुड़े प्रतिवाद की बात आती है तो न तो मामले-दर-मामले में अंतर हो सकता है, न ही तत्काल राहत की बात की जा सकती है।

न्यायमूर्ति मनोज जैन ने कहा कि प्रतिवाद से पहले मध्यस्थता का उद्देश्य परोपकारी है। यह प्रक्रिया किसी भी रूप में त्वरित सुनवाई को बाधित नहीं करती है। इसके विपरीत, मध्यस्थता का उद्देश्य ऐसी स्थिति की कल्पना करना है, जहां इस तरह की पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता के माध्यम से मामले का निपटारा हो जाने के बाद कोई नया मामला शुरू न हो। इसलिए, इसे निरर्थक नहीं कहा जा सकता है। पीठ ने कहा कि अनिवार्य प्रावधान को व्याख्यायित करने का मतलब नहीं है, क्योंकि यह विधायी जनादेश का खंडन व अवमूल्यन करेगा। ऐसी गलत व्याख्या इसकी प्रकृति को वैकल्पिक श्रेणी में ला देगी।

### इंजीनियरों के लिए पुरानी पेंशन योजना करें लागू

**जालंधर।** अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ (एआईपीईएफ) ने देश भर के बिजली इंजीनियरों को पुरानी पेंशन योजना देने के लिये प्रधानमंत्री सहित कई राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने बुधवार को कहा कि राज्य बिजली बोर्डों के निगमीकरण के बाद बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना को खत्म किया गया। विद्युत अधिनियम 2003 या स्थानांतरण योजना में कहीं उल्लेख नहीं है कि निगमीकरण के बाद भर्ती किये गये कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी जायेगी।

# हड़ताल वापस, वेतन में 6500 की वृद्धि से सहमत सरकार

मुंबई, एजेंसी

- कामगार संगठनों की कार्य समिति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि के सरकार के आश्वासन के बाद दो-दिवसीय हड़ताल वापस ले ली। कर्मचारी संघ के नेताओं ने यह जानकारी दी।

कामगार संगठनों की कार्य समिति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इनके अनुसार, कर्मचारियों के मूल वेतन में 6,500 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी करने पर राज्य सरकार सहमत हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह बढ़ोतरी अप्रैल 2020 से पूर्वव्यापी रूप से लागू होगी।

महाराष्ट्र एसटी कामगार संगठन के नेता संदीप शिंदे ने बैठक के बाद बताया कि हम आंदोलन वापस ले रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ने एमएसआरटीसी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का आश्वासन दिया है।

### केजरीवाल से मिलने की अनुमति पर जेल अधिकारियों से जवाब-तलब

- आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर बुधवार को तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब देने को कहा है। सिंह का दावा है कि उन्हें जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

सिंह ने कहा कि जेल प्रशासन ने कहा कि वह पूर्व कैदी हैं और इसी आधार पर उन्हें जेल में बंद केजरीवाल से आमने सामने की मुलाकात की अनुमति नहीं दी गई। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए जेल प्रशासन को तीन दिन का समय दिया और मामला नौ सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं।

### दो उग्रवादी समूहों ने शांति समझौता पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और प्रदेश सरकार तथा दो उग्रवादी समूहों के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। हस्ताक्षर के दौरान नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधियों के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, गृह मंत्रालय तथा राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में शांति और विकास को प्राथमिकता दी है। सरकार ने पूर्वोत्तर में हस्ताक्षरित सभी शांति समझौतों को लागू किया है। समझौता ज्ञापन पर भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और एनएलएफटी तथा एटीटीएफ के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।

# इमरजेंसी पर तत्काल प्रमाणपत्र देने के निर्देश से हाईकोर्ट का इनकार

मुंबई, एजेंसी

- पीठ ने कहा- मप्र हाईकोर्ट के निर्देश के मद्देनजर वह राहत नहीं दे सकती

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली। उच्च न्यायालय ने सेंसर बोर्ड को फिल्म के तत्काल प्रमाणन संबंधी कोई भी निर्देश देकर तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि वह मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के मद्देनजर इस स्तर पर कोई राहत नहीं दे सकती, जिसमें सेंसर बोर्ड को निर्देश दिया गया है कि वह फिल्म के प्रमाणन से पहले आपत्तियों पर विचार करे। अदालत ने कहा कि अगर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का आदेश नहीं होता तो वह आज ही केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दे देती। फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है।

### दंतेवाड़ा में मारे गए नौ नक्सलियों पर था 59 लाख का इनाम

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नौ नक्सलियों पर कुल 59 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इनमें से सबसे ज्यादा 25 लाख रुपये का इनाम माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के रणधीर पर था। वह सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया डीकेएसजेडसी का दूसरा सदस्य था।

कोचिंग सेंटर में मौत का मामला

### कोर्ट ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से हुई मौत से संबंधित मामले में गिरफ्तार छह लोगों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह और परविंदर सिंह को 18 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायाधीश ने सीबीआई द्वारा दायर आरोपियों की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाले एक आवेदन पर यह आदेश पारित किया। सीबीआई की चार दिन की हिरासत की मियाद खत्म होने पर आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया था।

### दर्शन के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को रेणुकास्वामी हत्याकांड में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया।

बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच करने के बाद पुख्ता आरोपपत्र तैयार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपपत्र में 231 गवाहों के बयान तथा तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य शामिल हैं।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



## आज के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 क्वालिफिकेशन- सिद्धार्थ बसु और मोना अग्रवाल दोपहर 1 बजे
- **तीरंदाजी :** मिश्रित टीम रिकर्व ओपन (प्री क्वार्टरफाइनल), पूजा और हरविंदर सिंह बनाम अमांडा जेनिंग्स और टेमन केंटन-स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) दोपहर 1 :50 बजे
- **पावरलिफ्टिंग :** पुरुषों का 65 किग्रा तक का फाइनल अशोक, रात 10 :05 बजे।

## खेल डायरी

### लुकास सिसजेक को हराकर हरविंदर ने भेदा स्वर्ण

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज हरविंदर सिंह ने बुधवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में एक के एक लगातार मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए लुकास सिसजेक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में हरविंदर ने पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ, हरविंदर पैरालिंपिक और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय तीरंदाज बन गए हैं और पैरालिंपिक के लगातार दो संस्करणों में पदक हासिल किया है। इससे पहले हरविंदर ने ईरान के मोहम्मद अमेरी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में ईरान के मोहम्मद अमेरी को 7-3 से हराया। उन्होंने पैरालिंपिक 2024 में पैरा तीरंदाजी में भारत का दूसरा पदक पक्का कर दिया था।





**हैं तैयार हम .... :** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ए और भारत बी टीमों के बीच दलीप ट्रॉफी मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारत ए टीम के खिलाड़ी केएल राहुल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, अवेश खान, प्रिसिध कृष्णा और अन्य ने बहाया पसीना।

### प्रांजलि ने विश्व बधिर निशानेबाजी में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** भारत की प्रांजलि धूमल ने जर्मनी के हनोवर में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रांजलि ने बधिर विश्व रिकार्ड और चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ 571 स्कोर करके फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में उन्होंने आठवीं सीरिज में पांच में से तीन निशाने लगाकर क्रोएशिया की लाना एस को एक अंक से हराया। उनका स्कोर 29 रहा। यूक्रेन की सोफिया ओलेनिच और हालिना मोसिना को क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक मिले। भारत की अनुया प्रसाद फाइनल में पांचवें स्थान पर रही जबकि वेदिका शर्मा क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।

### एशियाई चैंपियनशिप में अगुआई करेंगे शरत-मनिका

**नई दिल्ली।** अनुभवी शरत कमल और स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा अस्ताना में सात से 13 अक्टूबर तक चलने वाली 27वीं एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। पुरुष टीम के कप्तान 42 वर्षीय शरत हैं जिन्होंने हाल में अपने पांचवें और अंतिम ओलंपिक में हिस्सा लिया था। टीम में उनके अलावा मानव ठक्कर, हरमीत देसाई, जी साथियान और मानुश शाह शामिल हैं। मनिका महिला टीम की अगुआई करेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, अयहिका मुखर्जी, दिया चिताले और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ टीटीएफआई ने बुधवार को एक बयान में कहा टीम के लिए चयन प्रक्रिया में टीटीएफआई ने विश्व रैंकिंग, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन के तरजीह दी। पुरुष टीम : अचंता शरत कमल (कप्तान), मानव ठक्कर, हरमीत देसाई, जी साथियान और मानुश शाह, रिजर्व : एसएफआर स्नेहित और जीत चंद्रा। महिला टीम : श्रीजा अकुला, मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी, दिया चिताले और सुतिर्था मुखर्जी। रिजर्व : यशस्विनी और पोयमंति बैस्य शामिल हैं।

### राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनेंगे द्रविड़



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। जून में बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद ब्रेक लेने वाले द्रविड़ इस साल के आखिर में होने वाली नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन जैसे अहम मसलों पर काम करना शुरू करेंगे। एक सूत्र ने बताया बातचीत आखिरी चरण में है और वह जल्दी ही मुख्य कोच का पद संभालेंगे। पिछले तीन साल से रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक पद पर काबिज कुमार संगकारा इस भूमिका में बने रहेंगे। द्रविड़ 2012 और 2013 में रॉयल्स के कप्तान थे और दो साल मेंटॉर भी रहे। इसके बाद वह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े और बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख रहे। वह 2021 में एनसीए से निकलकर रवि शास्त्री की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने। इस बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार द्रविड़ के कार्यकाल में भारत के बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ रॉयल्स के सहायक कोच बन सकते हैं।

# विश्व चैंपियन सचिन को शॉटपुट में रजत

## 16.32 मीटर के थ्रो के साथ शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड

**पेरिस, एजेंसी**

विश्व चैंपियन सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड 16.32 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जिससे बुधवार को यहां भारत का ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में पदक हासिल करने का सिलसिला जारी रहा।

34 वर्ष के खिलाड़ी ने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका और मई में जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले 16.30 मीटर के अपने ही एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर किया। सचिन खिलाड़ी का यह व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि उन्हें पहला स्थान दिलाने के लिए काफी नहीं था और कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के प्रयास से तोक्यो पैरालंपिक में जीता स्वर्ण बरकरार रखा। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर से कांस्य पदक जीता। खिलाड़ी का रजत पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में भारत का 11वां पदक है जिससे देश के कुल पदकों की संख्या 21 पहुंच गई जिसमें तीन स्वर्ण पदक शामिल हैं। एफ46 श्रेणी में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है। ऐसे एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

**11** वां पदक एथलेटिक्स में पेरिस पैरालंपिक में भारत ने जीता

रजत पदक जीतने के बाद सचिन ने कहा मैं स्वर्ण जीतना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास था लेकिन मैं संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था। आज मेरा दिन नहीं था। कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और ग्रेग स्टेवार्ट शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने अपनी तकनीक में छोटी सी गलती की। मैं कड़ी मेहनत करूंगा और मुझे उम्मीद है कि अगली बार उसे हराऊंगा। इसमें हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में मोहम्मद यासेर (14.21 मीटर) और रोहित कुमार (14.10 मीटर) क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर चुके खिलाड़ी ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के करगानी गांव के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले खिलाड़ी को स्कूल के दिनों में एक दुर्घटना का सामना करना पड़ा। चोट के कारण उनकी कोहनी की त्वचा में गैंग्रीन हो गया। इन सभी बाधाओं के बावजूद उन्होंने इंजीनियर बनने के लिए पढ़ाई के दौरान भाला फेंकना शुरू कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने शॉटपुट खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 59 | 42 | 27 | 128 |
| ब्रिटेन | 33 | 25 | 16 | 74 |
| अमेरिका | 25 | 24 | 11 | 60 |
| नीदरलैंड्स | 16 | 7 | 5 | 28 |
| फ्रांस | 15 | 17 | 18 | 50 |
| ब्राजील | 15 | 14 | 27 | 56 |
| इटली | 13 | 9 | 23 | 45 |
| यूक्रेन | 12 | 18 | 21 | 51 |
| ऑस्ट्रेलिया | 11 | 12 | 18 | 41 |
| भारत | 4 | 8 | 10 | 22 |



पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में थ्रो करते सचिन सरजेराव खिलाड़ी।

**16.38** मीटर के प्रयास से ग्रेग स्टीवर्ट ने जीता स्वर्ण

### पदक विजेताओं को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक की विभिन्न स्पर्धाओ में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीट दीप्ति जीवनजी, अजीत सिंह, सुंदर सिंह गुर्जर, शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु को बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर दीप्ति जीवनजी को बधाई। वह असंख्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका कौशल और दृढ़ता सराहनीय है। उन्होंने अन्य पोस्ट श्रृंखला में भाला फेंक स्पर्धा के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा अजीत सिंह की अभूतपूर्व उपलब्धि, उन्होंने पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत पदक जीता। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ता ने भारत को गौरवान्वित किया है।

# भाला फेंक में अजीत को रजत, सुंदर ने जीता कांसा



**65.62** मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में पोडियम पर पहुंचे अजीत सिंह, सुंदर सिंह गुर्जर ने किया 64.96 मीटर का थ्रो

**पेरिस, एजेंसी**

भारतीय एथलीट अजीत सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में रजत पदक और हमवतन सुंदर सिंह गुजर ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुए मुकाबले में अजीत सिंह ने 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

स्पर्धा के दौरान सुंदर सिंह गुर्जर 64.96 मीटर के अपने चौथे थ्रो के बाद दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अजीत सिंह ने वापसी करते 65.62 मीटर का थ्रो करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के बाद अजीत ने कहा मैंने टोक्यो (2020) में पैरालंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए इस बार मैंने पदक पर ध्यान केंद्रित किया उसके रंग के पदक पर नहीं। मेरा ध्यान स्वर्ण पर नहीं था, मैं बस कोई भी पदक जीतना चाहता था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। मैं पिछले वर्ष विश्व चैंपियन था, लेकिन इस साल कोबे में विश्व चैंपियनशिप में मुझे केवल कांस्य पदक मिला। मैं उस समय अच्छी स्थिति में नहीं था, क्योंकि मेरा ध्यान पेरिस के लिए तैयार होने पर था। उन्होंने कहा तो इस एक रजत पदक का मतलब सबकुछ है। अभी भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यहां मैं एक पदक जीतना चाहता था और रजत पदक बहुत अच्छा है।

### ऊंची कूद में शरद को रजत और मरियप्पन ने जीता कांस्य



**पेरिस।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गये है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

## मिश्रित 20 मीटर पिस्टल के फाइनल में प्रवेश करने से चूके निहाल- रूद्रांक्ष

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज निहाल सिंह और रूद्रांक्ष खंडेलवाल को पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे।

पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निहाल छह सीरीज में 522 अंक के स्कोर से क्वालीफिकेशन दौर में 19वें स्थान पर रहे। अपने पहले पैरालंपिक में हिस्सा ले रहे 17 वर्षीय रूद्रांक्ष 517 अंक के स्कोर से क्वलीफिकेशन दौर में 22वें स्थान पर रहे। रूंद्राक्ष आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवा बैठे थे। कोरिया के जो जियोंग्डू पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड 553 अंक से शीर्ष पर रहे। एसएच1 वर्ग में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिन्हें अपनी बंदूक उठाने में मुश्किल होती है और वे बैठकर (व्हीलचेयर या कुर्सी पर) या खड़े होकर निशाना लगाते हैं। नियम के अनुसार एसएच1 वर्ग में एथलीट पिस्टल या राइफल का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारतीय पैरा निशानेबाजों ने पेरिस पैरालंपिक में चार पदक जीते हैं।

# सबालेंका, टियाफो और फ्रिट्ज सेमीफाइनल में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पुरुष वर्ग में अमेरिका के दो खिलाड़ियों 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां यह दोनों आमने-सामने होंगे। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि 18 वर्षों में पहली बार अमेरिका का कोई खिलाड़ी पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाएगा।

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया। नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।



शॉट लगाते फ्रांसिस टियाफो



फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ मैच में ग्रिगोर दिमित्रोव

- **फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ खेलते हुए ग्रिगोर को लगी चोट चौथे सेट से हटे**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मि लाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं। टियाफो ने तब तीन साल में दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जब क्वार्टर फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी दिमित्रोव ने चोट के कारण चौथे सेट में मैच से हटने का फैसला किया। उस समय टियाफो आगे चल रहे थे।

इससे पहले फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। एंडी रोडिक के 2003 में चैंपियन बनने के बाद अमेरिका का कोई भी खिलाड़ी वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब नहीं जीत पाया है। रोडिक अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के अंतिम पुरुष खिलाड़ी भी थे। वह 2006 में खिताबी मुकाबले में फेडरर से हार गए थे।

# बॉलीवुड हलचल



## पूजा ने फिल्म देवा की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पूजा हेगड़ ने मुंबई में पिछले चार दिनों में फिल्म देवा के लिए फिल्माए गए एक हाई-एनर्जी गाने के सीक्वेंस के साथ शूटिंग पूरी की, जिससे फिल्म का निर्माण आधिकारिक रूप से पूरा हो गया। फिल्म देवा की टीम ने इस अवसर पर पूजा को एक खास नोट भेजा है। इस खास नोट को पूजा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम की स्टोरी पर साझा किया है। इस नोट में लिखा है, हाय पूजा, हमारी फिल्म में बेहतरीन और अविश्वसनीय काम और मौजूदगी के लिए धन्यवाद। आपकी प्रतिभा और समर्पण ने सेट में इतनी जान डाल दी और यह वाकई में फिल्म में दिखाई देता है, चमकते रहो, बहुत प्यार। फिल्म देवा में शाहिद और पूजा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में पूजा हेगड़े एक दृढ़ निश्चयी पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जबकि शाहिद कपूर एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।

### सोते हुए देश को जगाने की कीमत चुकानी पड़ती है : कंगना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने खुद को फेवरेट टारगेट बताया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी विवादों में फंसी हुई है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने पर फिल्म के मेकर्स बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे थे। फिल्म की रिलीज लगभग दो हफ्ते के लिए अटक गई है। कंगना की इस फिल्म को 06 सितंबर को रिलीज होना था। कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को आदेश दिया है कि वह 18 सितंबर तक इमरजेंसी के सर्टिफिकेट पर फैसला ले। इस फैसले के आने के बाद एक्ट्रेस कंगना रनौत ने ट्वीट कर खुद को सभी का फेवरेट टारगेट बता दिया है। कंगना ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा आज मैं सभी की फेवरेट टारगेट बन गई। इस सोते हुए देश को जगाने का यही दाम आपको चुकाना पड़ता है। इन लोगों को नहीं पता कि मैं क्या बात कर रही हूं। इन्हें समझ नहीं कि मैं किस बात से चिंतित हूं। क्योंकि ये लोग शांति चाहते हैं। किसी की साइड लेना नहीं चाहते। वो लोग कूल हैं, वो लोग चिल है। हाहा काश सीमा पर खड़े उस बेचारे जवान के पास भी कूल होने की विशेषाधिकार होता। काश उसे साइड न लेनी पड़तीं और पाकिस्तान और चीन को अपना दुश्मन न समझना पड़ता। वो आपकी रक्षा कर रहा है जबकि आप आतंकवादियों या राष्ट्र-विरोधियों पर लालसा रख सकते हैं।

### फरदीन-रितेश की वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान और रितेश देशमुख की वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वेबसीरीज विस्फोट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो अलग-अलग लोगों की जिंदगी कैसे आपस में उलझ जाती है, इसकी झलक दिखाई गई है। विस्फोट में रितेश देशमुख एक पायलट के किरदार में हैं, वहीं फरदीन खान चॉल में रहने वाले एक गरीब इंसान का किरदार निभाते हैं। थ्रिल से भरपूर क्राइम-सस्पेंस सीरीज विस्फोट अब्बास दलाल और हुसैन दलाल द्वारा लिखित और कुकी गुलाटी द्वारा निर्देशित है। व्हाइट फेदर फिल्म्स के बैनर तले संजय गुप्ता और अनुराधा गुप्ता द्वारा निर्मित इस सीरीज में रितेश और फरदीन के अलावा क्रिस्टल डीसूजा, प्रिया बापट, शीबा चड्ढा जैसे कई और कलाकार नजर आएंगे। विस्फोट 06 सितंबर को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

**ताइपे ओपन**

## करुणाकरन और सुब्रमण्यम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ताइपे।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन और शंकर सुब्रमण्यम ने बुधवार को यहां संघर्ष पूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन महिला एकल खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया।

करुणाकरन ने थाईलैंड के कांताफोन वांगचाराेएन को जबकि सुब्रमण्यम ने फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को हराया। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज पहला गेम जीतने के बावजूद इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो से हार गए। महिला वर्ग में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने आकर्षी कश्यप को सीधे गेम में 19-21, 18-21 से जबकि दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताई त्जु यिंग ने तान्या हेमंथ को केवल 27 मिनट में 21-11, 21-10 से हरा दिया।

# साइकिलिंग में 11वें और 16वें स्थान पर रहे अरशद-ज्योति

**पेरिस, एजेंसी**

भारत के अरशद शेख और ज्योति गडेरिया बुधवार को यहां पैरालंपिक खेलों में अपनी-अपनी साइकिलिंग स्पर्धा में क्रमशः 11वें और 16वें स्थान पर रहे। ज्योति ने 5.8 किमी की महिला सी1 व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में 30 मिनट और 0.16 सेकंड का समय लिया तथा वह 16वें और अंतिम स्थान पर रही।

जर्मनी की माइक हॉसबर्गर ने 21:30.45 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्रिटेन की फ्रांसिस ब्राउन और स्वीडन की एना बेक ने क्रमशः 21:46.18 और 21:54.71 के समय के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों के सी2 टाइम ट्रायल में अरशद 25:20.11 के समय के साथ 11वें और अंतिम स्थान पर रहे। फ्रांस के अलेक्जेंड्रे लीउते ने 19:24.25 के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### पावरलिफ्टिंग में हारे परमजीत

**पेरिस।** भारतीय पैरा एथलीट परमजीत कुमार को बुधवार को पावरलिफ्टिंग 49 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट परमजीत कुमार 150 किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ भार उठाने के साथ आठवें स्थान पर रहे।

### बाहर हुईं भाविना

**पेरिस।** पेरिस पैरालंपिक महिला एकल टेबल टेनिस में भारत की चुनौती खत्म हो गई जब तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता भाविना बेन पटेल क्लास 4 क्वार्टर फाइनल में चीन की यिंग झोउ से हार गई। तोक्यो पैरालंपिक में रजत के साथ इस खेल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी भाविना बेन को पराजय झेलनी पड़ी। क्लास 3 में भारत की सोनलबेन को क्रोएशिया की एंडेला मुजिनिच विंसेटिच ने हराया। महिला युगल में भारत की भाविनाबेन और सोनलबेन क्वार्टर फाइनल में कोरिया की यंग ए जुंग और एस मून से हार गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पेरू: राष्ट्रपति बोलुआर्ट ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार

**लीमा।** पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ट ने मंगलवार को लीमा स्थित सरकारी मुख्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चार कैबिनेट पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की। उन्होंने उर्सुला लियोन चेम्पेन को विदेश व्यापार एवं पर्यटन मंत्रालय, इ्यूरिच फ्रांसिस्को व्हिटेम्बरी टैलेडो आवास, निर्माण और स्वच्छता मंत्रालय, फैब्रिसियो अल्फ्रेडो वालेंसिया गिबाजा संस्कृति मंत्रालय और एल्मर शियालर साल्सेडो को जेवियर गोंजालेज-ओलाचेआ की जगह विदेश मंत्री बनाया गया है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस अधिकारी की हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में मारे गए पुलिसकर्मी की पहचान कांस्टेबल वकार अहमद के रूप में हुई है। वकार अहमद की अफगानिस्तान की सीमा से सटे लक्की मरवात जिले के नवारखेल गांव में उसके आवास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमला करने के बाद बंदूकधारी भागने में सफल रहे।

### फिलीपींस: बाढ़, भूस्खलन में अब तक 15 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में यागी तूफान के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई और 21 लोग अभी भी लापता हैं। फिलीपींस के नागरिक सुरक्षा (ओसीडी) के संचालन सेवा निदेशक सीजर इडियो ने बुधवार को बताया कि सुबह आए यागी तूफान के प्रभाव के कारण देश भर में 15 लोगों की मौत की खबर है, जो एक भयंकर उष्णकटिबंधीय तूफान से बढ़कर एक तूफान में बदल गया है। इस बीच, 15 लोग घायल हो गए और 21 लापता हैं।

### भारतीय मूल के बुजुर्ग की हत्या मामले में पूछताछ

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के भीम सेन कोहली की हत्या के संदेह में गिरफ्तार 14 वर्षीय किशोर को पूछताछ के लिए बुधवार को भी पुलिस हिरासत में रखा गया। ब्रिटेन के लीसेस्टर के निकट एक पार्क में अपने कुत्ते को टहलाने के दौरान हुए हमले में कोहली (80) की मौत हो गयी थी। लीसेस्टरशायर पुलिस ने बताया कि 14 वर्षीय एक लड़की तथा एक लड़के के अलावा 12 वर्षीय दो लड़कियों को भी हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, इन लोगों को बिना किसी और कार्रवाई के रिहा कर दिया गया है।

### श्रीलंका ने सात भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उसके जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार सात भारतीय मछुआरों को बुधवार को रिहा कर दिया गया। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घर लौटने की राह पर! सात भारतीय मछुआरों को श्रीलंका से भारत भेजा जा रहा है। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 30 भारतीय मछुआरों को पिछले महीने रिहा किया गया था।

### जॉर्जिया के हाईस्कूल में गोलीबारी, लोग घायल

**विंडेर।** जॉर्जिया के एक हाई स्कूल में गोलीबारी की घटना में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। बैरो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्कूल को बंद कर दिया गया है और इस सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। बयान के अनुसार सुबह लगभग साढ़े दस बजे कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों और अग्निशमन कर्मियों को कथित गोलीबारी की सूचना के बाद हाई स्कूल भेजा गया।

# टेक्सास: सड़क हादसे में चार भारतीय जिंदा जले

ह्यूस्टन, एजेंसी

- डलास के पास अन्ना में व्हाइट स्ट्रीट पर उत्तर की तरफ यूएस-75 से थोड़ी दूरी पर हुई भीषण घटना

अमेरिका के टेक्सास में बीते सप्ताह हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त हैदराबाद के कुकटपल्ली उपनगर के आर्यन रघुनाथ ओरमपट्टी, उसके दोस्त फारूक शेख, एक अन्य तेलुगु छात्र लोकेश पलाचरला और तमिलनाडु की दर्शिनी वासुदेव के रूप में की गई है।

कॉलिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, यह हादसा डलास के पास अन्ना में व्हाइट स्ट्रीट पर उत्तर की तरफ यूएस-75 से थोड़ी दूरी पर हुआ और इसमें पांच वाहन शामिल थे। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस हादसे में चार भारतीयों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों और समुदाय से जुड़े संगठनों के लगातार संपर्क में है और उन्हें पूर्ण सहायता उपलब्ध करा रहा है। प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर को जब यह दुर्घटना हुई, तब राजमार्ग पर वाहनों की कतार लगी थी, जिनमें एक एसयूवी भी शामिल थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर एसयूवी के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी।

## बोको हरम के हमले में 100 से अधिक लोगों की जान गयी

**मैदुगुरी।** पूर्वोत्तर नाइजीरिया में संदिग्ध बोको हरम चरमपंथियों ने बाजार, नमाजियों और लोगों के घरों में गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 100 ग्रामीण मारे गये। स्थानीय निवासियों ने बुधवार को यह दावा किया।

योबे पुलिस के प्रवक्ता डुंगस अब्दुलकरीम ने बताया कि रविवार शाम को 50 से अधिक चरमपंथी मोटरसाइकिलों से योबे प्रांत के तारमुवा परिषद क्षेत्र में घुस गये और इमारतों में आग लगाने से पहले उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। समुदाय के नेता जना उमर ने कहा कि उप-गवर्नर ने हमले में मारे गये जिन 34 लोगों के बारे में बताया है, वे एक ही गांव के हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हमले में 102 ग्रामीणों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

## करतब



अल अलामीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अल डाबा में आयोजित होने वाले मिस्र अंतर्राष्ट्रीय एयरशो के उद्घाटन दिवस पर भारतीय वायु सेना की सारंग प्रदर्शन टीम द्वारा एक लुभावनी प्रस्तुति। • एजेंसी

## पंचकूला में ईंट भट्ठे की दीवार ढहने से तीन बच्चों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला जिले में बुधवार को भारी बारिश से बचने के लिए ईंट-भट्ठे की दीवार के पास खड़े तीन बच्चों की दीवार ढह जाने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीन बच्चों में एक लड़की और दो लड़के थे, जिनकी उम्र क्रमशः सात साल, पांच साल और ढाई साल थी। पुलिस के अनुसार, बच्चे ईट-भट्ठे के पास खेल रहे थे कि तभी बारिश शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार बच्चों के माता-पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। रायपुर रानी के थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि बच्चे बारिश से बचने के लिए एक दीवार के पास खड़े थे, लेकिन अचानक वह ढह गई। सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# विस्तारवाद की नहीं, विकास की नीति का समर्थन करता है भारत

## दोनों देशों ने नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बंदर सेरी बेगवान, एजेंसी

- द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने की कवायद को अमली जामा पहनाया
- शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने का आग्रह किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परोक्ष रूप से चीन के संदर्भ में बुधवार को कहा कि भारत विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री की सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ रक्षा, व्यापार समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ भारत और ब्रुनेई ने द्विपक्षीय साझेदारी को उच्च स्तर तक बढ़ाने की कवायद को अमली जामा पहनाया।

मोदी ने सुल्तान बोलकिया द्वारा आयोजित भोज में किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, हम विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करते हैं। चीन का दक्षिण चीन सागर (एससीएस) और पूर्वी चीन सागर (ईसीएस) में कई देशों के साथ विवाद है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। मोदी ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि इस क्षेत्र में एक आचार संहिता को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) को प्राथमिकता दी है और आगे भी ऐसा करता रहेगा।



बंदर सेरी बेगवान में ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोलकिया द्वारा आयोजित भोज के दौरान बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम यूएनसीएलओएस (समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि) जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता, समुद्री रक्षा और सुरक्षा को बनाए रखने एवं बढ़ावा देने के साथ नौवहन एवं उड़ान की स्वतंत्रता का सम्मान करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेष रूप से यूएनसीएलओएस, 1982 के अनुरूप निर्बाध वैध व्यापार की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से यूएनसीएलओएस 1982 के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने का आग्रह किया।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा का इस्तीफा

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेनी संसद के अध्यक्ष रुसलान स्टेफनचुक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यूक्रेन के वेरखोव्ना राडा (संसद) को विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के इस्तीफे पर उनका बयान मिला है। उनके अनुरोध पर अगले पूर्ण सत्र में विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस के बीच फरवरी 2022 से युद्ध जारी है। इस दौरान दोनों ही देशों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। साथ ही, कई राजनीतिक और रणनीतिक बदलाव दर्ज किये गये हैं।

## पाकिस्तान में पत्रकार निसार लेहरी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार निसार लेहरी की मौत की पुष्टि की, जिन्हें मस्तुंग बलूचिस्तान के गुलकंद क्षेत्र में गोली मार दी गई थी। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने कहा कि प्रेस क्लब के पूर्व सचिव लेहरी की हत्या भूमि विवाद के कारण हुई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष फैज़ दुरानी ने इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी और जांच की मांग की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह दुखद घटना सिंध के घोटकी में पत्रकार बचल घुनियो की हत्या के बाद हुई है।

## अमेरिका ने किया हमास नेता और अन्य आतंकियों को अभ्यारोपित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने इजराइल में सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के मामले में हमास नेता याह्या सिनवार और अन्य आतंकियों के खिलाफ आपराधिक आरोप तय किए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में दायर आपराधिक शिकायत में एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने की साजिश रचने का आरोप शामिल हैं। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक वीडियो जारी कर कहा, आज जो आरोप उजागर किए गए हैं वे हमास की गतिविधियों को लक्षित करने के हमारे प्रयास का एक हिस्सा मात्र हैं। हमास प्रमुख इस्माइल हनिया की ईरान में हत्या के बाद सिनवार को हमास का प्रमुख नियुक्त किया गया।

## यूक्रेन के जापोरिज्जिया ऊर्जा संयंत्र में स्थिति बेहद नाजुक, चेतावनी दी

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने मध्य यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थल के निकट हुए ताजा हमलों के बाद मंगलवार को कहा कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हालात बेहद नाजुक हैं। उन्होंने एजेंसी के निरीक्षण के अंतराल को और कम करने का संकल्प जताते हुए महत्वपूर्ण विद्युत आपूर्तियों को भी निरीक्षण के दायरे में लाने की बात कही। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के राफेल मारियानो ग्रोसी की यह 10वीं यूक्रेन यात्रा है। कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एवं ऊर्जा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद वे जापोरिज्जिया के लिए रवाना हुए।

# भारत को आदर्श निवेश गंतव्य बताया

सिंगापुर, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे
- प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करने के बाद सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर इस दक्षिण-पूर्व एशियाई देश की अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के तहत यहां पहुंचे। नयी दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सिंगापुर के नेतृत्व की तीन पीढ़ियों से संवाद करेंगे।

मोदी ने सिंगापुर पहुंचने के बाद एक्स पर कहा, सिंगापुर पहुंचा हूं। भारत-सिंगापुर मित्रता को मजबूत करने के उद्देश्य से होने वाली अनेक बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत में हो रहे सुधार और हमारी युवा शक्ति की प्रतिभा हमारे देश को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती है। हम करीबी सांस्कृतिक संबंधों को लेकर भी उत्साहित हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सिंगापुर पहुंचे। गृह मंत्री और विधि मंत्री के. शनमुगम ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आगे बहुत व्यस्तता वाला एजेंडा है। मोदी का गुरुवार को संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा और वह सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे। वोंग ने कुछ दिन पहले ही सत्ता संभाली है और मोदी ने भी कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू किया है।



सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल

ढाका, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन तक निलंबित रहने के बाद बुधवार को रेलमार्ग से बेनापोल लैंड पोर्ट के माध्यम से फिर से शुरू हो गया। ढाका ट्रिब्यून द्वारा प्रकाशित यूएनबी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बेनापोल लैंड पोर्ट के उप निदेशक रेजाउल करीम के हवाले से बताया गया कि दोनों देशों के उच्च-स्तरीय अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद व्यापार बहाल किया गया है।

बांग्लादेश में जुलाई में सरकार विरोधी छात्र आंदोलन और सार्वजनिक विरोध के दौरान भारत सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कई उपाय एहतियाती किये थे। इन उपायों में 19 जुलाई से दोनों देशों के बीच रेलवे द्वारा माल परिवहन और यात्रा को निलंबित करना शामिल था।

### हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके बाद उनके खिलाफ मुकदमों की कुल संख्या 94 हो गई है। मीडिया में आई खबरों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जुलाई को विरोध प्रदर्शन के दौरान ढाका के एक निवासी की हत्या का मामला बुधवार को हसीना और 26 अन्य लोगों पर दर्ज किया गया।

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने हथियार एवं शराब के मामले में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अक्टूबर 2016 में उनके खिलाफ यह मामला तब शुरू किया गया था जब पुलिस ने दावा किया था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता गंडापुर के पास से पांच कलाश्निकोव राइफलें, एक पिस्तौल, छह मैगजीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, आंसूगैस के तीन गोले और शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। जब यह मामला दर्ज किया गया था, तब गंडापुर खैबर पख्तूनख्वा में प्रांतीय मंत्री थे और उनकी पार्टी पीटीआई वहां सत्ता में थी।

# जलवायु परिवर्तन से खतरे में पड़ सकता है मतदान का अधिकार : केपी ओली

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रत्याशित मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों का मतदान का अधिकार खतरे में पड़ सकता है। ओली यहां फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया (फेम्बोसा) के 12वें सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे।



- फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया के 12वें सम्मेलन के मौके पर बोले

उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, प्रवासन और सोशल मीडिया का उदय तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका जैसे मुद्दे हमारे लोकतंत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ओली ने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण अप्रत्याशित मौसम पैटर्न और प्राकृतिक आपदाएं यह सुनिश्चित करने की हमारी क्षमता को खतरे में डालती हैं कि प्रत्येक नागरिक अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग कर सके...जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं है, यह हमारे समाज के हर पहलू को प्रभावित करता है। ओली ने चुनावों में उभरती प्रवृत्तिः जलवायु परिवर्तन, सोशल मीडिया और प्रवासन थीम वाले दो दिवसीय सम्मेलन में कहा, सीमाओं के पार और हमारे देशों के भीतर लोगों की आवाजाही का मतदाता सूची, मतदाता पहचान और मतदान के अधिकार पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से राजनीतिक नेताओं के मतदाताओं के साथ जुड़ने और चुनाव कराने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश कुमार थपलिया ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव कराते समय पर्यावरण के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण एशिया में सरकारों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक विशिष्ट विजिटिंग फेलो नामित

**वाशिंगटन।** प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हूवर इंस्टीट्यूशन के विशिष्ट विजिटिंग फेलो के रूप में नामित किया गया है। दुनिया के सबसे प्रभावशाली थिंक टैंक में से एक हूवर इंस्टीट्यूशन एक प्रमुख शोध केंद्र है जो आर्थिक समृद्धि, राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने वाली नीतिगत अवधारणों के लिए समर्पित है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लाल जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। लाल को 2018 में अमेरिकी परिवहन मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया था।

# एक्स पर प्रतिबंध के आदेश पर अमल करेगी स्टारलिंक

साओ पाउलो, एजेंसी

- कंपनी ने पहले ब्राजील में एक्स पर लगाए गए प्रतिबंध के आदेश के अनुपालन से कर दिया था इनकार

एलन मस्क की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी स्टारलिंक ब्राजील में एक्स की सेवाएं प्रतिबंधित करने के उच्चतम न्यायालय के एक शीर्ष न्यायाधीश के हालिया आदेश पर अमल करेगी। कंपनी ने पहले मस्क के मलिकाना हक वाले एक्स पर प्रतिबंध के आदेश के अनुपालन से इनकार कर दिया था।

स्टारलिंक ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि वह कंपनी की संपत्तियां फ्रीज किए जाने के बावजूद साइट तक पहुंच बाधित करने के न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डि मोरेस के आदेश पर अमल करेगी। पहले कंपनी ने ब्राजील के दूरसंचार नियामक से अनौपचारिक रूप से कहा था कि न्यायमूर्ति मोरेस द्वारा संपत्ति फ्रीज करने के आदेश को पलटे न जाने तक वह आदेश का पालन नहीं करेगी। स्टारलिंक ने कहा, हमारी संपत्तियों को फ्रीज करने के अनुचित व्यवहार के बावजूद, हम ब्राजील में एक्स तक पहुंच को अवरुद्ध करने के आदेश का अनुपालन कर रहे हैं। क्योंकि लोग भी इस बात से सहमत हैं कि न्यायमूर्ति मोरेस का हालिया आदेश ब्राजील के संविधान का उल्लंघन करता है।

## सीबीआई ने अनिल देशमुख पर मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को कथित तौर पर झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक नयी प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने दो साल की प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया। यह जांच एक पैन ड्राइव पर आधारित थी जो तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने उस समय के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी थी। जांच पहले सीआईडी को और बाद में सीबीआई के सुपुर्द कर दी गई।

# चुनाव: इंडियन-अमेरिकन्स फॉर हैरिस अभियान शुरू

वाशिंगटन, एजेसी

- कमला हैरिस के समर्थन में प्रमुख प्रांतों में जमीनी स्तर पर एक अभियान शुरू किया गया

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रतिष्ठित लोगों के एक समूह ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में प्रमुख प्रांतों में जमीनी स्तर पर एक अभियान शुरू किया है। राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति हैरिस (59) का मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से है। भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस की मां चेन्नई (भारत) से, जबकि पिता जमैका से अमेरिका आकर बस गए थे।

समूह के सदस्यों के मुताबिक, मंगलवार को शुरू किए गए इंडियन अमेरिकन्स फॉर हैरिस अभियान का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस को अमेरिकी प्रशासन का नेतृत्व करने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति के रूप में चुनकर इतिहास रचा जाए। समूह में शामिल नॉर्थ कैरोलाइना के व्यापारी स्वदेश चटर्जी ने एजेंसी से कहा, चुनाव मैदान में पहली बार कोई ऐसी उम्मीदवार उतरी है, जिसकी मां भारत से है। वह भारतीय विरासत और संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। हम भारतीय-अमेरिकियों को पार्टी लाइन से परे उनका समर्थन करना चाहिए। चटर्जी को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान के लिए 2001 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजा गया था। नॉर्थ कैरोलाइना, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेनसिल्वेनिया, एरिजोना और जॉर्जिया को प्रमुख स्विंग स्टेट करार देते हुए चटर्जी ने कहा कि जमीनी स्तर के इस अभियान के तहत इन प्रांतों में रह रहे भारतीय-अमेरिकियों को मतदान के लिए आगे आने और हैरिस के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करने की योजना है।

# तालिबान की तर्ज पर जमाते इस्लामी से भी बनाएं रिश्ते

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के बुद्धिजीवी वर्ग ने एक रिपोर्ट के विमोचन अवसर पर कही बात

भारत के बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना के कार्यकाल में पनप रही इस्लामिक कट्टरपंथी जमात के साथ भी उसी तरह से संपर्क बनाया होता जैसे अफगानिस्तान में तालिबान के साथ तो वहां तख्तापलट के बाद इतना कटु भारत विरोधी वातावरण नहीं बनता।

सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज़्म एंड ह्यूमन राइट्स (सीडीपीएचआर) द्वारा तैयार बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे जघन्य अत्याचारों को रेखांकित करती हुई एक रिपोर्ट के विमोचन अवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वपन दासगुप्ता (पूर्व सांसद एवं विशिष्ठ पत्रकार) तथा विशिष्ट अतिथियों दीप हलधर (बीइंग हिंदू इन बंगलादेश के लेखक और पत्रकार) और अभिजीत मजूमदार (प्रख्यात पत्रकार एवं लेखक) ने मौजूदा हालात की विवेचना करते हुए यह भी माना कि भारत सरकार को बांग्लादेशी हिन्दुओं को अपना मानना चाहिये और उन्हें एक सशक्त समाज के रूप में संगठित होने में सक्रिय योगदान देना चाहिए। हिन्दू समाज को भी अपनी रक्षा के लिए सड़क की ताकत का साहस पूर्ण ढंग से इज़हार करना होगा।